CMYK

तापमान
अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स
82,445.21
25,103.20

सोना
98,600
चांदी
1,08,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 10 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 148 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका में 12 देशों के नागरिकों की एंट्री बैन**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**स्पेन के कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन चैंपियन बने**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# मोदी के 11 साल के राज में बदली देश की तस्वीर

## शाह , राजनाथ और नड्डा ने कहा: 'ऐसा ही हुआ'

**सुशासन से विभिन्न क्षेत्रों में आया बदलाव, प्रगति के साथ जीवन में सुगमता बढ़ी: मोदी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भागीदारी से सुशासन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है, जिससे तेजी से प्रगति हुई है और 'जीवन म



सुगमता' आई है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में राजग सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद श्री मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। श्री मोदी ने कहा है कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

### पिछले11 वर्ष का कार्यकाल रहा आर्थिक पुनरुत्थान व राष्ट्रीय सुरक्षा का नया युग



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केन्द्र में राजग सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। श्री शाह ने राजग सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं।

### अभूतपूर्व विकास व आर्थिक परिवर्तन व युगांतरकारी राजनीतिक दौर रहा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए इसे 'अभूतपूर्व विकास' व 'युगांतरकारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन' का युग बताया है। श्री सिंह ने रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण ने देश को दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा होने में सक्षम बनाया है। उन्होंने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत आज अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा करने के संकल्प पर पूरी तरह से सुसज्जित, आश्वस्त और अडिग है।

### बदली राजनीति की संस्कृति, लिए कई बड़े और कड़े फैसले



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को मोदी सरकार को 'पारदर्शी व भविष्यदर्शी' बताया और कहा कि पीएम ने भारत में राजनीति की संस्कृति में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। श्री नड्डा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां पार्टी मुख्यालय में विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने निराशा के वातावरण को दूर कर विकसित भारत की मजबूत आधार रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला था और वह नकारात्मक एजेंडा के साथ चल रही थी।

# कारगिल युद्ध के शहीदों को उनके घर जाकर सम्मानित करेगी सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में करीब डेढ़ महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और शुरुआती कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के परिजनों को इस सप्ताह उनके निवास पर ही सम्मानित किया जाएगा। सेना के अनुसार ये कार्यक्रम विजय दिवस यानी 26 जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे और इनमें देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले नायकों की अदम्य भावना, बलिदान और साहस का सम्मान किया जाएगा।

सेना ने इस सप्ताह एक विशेष संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है जिसमें कारगिल युद्ध के दौरान राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले युद्ध नायकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। अपनी तरह के इस पहले अभियान में सेना के प्रतिनिधि शहीदों के 545 निकटतम परिजनों से मिलेंगे और उनके निवास स्थान पर उनका सम्मान किया जाएगा। सेना कर्मियों की एक टीम सेना की ओर से आभार पत्र, एक स्मृति चिन्ह, विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार एजेंसियों द्वारा अधिकृत लाभों का विवरण लेकर 25 राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों तथा नेपाल का दौरा करेगी और युद्ध नायकों के परिवारों से बातचीत कर उनकी किसी भी समस्या के बारे में पूछताछ करेगी। सेना शहीदों के परिवारों की सहायता के साथ-साथ इस अवसर का इस्तेमाल निकटतम परिजनों की शिकायतों को दूर करने के लिए भी करेगी। सेना विरासत को



**26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में डेढ़ महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी सेना**

संरक्षित करने के लिए यादगार चीजें भी एकत्र करेगी और इन्हें कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास में सम्मानजनक स्थान देगी। ये कार्यक्रम 26 जुलाई को करगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ समाप्त होंगे, जो देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के सम्मान और आदर का प्रतीक है। डेढ़ महीने से भी अधिक समय तक चलने वाला यह स्मरणोत्सव न केवल अतीत का सम्मान करेगा, बल्कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों को सेवा तथा बलिदान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। देश में हर वर्ष 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस मनाया जाता है जो राष्ट्र के दिल में गौरव व गंभीर यादों के साथ अंकित है।

### सऊदी ने भारतीय यात्रियों पर नहीं लगाया कोई प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

### यूपी समेत छह राज्यों में और चढ़ेगा पारा श्रीगंगानगर देश में सबसे ज्यादा गर्म

**नई दिल्ली।** देश का उत्तर पश्चिमी इलाका इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने सोमवार को राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य का श्रीगंगानगर रविवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक 11 जून तक बीकानेर संभाग में पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान बढ़ सकता है। मानसून की बात करें, तो यह अभी भी बिहार-पश्चिम बंगाल की सीमा पर अटका है। 15 जून तक इसके मध्य प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि जब से बारिश का रिकॉर्ड रखा जा रहा है (साल 1901) तब से अब तक सबसे ज्यादा बारिश इस साल मई में हुई है। इस साल देश में औसतन 126.7 एमएम बारिश हुई।

### गोवा के स्वास्थ्य मंत्री ने डाक्टर से माफी मांगी, निलंबन वापस लिया

**पणजी।** गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में एक डाक्टर से बदसलूकी करने के मामले में सोमवार को माफी मांग ली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मैंने हीट ऑफ द मूमेंट में जिस तरह से स्थिति को हैंडल किया, उसका मुझे बहुत दुख है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री राणे ने 7 जून को जीएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डा. रुद्रेश कुट्टीकर पर मरीजों के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया और सबके सामने फटकार लगाई। उन्होंने डाक्टर को सस्पेंड करने का आदेश भी दे दिया था। हालांकि, गोवा सरकार ने सस्पेंशन वापस ले लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें स्वास्थ्य मंत्री राणे ने डाक्टर की तरफ उंगली दिखाते हुए कहा था कि आप अपनी जुबान पर काबू रखना सीखिए, आप डाक्टर हैं। मैं आमतौर पर अपना आपा नहीं खोता, लेकिन आपको मरीजों से ठीक से व्यवहार करना होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने मप्र के दो पत्रकारों को दी गिरफ्तारी से राहत


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश में एक पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में कथित तौर पर मारपीट और जान के खतरे की आशंका के खिलाफ दायर दो पत्रकार शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान की याचिकाओं पर गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देते हुए उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की सोमवार को अनुमति दी।

पीठ ने याचिकाकर्ता दोनों पत्रकारों -शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान को गिरफ्तारी से तो राहत दी, लेकिन किसी अन्य प्रकार की राहत के लिए उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया और उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने कहा कि हम याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। हालांकि, आरोपों को देखते हुए हम याचिकाकर्ताओं को आज से (नौ जून 2025) दो सप्ताह के भीतर संबंधित उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देते हैं। इस बीच जब तक याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय नहीं जाते तब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं ने अधीक्षक असित यादव सहित भिंड पुलिस पर हिरासत में हिंसा, जाति-आधारित दुर्व्यवहार और जान को लगातार खतरा होने का आरोप लगाया है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने दो जून को उन पत्रकारों की याचिका पर नौ जून को सुनवाई करने की सहमति व्यक्त की थी।

### मद्रास के राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली पर अंतरिम आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें मदुरै-तूतीकोरिन राष्ट्रीय राजमार्ग के पुनर्निर्माण नहीं होने तक वहां टोल शुल्क वसूली पर रोक लगाई गई थी। शीर्ष अदालत के इस अंतरिम आदेश के बाद एनएचएआई मद्रास के मदुरै- तूतीकोरिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली करने के लिए स्वतंत्र हैं।



### शिक्षा मद का 2291. 30 करोड़ रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना की 2291.30 करोड़ रुपये की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसमें कोई जल्दबाजी नहीं।

### केरल में सिंगापुर के कार्गो शिप में आग लगी, पांच घायल

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में सिंगापुर के कार्गो शिप एमवीडब्ल्यूएएनएचएआई 503 में सोमवार सुबह आग लग गई। कार्गो श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट से 7 जून को रवाना हुआ था। इसे 10 जून को नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा पोर्ट) पहुंचना था। इंडियन कोस्ट गार्ड के मुताबिक घटना के दौरान कार्गो पर 18 क्रू मेंबर्स सवार थे। इनमें से 4 मेंबर्स लापता बताए जा रहे हैं, 5 घायल हैं। न्यू मंगलौर के पास इंडियन कोस्ट गार्ड के शिप- राजदूत, अर्नवेश, सचेत, समुद्र प्रहरी, राजदूत और सी-144 रेस्क्यू में जुटे हैं। इंडियन नेवी का आईएनएस सूरत भी ऑपरेशन में शामिल है।

# तहव्वुर को परिवार से बात करने की मिली छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तिहाड़ जेल अधिकारी की मौजूदगी में सिर्फ एक बार फोन करेगा, मुंबई हमले का मास्टरमाइंड**



**नई दिल्ली।** मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की याचिका पर सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। राणा को अपने परिवार से बात करने की परमिशन मिल गई है।

मामले की सुनवाई स्पेशल एनआईए जज चंद्र जीत सिंह ने की। राणा फिलहाल अपने परिवार को केवल एक बार फोन कर सकेगा। यह कॉल जेल के नियमों के अनुसार और तिहाड़ जेल के अधिकारी की निगरानी में की जाएगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से रिपोर्ट भी मांगी है, जिसमें पूछा गया है कि क्या राणा को भविष्य में नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे पहले 24 अप्रैल को कोर्ट ने राणा की याचिका खारिज कर दी थी। राणा के वकील पीयूष सचदेवा ने कहा था कि एक विदेशी नागरिक के तौर पर उसे परिवार से बात करने का अधिकार है और उसके इलाज को लेकर परिवार चिंतित है, लेकिन एनआईए ने जांच का हवाला देकर इसका विरोध किया था, जिसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। आरोपी राणा 9 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में है। 28 अप्रैल को पिछली सुनवाई में उसकी कस्टडी 12 दिन के लिए बढ़ा दी गई थी। दरअसल, एनआईए ने 10 अप्रैल को तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया था। उसका प्रत्यर्पण 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ था। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर हिंसा: नेशनल हाईवे बंद, दवाएं तक नहीं मिल रहीं

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा के बाद हाईवे ब्लॉकेज और ट्रांसपोर्ट रूट्स प्रभावित होने से आम लोगों को महंगाई का सामना कर पड़ रहा है। खास तौर पर चुराचांदपुर और राजधानी इंफाल में खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है। जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं, इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2 और 37 पर निर्भर है, जो असम और नागालैंड को मणिपुर से जोड़ते हैं। अब ये रास्ते बंद हैं।

### लोकल ट्रेन से गिरने पर पांच लोगों की मौत, सात घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर कसारा से आने वाली एक भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से सोमवार को पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने यह जानकारी दी। श्री शिंदे ने कहा कि यह दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई और हमें सवा नौ बजे सूचना मिली और हम मौके पर पहुंचे, तो पाया कि करीब सात लोग घायल हैं और कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों और मृतकों को तुरंत नजदीकी छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा ले जाया गया, जिनमें से चार घायल खुद जुपिटर अस्पताल चले गए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि घटना के दौरान 10 से 12 यात्री ट्रेन से गिरे थे। अधिकारियों ने दुर्घटना का मुख्य कारण अत्यधिक भीड़ बताया है, कथित तौर पर उस समय कई यात्री ट्रेन के दरवाजों पर लटके हुए थे।

### सुकमा विस्फोट में एएसपी शहीद

**सुकमा।** जिले में सोमवार सुबह नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर पुलिस अधिकारी की गाड़ी को उड़ा दिया है, जिसमें एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे शहीद हो गए। वहीं एसडीओपी व टीआई समेत दो लोग घायल हो गए।कोंटा- गोलापल्ली मार्ग पर नए कैंप की स्थापना कर पुलिस अधिकारी लौट रहे थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एएसपी गिरपुन्जे गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें कोंटा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अतिरिक्त एसपी आकाश क्षेत्र में पैदल गश्त ड्यूटी पर थे। ताकि भाकपा-माओवादी की ओर से 10 जून को भारत बंद के आह्वान के मद्देनज़र किसी भी प्रकार की नक्सली घटना को रोका जा सके। आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने बताया कि कोंटा- एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### कोरोना मामलों की संख्या 6491 तक पहुंची

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या सोमवार सुबह तक 6491 पहुंच गई और राहत की बात यह है कि इसके संक्रमण से पिछले 24 घंटों के दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार सुबह आठ बजे तक 358 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 6,491 हो गई। राहत की बात यह है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से संबंधित किसी अन्य मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों की संख्या 65 पर स्थिर है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के दस राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। कोरोना संक्रमण के मामले में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है, जहां सोमवार सुबह सक्रिय मामलों की संख्या 1957 तक पहुंच गई और दिल्ली में लगभग 42 नए मामले सामने आए, जिससे कुल मामलों की संख्या 728 हो गई।

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20

# अंतरिक्ष में नई इबारत लिखने को तैयार शुभांशु शुक्ला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**खराब मौसम के कारण 11 जून तक टला एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण, आईएसएस जाने से पूर्व की फाइनल रिहर्सल, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बनेंगे शुभांशु**

**नई दिल्ली।** खराब मौसम के कारण आईएसएस जाने वाले अंतरिक्ष यान- एक्जियोम-4 का प्रक्षेपण 11 जून तक स्थगित कर दिया गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी है। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने सोमवार शाम जारी बयान में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले यान- एग्जियोम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 के बदले 11 जून 2025 तक स्थगित कर दिया गया है। प्रक्षेपण का अगला संभावित समय समय 11 जून, 2025 शाम 5.30 बजे भारतीय समय है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत भारत जल्द ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला है। भारत के शुभांशु शुक्ल अब अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनने वाले हैं। इतना ही नहीं, वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचने वाले पहले भारतीय होंगे। इस मिशन को अमेरिका के अंतरिक्ष अभियानों से जुड़ी कंपनी एग्जियोम स्पेस और नासा के सहयोग से अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही एलन मस्क की स्पेसएक्स इस मिशन में अहम भूमिका निभाएगी। इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत (आज) 10 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाना था, उनके अंतरिक्ष रवाना होने से उनके घर को उनकी जीवन यात्रा से जुड़े पोस्टर लगाकर सजाया गया है। साथ ही इसमें उनको इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी गई है। इनमें वह अलग-अलग कार्यक्रमों में दिख रहे हैं। इससे पहले रविवार को शुभांशु ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की। इसमें असेंबली बिल्डिंग से रॉकेट तक जाने और उसमें बैठने के प्रोसेस को फॉलो किया। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। मिशन में जा रहे चार एस्ट्रोनॉट ने नासा में 8 महीने की ट्रेनिंग पूरी की। 12 अप्रैल को क्रू ने केक काटकर जश्न -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### दोनों डिप्टी सीएम लोगों को आपस में लड़ा रहे: सपा

**कौशांबी।** जिले में रामबाबू आत्महत्या प्रकरण को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि भाजपा की राजनीति में इन दिनों अंदरूनी खींचतान का भयानक दृश्य देखने को मिल रहा है, जो कौशांबी में दो भाजपाई उपमुख्यमंत्रियों के बीच चल रही नोकझोंक से स्पष्ट होता है। उन्होंने आगे लिखा कि समाज में फैल रही असमंजस और अविश्वास की स्थिति को देखना अत्यंत चिंताजनक है। पहले एक उपमुख्यमंत्री ने पाल समाज के लोगों को मोहरा बनाकर अपनी स्वार्थी राजनीतिक खेल खेला, जबकि दूसरे ने अपने समाज को सहानुभूति दिखाकर झूठी रणनीति अपनाई। इसके पीछे दोनों के ऊपरवाले और उनके राजनीतिक गुलामों के बीच की टकराहट भी एक महत्वपूर्ण कारण बन रही है। सपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि इस सब के बीच यह समझना आवश्यक है कि भाजपा की अंदरूनी राजनीति केवल सत्ता की होड़ नहीं, बल्कि जनता को बांटने और विभाजित करने का एक प्रयास है।

### पंजाब के गांवों में धर्म परिवर्तन चिंता का विषय: समिति

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने कहा है कि पंजाब के 12 हजार गांवों में से आठ हजार गांवों में ईसाई धर्म के प्रचारक गरीब और कमजोर सिखों का तरह-तरह के लालच और लोभ देकर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं जो चिंता का विषय है। समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब के गांवों में ईसाई धर्म के प्रचारक पहुंच चुके हैं, जो गरीब और कमजोर सिखों को तरह-तरह के लालच और लोभ देकर ईसाई धर्म में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पंजाब में ईसाई धर्म का प्रचार बड़े स्तर पर पहुंच चुका है, लेकिन एसजीपीसी समिति सिख धर्म के प्रचार-प्रसार की अपनी जिम्मेदारी निभाने में असपफल रही है। पंजाब में सीमित संसाधनों के बावजूद, दिल्ली गुरुद्वारा समिति ने हाल के समय में 2500 से अधिक सिखों की अमृत संचार के जरिये सिख धर्म में वापसी करवाई है।

### यूपी के तीन जिलों में लू का अलर्ट

**लखनऊ।** देश में मानसून के पिछले महीने समय से पहले आ जाने जाने से दिल्ली समेत कई राज्यों में मूसलाधार बरसात देखने को मिली, लेकिन अब बरसात का दौर थमने के बाद एक बार फिर दिल्ली और उत्तर भारत के कई राज्यों में गर्मी लोगों को झुलसा रही है। देश की राजधानी में सूरज आसमान से आग बरसा रहा है। आज दिल्ली में मौसम साफ रहने वाला है। अगले 4 दिन तक दिल्ली को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है, हालांकि इसके बाद 13 जून को बारिश के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में चुभती-जलती गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने आज से 11 जून के बीच प्रदेश के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं लू चलने का अनुमान जताया है। आगरा, ब्रज और बुंदेलखंड क्षेत्र में धूल भरी हवाओं के साथ लू चल सकती है। प्रदेश में 11 जून से बारिश होने की संभावना है। इससे पहले राज्य में गर्मी और लू देखने को मिल सकती है।

## विफलताओं की मिसाल साबित हुए हैं मोदी शासन के 11 साल : खड़गे

# वादे करके छीन ली गई करोड़ों की नौकरियां

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ समाज में नफरत, धमकी और डर फैलाने की हो रही कोशिश, लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था व सामाजिक ताने-बाने को पहुंचाया गहरा आघात

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के 11 साल के शासन काल को विफल, संवैधानिक ढांचे को नुकसान पहुंचाने, हकीकत की जगह सिर्फ जुमलेबाजी करने और सामाजिक ताने बाने को आघात पहुंचाने वाला करार देते हुए सोमवार को कहा कि इस दौरान राज्यों की अनदेखी हुई तथा संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है।

खड़गे ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर, उनकी स्वायत्तता पर कड़ा प्रहार किया है। चाहे वो जनमत चुराकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या एक-दलीय तानाशाही शासन जबरन लागू करना हो। इस दौरान, राज्यों के हकों की अनदेखी हुई है और संघीय ढांचे को कमज़ोर किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज में नफ़रत, धमकी और डर का वातावरण फैलाने की कोशिश जारी है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक तथा कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। इनके आरक्षण और बराबरी के अधिकार से वंचित रखने की साजिश जारी है। मणिपुर की ना थमने वाली हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है। भाजपा-आरएसएस ने देश के जीडीपी विकास दर को 5-6 प्रतिशत की आदत डाल दी, जो यूपीए सरकार के दौरान औसतन आठ प्रतिशत हुआ करता था। सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा पूरा करने के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीनी गई गई। महंगाई से जनता की बचत 50 साल में सबसे कम हो गई है और आर्थिक असमानता 100 साल में सबसे अधिक कर दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार की हर नीति को विफल करार देते हुए कहा कि नोटबंदी, गलत जीएसटी, अनियोजित लॉक-डाउन और असंगठित क्षेत्र पर हथौड़ा चलाकर करोड़ों का भविष्य बर्बाद किया। मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, नमामी गंगे, 100 स्मार्ट शहर, सब फेल हुए। रेलवे का बंटाधार किया। केवल कांग्रेस-यूपीए के बनाए गए ढांचे के फीते काटे। उन्होंने मोदी सरकार पर तानाशही का अरोप लगाया और कहा,ह्पिछले 11 वर्ष, मोदी सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही रगड़ने में गंवाए हैं।

### हमारी चुनौती का जवाब मोदी हैं, नड्डा नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि एक दिन पहले पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने कार्यकाल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सवालों का जवाब देने की चुनौती दी थी, लेकिन सोमवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को 11 साल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा पेश करने को प्रेस के सामने लाया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि जब चुनौती मोदी के लिए थी, तो नड्डा को प्रेस के सवालों का जवाब देने और 11 साल की उपलब्धियां गिनाने क्यों भेजा जा रहा है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि क्या सवाल करने वाले अनुकूल चेहरे अब तक नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि कल हमने प्रधानमंत्री को उनकी सत्ता में 11 साल पूरे होने के मौके पर पहली बार एक अनस्क्रिप्टेड और बिना पूर्व-निर्धारित सवाल-जवाब वाला प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की खुली चुनौती दी थी, लेकिन भाजपा अध्यक्ष नड्डा आज सामने आएंगे, जिन्हें दोपहर 12 बजे प्रेस से बात करने के लिए भेजा गया।

### दस मुद्दों पर केंद्र को घेरेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर कांग्रेस केंद्र से लेकर राज्य और जिलास्तर तक पोल-खोल अभियान चलाने की तैयारी में है। कांग्रेस के रिसर्च विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी कि वो तथ्यों और आंकड़े जुटाए, जिससे राज्यवार मोदी सरकार के 11 साल की पोल खोल की जा सके। इसमें मुख्य रूप से इन मुद्दों का ख्याल रखा गया है।

कांग्रेस आर्थिक मोर्चे पर नाकामी, विदेश नीति भटकी हुई, 11 साल में वो वादे जो जुमले साबित हुए, सामाजिक ताने बाने को चोट, संवैधानिक संस्थाओं और एजेंसी का बेजा इस्तेमाल, चुनावी प्रक्रिया में धांधली, क्रोनी कैपेटलिज़्म को बढ़ावा, आतंकी हमलों पर जवाबदेही नहीं, सेना के शौर्य पर सियासी लाभ लेने की लगातार कोशिश और पीएम ने 11 सालों में एक भी पीसी क्यों नहीं की, जवाबदेही का सवाल मुद्दों पर बीजेपी को घेरेगी। रिसर्च विभाग ने इसके इर्द गिर्द तैयारी पूरी कर ली है। अब राज्य और केंद्र के नेताओं ने उसी आधार पर मीडिया, सोशल मीडिया, पीसी, पोस्टर और रैलियों में इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत चुनावी राज्य बिहार में कांग्रेस ने की है, जुमलों की लिस्ट के जरिए। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता राजीव गौड़ा ने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था पर पीठ थपथपा रही है, लेकिन जॉबलेस ग्रोथ हो रही है। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता महिमा सिंह ने कहा कि सरकार जो आंकड़े जारी कर रही है, उसमें तथ्यों और आंकड़ों की बाजीगरी है। उसने किसान लाभार्थियों को 3.7 लाख करोड़ रुपए वितरित किए, जबकि हकीकत यह है कि अप्रैल 2022 से नवंबर 2023 के बीच करीब सवा 2 करोड़ लाभार्थी लिस्ट से ही हटा दिए गए।

# हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव डेटा कब शेयर करेगा ईसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ तारीख बताए चुनाव आयोग, दो दिन पहले कहा था कि विस 24 के चुनाव में मैच फिक्सिंग हुई थी: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को हरियाणा और महाराष्ट्र में 2009 से 2024 के दौरान हुए चुनावों का डेटा शेयर करने के चुनाव आयोग के फैसले की सराहना की।

राहुल ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग डिजिटल फार्मेट में डेटा सौंपने की तारीख बता सकता है। राहुल ने यह सवाल एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पूछा। उन्होंने 7 जून को पब्लिश एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशाट भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने 2025 की शुरुआत में दिल्ली हाईकोर्ट को 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के वोटर्स लिस्ट का डेटा शेयर करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। राहुल ने शनिवार को देश के दो दैनिक अखबारों में अपने लेख के जरिए 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि वह तभी जवाब देगा जब राहुल उन्हें डायरेक्ट लेटर लिखेंगे। राहुल ने कहा था- महाराष्ट्र की तरह बिहार में मैच फिक्सिंग होगी राहुल गांधी ने अखबारों में अपने लेख में कहा था कि- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में श्मैच फिक्सिंगश की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। राहुल ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। हालांकि, चुनाव आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। राहुल ने शनिवार रात एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आप (ईसी) बिना साइन और टालमटोल वाले नोट जारी करके गंभीर सवालों के जवाब देने का तरीका सही नहीं है।

# फरार सोनम ने यूपी में किया आत्मसमर्पण

**शिलांग, वार्ता**

### पति की हत्या के लिए भाड़े के गुंडे लिए थे: मेघालय पुलिस

राजा रघुवंशी की हत्या की पत्नी सोनम रघुवंशी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उसने कथित तौर पर अपने पति की हत्या के लिए मेघालय में भाड़े के गुंडों को रखा था।

यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को दी। मेघालय पुलिस ने इस मामले में सोनम द्वारा अपने लोगों की हत्या के लिए कथित तौर पर भाड़े के गुंडों में से तीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मेघालय पुलिस के एक अधिकारी ने को बताया कि सोनम ने रविवार रात उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज पुलिस स्टेशन में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। राजा की निर्मम हत्या से संबंधित परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल ने हत्या के तीन अन्य संदिग्धों - मध्य प्रदेश के इंदौर से दो और उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले से एक को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीनों आरो. पियों को राजा की हत्या के लिए कथित तौर पर सोनम ने किराए पर लिया था। उन्होंने बताया कि एक और आरोपी को पकड़ने के लिए तलाश जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया, ह्चारों आरोपियों को इस निर्मम हत्या की आगे की जांच के लिए राज्य में ट्रांजिट रिमांड के लिए अदालतों में पेश किया जाएगा। मामले के बारे में और जानकारी के लिए सभी आरो. पियों से पूछताछ की जा रही है। हत्या का मामला दर्ज किया जा रहा है और विशेष जांच दल जांच कर रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर के इस जोड़े ने 11 मई को शादी की थी और 21 मई को हनीमून पर मेघालय की राजधानी शिलांग पहुंचे। नवविवाहित जोड़ा 22 मई को अपने हनीमून के हिस्से के रूप में मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में सोहरा तक अपने किराए के दोपहिया वाहन पर सवार होकर गया, जो पृथ्वी पर सबसे अधिक बारिश वाला स्थान है। यह जोड़ा 22 मई को प्रसिद्ध लिविंग डबल डेकर रूट ब्रिज के घर - नोंग्रियाट गांव में शिपारा होमस्टे में चेक इन किया था। राजा और सोनम सुबह-सुबह अपने होमस्टे से चेक आउट कर गए। टूर गाइड अल्बर्ट पीडी ने कहा कि उन्होंने इस जोड़े को ट्रेक के बीच में देखा था, नोंग्रियाट से लौटते हुए, उनके साथ तीन अन्य पुरुष पर्यटक भी थे। पीडी ने कहा, ह्राजा तीनों पुरुषों के साथ चल रहा था, जबकि सोनम उनके पीछे धीरे-धीरे चल रही थी। दंपत्ति के लापता होने का मामला तब प्रकाश में आया जब 24 मई को शिलांग और सोहरा रोड के बीच सो. हरारिम गांव में एक दोपहिया वाहन लावारिस हालत में मिला, जिसे उन्होंने किराए पर लिया था।

### जनता को भ्रमित कर रहे हैं तेजस्वी यादव: राजीव रंजन

**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड ने बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि लालू प्रसाद यादव के शासनकाल के दौरान आरक्षण के लिए कोई प्रावधान नहीं किए गए।

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि नीतीश सरकार द्वारा कराए गए जाति सर्वेक्षण पर सवाल उठाकर श्री तेजस्वी यादव जनता को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री लालू प्रसाद यादव के शासनकाल के दौरान पिछड़ों, वंचिंतों और महिलाओं को उनके अधिकार देने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। वर्ष 1990 से वर्ष 2005 तक राजद की सरकार थी और इस दौरान पंचायतीराज या अन्य संस्थानों तथा नौकरियों में महिलाओं, वंचिंतों और पिछड़ों वर्ग के लिए आरक्षण के प्रावधान नहीं किए गए।

# जनता के सामने पेश करें लेखा-जोखा: सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर सपा सुप्रीमो ने सरकार को घेरा

लखनऊ। केंद्र में मोदी सरकार के सोमवार 9 जून को 11 साल पूरे होने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला बोला है। सपा मुखिया ने कहा कि एक हिंदी कहावत है एक पे एक ग्यारह और दूसरी है नौ दो ग्यारह, लेकिन मेरा सवाल सिर्फ 11 साल का नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार के 11 साल और उत्तर प्रदेश सरकार के 9 साल मिलाकर कुल 20 साल होते हैं। इन 20 वर्षों का हिसाब जनता को देना होगा। सरकार को तमाम क्षेत्रों में अपने कामकाज का लेखा-जोखा पेश करना चाहिए।

सरकार के 11 साल पूरे होने पर अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर सवालों की बौछार की। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हम कितने पिछड़ गए? रोजगार देने में सरकार कितनी सफल रही? जिन निवेशों की बात की गई थी, उनमें से कितना निवेश असल में आया? अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग इसलिए ज्यादा आकलन करेंगे, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री इसी राज्य से आते हैं। दिल्ली और लखनऊ के बीच तालमेल नहीं दिखाई देता। अखिलेश ने आगे कहा कि दिल्ली और लखनऊ के बीच कोई तालमेल है, ऐसा नहीं लगता। यह मैं नहीं कह रहा, बल्कि यह इनकी योजनाओं में साफ दिखता है। उन्होंने सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो गांव गोद लिए गए, अगर उनकी तस्वीर नहीं बदली, तो प्रश्न चिह्न लगता है और यह प्रश्न चिह्न उत्तर प्रदेश सरकार पर लगता है। अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर आंतरिक खींचतान का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां जितने लोग बीजेपी में बैठे हैं, वे एक-दूसरे के सिर से टकरा रहे हैं। कोई ऐसा विभाग नहीं है, जहां खींचतान न चल रही हो। गांवों में अब भी गंदगी भरी हुई है। सपा प्रमुख ने किसानों की समस्याओं पर सरकार को घेरते हुए सवाल उठाया कि फसलों का कोई एरियल सर्वे करता है क्या? आपको खुद जाकर किसानों का सामना करना चाहिए, जो आप करना नहीं चाहते। उत्तर प्रदेश में आज भी बड़े पैमाने पर लोग बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहे हैं। कार्यवाहक डीजीपी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जब स्थायी सरकार बनेगी, तभी प्रदेश को स्थायी डीजीपी मिलेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब 2027 के बाद ही उत्तर प्रदेश को स्थायी डीजीपी मिल पाएगा।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में रही तेजी

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और चीन के बीच लंदन में होने वाली व्यापार वार्ता से वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 256.22 अंक की छलांग लगाकर 82,445.21 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ह्वएनएसईह्न कि निफ्टी 100.15 अंक उछलकर 25103.20 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,570.16 अंक और स्मॉलकैप 1.19 प्रतिशत मजबूत रहकर 54,074.88 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2798 में लिवाली जबकि 1409 में बिकवाली हुई वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3055 कंपनियों के शेयरों में से 2066 में तेजी जबकि 904 में गिरावट रही वहीं 85 में टिकाव रहा। बीएसई में रियल्टी की 0.11 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 386 अंक की तेजी के साथ 82,574.55 अंक पर खुला और लिवाली दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,669.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 82,369.24 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,188.99 अंक के मुकाबले 0.31 प्रतिशत उछलकर 82,445.21 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 157 अंक चढ़कर 25,160.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,160.10 अंक के उच्चतम जबकि 25,077.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,003.05 अंक की तुलना में 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 25,103.20 अंक पर बंद हुआ।

### एसबीआई ने दिया 8076 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश दिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंक अध्यक्ष सीएस सेट्टी ने सोमवार को यहां इस राशि का चेक सौंपा। बैंक ने मई 2025 में एक नियामक फाइलिग में बताया था कि उसने वित्त वर्ष 2025 के लिए 15-90 रुपये या 1590 प्रतिशत का अंतिम लाभांश को मंजूरी दी है। यह बीते 12 सालों के दौरान बैंक की ओर से सबसे बड़ा लाभांश भुगतान है। इससे पहले साल 2013 में बैंक ने 41-5 रुपये या 4500 प्रतिशत का लाभांश दिया था।

# अधिकांश खाद्य तेल सस्ते, जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल 953 रुपये प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 14 रिंगिट बढ़कर 3925 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-02 सेंट की गिरावट के साथ 47-49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। मूंगफली तेल 110 रुपये, सोया रिफाइंड 219 रुपये, पाम ऑयल 521 रुपये और वनस्पति तेल के भाव 953 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गए। वहीं, सरसों तेल और सूरजमुखी तेल में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : ह्वभाव प्रति क्विंटलह्न गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

मोदी के ....

कि भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन इसके साथ ही, हम आशा व विश्वास के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि पिछले 11 वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिला है। श्री मोदी ने सरकार की उपलब्धियों को संवाद-शैली के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली नमो एप के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में जानकारी जुटाने के लिए देशवासियों को प्रोत्साहित भी किया है।

इस ऐप के जरिये इंटरैक्टिव गेम, क्विज़, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूपों के माध्यम से प्रेरणादाई जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री ने लोगों को नमो एप और आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और लेखों जैसे विभिन्न आकर्षक प्रारूपों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा के बारे में जानकारी लेने के लिए भी आमंत्रित किया। श्री मोदी ने अपने पोस्ट में कहा कि सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान! 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी के बल पर भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर, एनडीए सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं।

**अंतरिक्ष में...**

मनाया। शुभांशु शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। इनकी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई अलीगंज, लखनऊ के सिटी मान्टेसरी स्कूल से पूरी हुई। 12वीं के बाद उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का एंट्रेंस एग्जाम क्लियर किया और यहीं से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। एनडीए भारत में सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) के लिए ऑफिसर कैडेट्स को प्रशिक्षण देने वाली एक प्रमुख संस्था है।

ये ट्रेनिंग के साथ-साथ एकेडमिक डिग्री भी देती है, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से एफिलिएटेड होती है। शुभांशु को 17 जून, 2006 को भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया। वे एक अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हाक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे लड़ाकू विमानों को उड़ाया है।

# उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में सभी भूलेख होंगे ऑनलाइन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

### नक्शा कार्यक्रम से मिलेगी सटीक जानकारी, जमीन के लिए नहीं होंगे झगड़े

**लखनऊ।** यूपी के 10 जिलों में नक्शा कार्यक्रम के तहत शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इनमें टांडा, नवाबगंज, गोरखपुर, झांसी आदि शहर शामिल हैं, इससे शहरी नियोजन के साथ संपत्ति कर निर्धारण और विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। साल 2031 तक प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। ऐसे में सटीक भूमि रिकॉर्ड का होना बेहद जरूरी है।

यूपी राजस्व निदेशालय में सोमवार को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने यूपी में डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम और शहरी क्षेत्रों के लिए 'नक्शा' कार्यक्रम' के बारे में बताया। परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने भी डिजिटल भूमि प्रबंधन, नवाचारों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया।

सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करना है। राजस्व विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है। अब रियल-टाइम खतौनी, नक्शा और खसरा ऑनलाइन उपलब्ध हैं। गांवों के नक्शों को डिजिटल और जियो-रेफरेंस्ड किया गया है। प्रत्येक भूखंड को यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूएलपीआईएन) दिया गया है। इसमें भूखंड का आकार, स्वामित्व और भौगोलिक निर्देशांक शामिल हैं। इससे संपत्ति लेन-देन, कर निर्धारण और आपदा प्रबंधन में आसानी होगी। स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वेक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय अधिकार रिकॉर्ड तैयार किए गए हैं। नक्शा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 10 शहरी निकायों में शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इनमें अंबेडकर नगर का टांडा, बाराबंकी का नवाबगंज, बुलंदशहर का अनूपशहर, चित्रकूट, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, मिर्जापुर का चुनार, पीलीभीत का पूरनपुर, शाहजहांपुर का तिलहर शामिल हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सांड के हमले में किसान की मौत

## आंगन में सो रहा था मृतक अनूप सिंह

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार रात चितौड़ा गांव में सांड के हमले में एक 53 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान अपने घर के बाहर चौक में सो रहा था तभी आवारा सांड ने सोते हुय किसान पर हमला कर दिया जिसमें किसान की दर्दनाक मौत हो गई। किसान की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी 53 वर्षीय अनूप सिंह पुत्र दल सिंह अपने घर के बाहर आंगन में सो रहा था। देर रात एक आवारा सांड ने किसान पर अचानक हमला कर दिया। सांड के सींग सीधे उनकी छाती में जा धंसे, जिससे सींग आर पार होने से किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना के बाद किसान की चीखपुकार सुन मौके पर सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए जिसके बाद ग्रामीणों ने सांड को वहाँ से भगाने के बाद किसान को चिकित्सक के पास भर्ती कराया जहाँ चिकित्सक ने किसान की मृत घोषित कर दिया। वही बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व ही अनूप सिंह के बेटे की सडक हादसे में मौत हो चुकी है।

अब किसान की असामयिक मौत से परिवार पर एक और दुखों का पहाड टूट पडा है। गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने इस घटना को देखते हुय स्थानीय प्रशासन से जंगलों और मार्गो पर घूम रहे आवारा पशुओं सांड को पकड़ कर सरकारी गोशालाओं में भेजने की मांग की।

## बुलेट-बाइक की टक्कर में महिला मरी

**शाहपुर।** थाना क्षेत्र के गांव दूल्हेरा निवासी पति पत्नी सड़क दुर्घटना के शिकार, दुर्घटना में बाइक सवार महिला की गंभीर हालत के चलते मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार किया। गांव दुल्हैरा निवासी बबलू सैफी अपनी पत्नी 40 वर्षीय समीना के साथ बाइक पर सवार होकर शाहपुर किसी काम से आ रहा था। जैसे ही वह गांव दूल्हेरा की पुलिया पर पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। जिससे समीना उछलकर दुर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस तथा एम्बुलेंस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान समीना की मौत हो गई, पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराने की बात कही तो परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए मना कर दिया तथा शव को लेकर बिना किसी कार्रवाई के गांव लौट गए। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस तरह की क्षेत्र में कई घटनाएं हो चुकी है।

# चेयरपर्सन आवास के पास सड़क खोदने पर हंगामा

■ **आईजीएल पर बिना अनुमति गड्ढे करने के आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरनगर। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आवास के सामने ही सड़क पर आईजीएल पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गडढ़े को लेकर यहां हंगामा हो गया सभासदों ने हाल ही में बनाई गई सड़क को खोद दिये जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कर्मचारी को वहां से भगा दिया और गडढ़ों को बंद कराया। इसकी जानकारी चेयरपर्सन को दी गई तो उन्होंने बिना अनुमति के ही सड़क खोदने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए आईजीएल कंपनी को पत्र लिखा और जवाब तलब करने के साथ ही कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी।

दरअसल आईजीएल द्वारा शहरी क्षेत्र में गैस पाइपलाइन डाली गई है। इस पाइप लाइन को डालने के लिए नगरपालिका परिषद् से अनुमति लिया जाना अनिवार्य है। आईजीएल पर लगातार ही नियमों के खिलाफ सड़कों को खोदने के आरोप लगते रहे हैं। इसमें आईजीएल द्वारा सोमवार को पटेलनगर नई मंडी स्थित पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आवास के समक्ष ही सड़क को खोदकर गड्ढे करवा दिये। यहां पर पहुंचे सभासद देवेश कौशिक सहित कई सभासदों ने जब यह देखा तो मौके पर मजदूरों को हड़काया और ठेकेदार शिशिर भारद्वाज को भी मौके पर बुलवा लिया। उन्होंने सड़क खोदने की अनुमति दिखाने के लिए कहा तो ठेकेदार ने अनुमति होने से इंकार कर दिया, इसको लेकर उसको फटकार लगाते हुए तत्काल ही सभी गडढ़ों को बंद कराया और इस सम्बंध में चेयरपर्सन को भी अवगत कराया गया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि बिना अनुमति के ही उनके आवास के समक्ष आईजीएल पाइपलाइन डालने का प्रकरण सामने आया। इसमें निर्माण विभाग के जेई कपिल कुमार को नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने के लिए कहा गया है। साथ ही उनसे रिपोर्ट भी मांगी गई है। जहां भी कंपनी के द्वारा बिना अनुमति के सड़क निर्माण को क्षति पहुंचाई गई है। उसकी जानकारी मिलने के बाद इसके लिए कंपनी से क्षतिपूर्ति वसूलने और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## सीडीओ के ड्राईवर की हार्ट अटैक से मौत

**मुजफ्फरनगर।** आर्य समाज रोड स्थित प्लानिंग आफिसर कालोनी निवासी सीडीओ के ड्राइवर इन्द्रपाल की हार्टअटैक से मौत हो गई। अचानक हालत खराब होने पर उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उनकी मौत हो गई। सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद विकास भवन में उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्राथना भी की गई। इन्द्रपाल के परिवार में पत्नी, पांच लडकी और एक लडका है। इनमें से दो लडकियों की शादी हो चुकी है।



मुजफ्फरनगर: कम्पनी गार्डन का निरीक्षण करतीं चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप।

## इंसाफ को सीएम से मिलेंगे एथलीट प्रियंका के पिता

■ **बोले-न तो पुरस्कार राशि पूरी दी, न ही मिली वादे के अनुसार नौकरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रियंका पवार के पिता शिवकुमार पवार ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बेटी को उसके प्रदर्शन के अनुरूप और सरकार ने अपने वादे के अनुसार प्रोत्साहन नहीं दिया है। शिवकुमार पवार ने कहा कि सरकार ने 50 लाख रुपये और डिप्टी एसपी की नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन केवल 30 लाख रुपये और केंद्र सरकार में आयकर इंस्पेक्टर की नौकरी देकर उनके साथ भेदभाव किया गया है।

स्थानीय रेस्टोरेंट में पत्रकारों से रूबरू शिवकुमार पंवार भावुक हो उठे उन्होंने कहा कि उनकी बेटी ने विदेश में जाकर देश को मान दिलाया, सम्मान दिलाया, गोल्ड मेडल जीता लेकिन उसको उसके प्रदर्शन के अनुसार सम्मान सरकारों ने नही दिया है। नव निर्माण महासंघ के महासचिव एवं एथलीट प्रियंका पंवार के पिता शिवकुमार पंवार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि 2014 एशियन गेम साउथ कोरिया से 4 गुना 400 रिले रेस में गोल्ड मेडल जीतकर आई प्रियंका पंवार बराबर सरकार से आवेदन करती रही कि जो पूर्व सरकार ने वादे किये वो पूरे ही नहीं किये गये। इस दौरान उनके साथ रामपाल मांडी सहित समाज के लोग मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: पत्रकारों से रूबरू एथलीट प्रियंका पंवार के पिता व अन्य लोग।

# मुनाफे का लालच देकर व्यापारियों से करोड़ों की ठगी

■ **करीब 56 कारोबारी के साथ हुई घटना, कम्पनी पर गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मोटा मुनाफे का लालच देकर हरियाणा की एक कंपनी यहां के 56 कारोबारियों से करोडों की रुयये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर अब पीडितों से अभद्रता की जा रही है। कारोबारियों का कहना है कि ठगी की यह रकम सात सौ करोड से अधिक हो सकती है,क्योंकि कंपनी ने मुजफ्फरनगर ही नहीं, बल्कि वेस्ट यूपी के कई जिलों के कारोबारियों को लालच देकर ठगी की है।

शहर के कारोबारियों से करोडों की ठगी का मामला आया है। सोमवार को इसकी शिकायत एक दर्जन से अधिक कारोबारियों ने एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत से की है। नई मंडी के नाला पार निवासी मनमोहन गोयल और नितिन की अगुवाई कारोबारियों ने बताया कि हरियाणा के दीपक मलिक निवासी जिंद हरियाणा की चार कंपनी है। इनमें मलिक के अलावा राम किशोर सैनी निवासी लुहसाना, दीपक सैनी निवासी रोहतक, गोविंद और जय भगवान आदि जुड़े है। वर्ष 2024 में इन लोगों ने भोपा रोड स्थित एक होटल में कार्यक्रम किया था, जिसमें बताया था कि उनकी कंपनी में पूंजी निवेश करने पर हर माह 12 प्रतिशत का मुनाफा दिया जाएगा। शुरूआत में शहर के दो तीन कारोबारियों ने निवेश किया। और उन्हें हर माह निवेश की गई राशि पर 12 प्रतिशत के हिसाब से रकम मिलती रही। इसके बाद एक के बाद एक शहर के 56 से अधिक कारोबारियों ने रुपये निवेश कर दिए। कारोबारियों द्वारा निवेश की गई राशि 50 हजार से लेकर 13 लाख तक है। इनमें से अधिकांश कारोबारियों की रकम ज्यादा है, जबकि अभी काफी लोग सामने नहीं आये हैं पीड़ित कारोबारियों का कहना था कि ठगी की यह रकम सात सौ करोड़ हो सकती है, क्योंकि वेस्ट यूपी के कई जिलों के कारोबारियों ने लालच में आकर कंपनी में मोटा निवेश कर रखा है। मुनाफे की रकम रोकने पर जब कंपनी से जुडे लोगों से बात की तो उन्होंने जल्द रकम वापस करने के आश्वासन दिया। अब दबाव बनाने पर कंपनी के लोग बदसलूकी कर रहे हैं।

अधिकांश कारोबारियों ने कंपनी को आनलाइन रुपया ट्रांसफर किया है। एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, कारोबारियों की पूरी शिकायत सुनने के बाद मामले की जांच सीओ नई मंडी को सौंपी गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि इससे पहले भी बाहर की कम्पनी हो या फिर दोगुने करने का लालच देकर ठगी की ऐसी कई दर्जन वारदात हो चुकी है।

# चेयरपर्सन ने परखी कम्पनी गार्डन की व्यवस्था

## निरीक्षण में खामियां मिलने पर दिए अधीनस्थ अफसरों को दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अचानक सुबह सवेरे कंपनी बाग पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने वहां की व्यवस्थाओं को परखते हुए वहां तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति भी चौक की और मोर्निंग वॉक पर आये लोगों से मिलकर समस्या सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिये।

नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप सोमवार को सभासदों के साथ कम्पनी गार्डन पहुंची और वहां पर औचक निरीक्षण करते हुए सफाई, पार्कों और पौधों की देखेरख तथा प्रस्तावित कार्ययोजनाओं को लेकर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मालियों और सफाई कर्मियों की उपस्थिति को परखते हुए उनकी हाजिरी ली। सभी उपस्थित मिले। उन्होंने कम्पनी गार्डन में सफाई पर विशेष जोर देने के साथ ही इसके लिए वाटिका प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार के साथ ही मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार गोलियान और सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल के मध्य कार्य आवंटन भी किया। इस दौरान सभासद मनोज वर्मा, मोहित मलिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, सीएसआई योगेश कुमार, एसआई प्लाक्षा मैनवाल, वाटिका सुपरवाइजर दुष्यंत कुमार, लिपिक मनोज पाल आदि मौजूद रहे।

### नगरोदय योजना पर भी की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने यहां पर नगरोदय योजना और पालिका बोर्ड फण्ड से प्रस्तावित कार्यों की रूपरेखा को लेकर भी चर्चा की, साथ ही कम्पनी गार्डन की मुख्य चार दिवारी का निर्माण कार्य कराये जाने के लिए प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने जल्द से जल्द कार्य शुरू कराये जाने के निर्देश दिये। विश्व पर्यावरण दिवस पररोपित किये गये पौधों की देखरेख के लिए मालियों को निर्देशित किया। मनोरंजन पार्क और ओपन जिम में भी व्यवस्था देखी। उन्होंने मार्निंग वॉक पर आये लोगों से सीधा संवाद करते हुए कम्पनी गार्डन में व्यवस्था और सुधार के लिए उनके विचार भी जानने का प्रयास किया। लोगों ने एक शेड निर्माण की आवश्यकता जताई है, जिसको लेकर अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है। साथ ही पार्कों के रखरखाव और बागवानी को लेकर भी दिशा निर्देश दिये गये हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म में दम्पति को आजीवन कारावास

■ **न्यायालय ने लगाया पति-पत्नी पर 50-50 हजार का अर्थदण्ड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी की पत्नी भी मामले में सहयोगी रही। कोर्ट ने आरोपी की पत्नी को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी ने पति व पत्नी को 50-50 हजार का अर्थदंड लगाया है। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी दिनेश शर्मा व प्रदीप बालियान ने बताया कि शामली जनपद एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने पर 11 अप्रैल 2015 को तहरीर देते हुए बताया कि आरोपी अमित शर्मा निवासी शिव विहार कालोनी, हाल निवासी दयानंद नगर व उसकी पत्नी रुबी शर्मा उसके मकान में किराए पर रहते थे।

आरोपी उसकी नाबालिग बेटी बहला फुसलाकर अपने कमरे में ले गया। आरोपी अमित ने उसकी बेटी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की वारदात में उसकी पत्नी भी शामिल रही। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। दोनों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गयी है। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश मंजुला भालोटिया की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी पति पत्नी को आजीवन कारावास की सजा व प्रत्येक पर 50 हजार रका जुर्माना लगाया है।



मोरना: मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व शुकतीर्थ में तैयारियों का जायजा लेते कमिश्नर व डीएम।

## राष्ट्रीय बाल सम्प्रेक्षण गृह के अन्दर की वीडियो वायरल

# अधिकारियों में हड़कप, जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय बाल संप्रेक्षण गृह के अंदर का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें तीन-चार बाल अपचारी दिखाई दे रहे हैं। प्रसारित वीडियो पर लिखा है कि अरनव जानसठ जल्दी वापसी होगी भाई। वीडियो प्रसारित होने के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जांच के आदेश दिए है।

नगर कोतवाली अंतर्गत आर्यपुरी में बाल संप्रेक्षण गृह है, जिसमें बाल अपचारियों को रखा जाता है। सोमवार को इस संप्रेक्षण गृह का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। 33 सेकेंड के इस वीडियो में तीन-चार बाल अपचारी दिखाई दे रहे है, जबकि एक बाल अपचारी नीचे बैठा हुआ कम्प्यूटर के पास कुछ कर रहा था। वीडियो में बाल संप्रेक्षण गृह में लगे सीसीटीवी कैमरे की स्क्रीन भी दिखाई दे रही है। प्रसारित वीडियो ने पंजाबी गाना बज रहा है। वीडियो में बाल अपच. ारी अपने दोस्त को हाथ हिलाकर संबोधित करते दिकाई दे रहे हैं। साथ ही प्रसारित वीडियो पर लिखा है कि अरनव जानसठ जल्दी वापसी होगी भाई। वीडियो में जाली के पीछे खडा बाल अपचारी भी अंदर आता दिखाई दे रहा है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि वीडियो प्रसारित करने के पीछे बाल अपचारियों की क्या मंशा है। उधर, इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी का कहना है कि प्रत्येक रविवार को बाल अपचारियों की पीएनटी (लैंड लाइन) नंबर से स्वजन से बात कराई जाती है। हो सकता है कि इसी दौरान बाल अपचारियों ने किसी कर्मचारी का मोबाइल लेकर वीडियो बनाकर प्रसारित कर दी हो। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री योगी के आगमन की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## मण्डलायुक्त ने उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में व्यवस्थाओं को दिया अंतिम रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ मे आगामी बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिरीक्षक, मंडलायुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारी कार्यक्रमस्थल पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया तथा आश्रम के प्रबंधक महात्मा गोरधनदास महाराज से भेंट कर आश्रम की व्यवस्थाओं के संबंध मे जानकारी की।

शुकतीर्थ मे स्थित संत शिरा. ेमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास आश्रम गुरु गद्दी मे आगामी 10 जून को ब्रहमलीन संत सतगुरु ज्ञान भिक्षुकदास महाराज के 65वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मंगलवार दोपहर शोभायात्रा व रात्रि मे सतसंग का आयोजन किया जायेगा। बुधवार की सुबह विशाल भंडारे का आयोजन होगा। सतसंग कार्यक्रम मे लाखों की संख्या मे अनुयायी भाग लेते हैँ। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यक्रम मे भाग लेगे। मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम तय होने पर आनन फानन मे सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। सोमवार को एडीजी भानु भास्कर, मंडलायुक्त सहारनपुर अटल कुमार रॉय, डीआईजी अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशबंधु, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी ट्रेफिक अतुल चौबे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त गजेंद्र सिंह, एसडीएम जयेंन्द्र सिंह, सीओ डॉ. रवि शंकर मिश्रा, सीओ राम आशीष यादव, थाना प्रभारी निरीक्षक भोपा ओमप्रकाश सिंह ने आश्रम मे जाकर समाधिस्थल, सभास्थल, हेलीपेड, विशाल रसोई, भंडारा स्थल सहित मार्गो का निरिक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिये। साथ ही आश्रम जाने वाले मार्गो सहित आसपास के सभी मार्गो का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त अटल कुमार रॉय ने कहा कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया गया है। श्रद्धालुओं को कोई भी असुविधा न हो कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हो, इसके लिए प्रशासन व्यवस्थाएं कर रहा है। डीआईजी अभिषेक सिंह ने कहा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरिक्षण किया गया है। कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पार्किंग आदि को लेकर स्थानीय पुलिस सहित, पीएसी बल तैनात रहेगा। तेज गर्मी मे श्रद्धालुओं के लिए पानी के टेंकर्स की व्यवस्था रहेगी।

### आश्रम प्रबंधक से जिला पंचायत अध्यक्ष ने की भेंट

आश्रम पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, क्षेत्रीय मन्त्री अमित राठी ने आश्रम के प्रबंधक महात्मा गोरधनदास का आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम के बारे मे जानकरी की वहीं आश्रम के बी सेवक संदीपदास से व्यवस्थाओं के बारे मे जानकारी की।

### मोरना मिल का कार्यक्रम नहीं मिला

मोरना चीनी मिल की पेराई क्षमता 25 हजार से 35 हजार करने के कार्य का शुभारम्भ सीएम द्वारा करने की चर्चा जारी थी जिस पर अब विराम लग गया है। सीएम का कार्यक्रम अब केवल शुकतीर्थ मे ही रहेगा।

### तेज गर्मी मे बिलबिलाए अधिकारी व कर्मचारी

कार्यक्रम मे जहां लाखों की भीड़ का अनुमान है। वहीं तेज गर्मी को लेकर भारी चिंता बनी हुई है। कार्यक्रम की तैयारियों मे जुटे कर्मचारी तेज गर्मी मे सरोबार हैँ। निरिक्षण करने आये अधिकारी तेज गर्मी से असहज हैँ और माथे से पसीना पोंछ रहे हैँ। कार्यक्रम के दौरान तेज गर्मी से बचाव एक बड़ी चुनौती होगी।

### संकरे मार्ग भी बने समस्या

सतगुरु समनदास आश्रम तक एक रास्ता शुकतीर्थ गंगा घाट की ओर से जाता है जो आगे जाकर संकरा हो जाता है। दूसरा रास्ता गांव फिरोजपुर की ओर से है वह भी संकरा है।

सुविधाजनक आवागमन को संकरे मार्ग परेशानी का सबब बन सकते हैँ।

# इस साल का सबसे गर्म दिन रहा सोमवार, पारा 44.0 डिग्री पार

■ **अगले दस दिन में प्रचंड गर्मी पड़ने की चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में इस वर्ष अब तक का सबसे गर्म दिन सोमवार का रहा। भीषण गर्मी और गर्म हवा चलने के कारण लोग पसीने से तरबतर रहे। अधिकतम तापमान बढकर 44.0 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को एक बार फिर से भीषण गर्मी एवं तपती धूप से लोग बेहाल रहे। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के चलते लोग पसीने में तरबतर दिखाई दिए। ऐसे में हर कोई गर्मी से बचने के लिए छांव की तलाश करते नजर आए। लोग धूप से बचने के लिए सिर और मुंह पर कपडा लपेटकर जाते हुए दिखाई दिए। दोपहर में लोग घरों से बाहर कम नहीं निकले, सिर्फ वही लोग सड़कों पर दिखाई दिए, जिन्हे जरूरी काम से बाहर निकलना था।

सोमवार की सांय छह बजे के बाद गर्मी का असर कम होता हुआ दिखाई दिया। इस वर्ष में अब तक जिले का अधिकतम तापमान कई बार 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था लेकिन सोमवार को अधिकतम तापमान में दो डिग्री से भी बढर 45 डिग्री तक पहुंच गया, जो इस वर्ष का अब तक सबसे अधिक है। न्यूनतम तापमान भी 25.0 डिग्री तक पहुंच गया। ऐसे में लू और तेज धूप से जीना बेहाल हो गया है। अगले 10 दिन में गर्मी के साथ तापमान बढने के आसार मौसम विभाग ने अगले 10 दिन तक प्रचंड गर्मी पडने की चेतावनी भी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक केशव प्रसाद का कहना है कि इस बार गर्मी देर में आने से तापमान में अभी और बढोत्तरी देखने को मिल सकती है।

# ट्रांसफार्मर बदलने की मांग, ग्रामीणों ने जेई को धूप में बैठाया

**भोपा।** गांव सिकंदरपुर मे विद्युत ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने से विद्युत आपूर्ती ठप्प हो गयी। आपूर्ती ठप्प होने से तेज गर्मी से परेशान ग्रामीणों ने मुख्य चौक पर धरना देकर अवर अभियंता को धूँप मे बैठा लिया तथा ट्रांसफार्मर की क्षमता को तुरंत बढ़ाने की मांग की। उच्च अधिकारियो के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सोमवार की सुबह बड़ी संख्या मे ग्रामीण गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित गाँधी चौक पर इकठ्ठा होकर धरने पर बैठ गये। धरने पर पहुंचे भाकियू कार्यकर्त्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। ग्राम प्रधान मैनपाल सिंह ने बताया की गांव मे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर है। जिससे दो से अधिक उपभोक्ताओ को आपूर्ती की जाती है।

ऑवर लोड के कारण ट्रांसफार्मर बार बार खराब हो रहा है।बार बार शिकायत के बावजूद उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता कोई सुनवाई नहीं करते। ट्रांसफार्मर के खराब होने से बड़ी आबादी की विद्युत आपूर्ती ठप्प हो गयी है। परेशान ग्रामीणों ने सीकरी उपकेंद्र के अवरअभियंता राम अवध को धरने के बीच बैठाकर घेराव किया गया। भाकियू के ब्लॉक् अध्यक्ष अनुज राठी ने बताया की सहायक अभियंता चिराग सिरोहा व अधिशासी अभियंता अमित कुमार से बात हुई है,एक सप्ताह मे 250 ाअं क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर देने का आश्वासन दिया गया है।

अवर अभियंता राम अवध ने बताया की ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को तकनीकी कार्य की रिपोर्ट विभागीय कार्यालय को भेज दी गयी है। इस दौरान मुख्य रूप से राजीव चौयरमैन, बिट्टू प्रधान गडवाडा, मोहित, अमरेश, रवि प्रधान, दिलबाग अंसारी, अनुज, सचिन, संदीप रोशवाल, रवि कुमार, मुलचंद, रोहित, विकास कुमार, ब्रहमपाल सिंह, अंकुर, डिल्लू, सरपंच,अमरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



भोपा: ग्रामीणों ने जेई को बीच में बैठाकर सुनायी खरी-खोटी।

# टहलने गए व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**जानसठ।** हाईवे बनने के बाद लगातार फल विक्रेताओं के द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके कारण आए दिन अनियंत्रित हुए वाहनों की चपेट में लोग आ रहे हैं। ज्ञात रहे इसे पूर्व में भी निरीक्षण भवन के पास एक बाईक सवार कों बचानें के चलतें कोरसेट से भरा ट्रक पलट गया था नहीं तो बडा हादसा हो गया होता। हालांकि अभी तक बहुत लोग अपनी जान तक गवाह रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कस्बे में स्थित रामकृष्णापुरम कॉलोनी निवासी बबल नाम के व्यक्ति की पिछले दिनों मौत हो गई थीं जिसकी आज सोमवार को तेहेरवी होनी निश्चित हुई थी बताया गया, कि एक दिन पूर्व सोनीपत निवासी भूषण पुत्र पूरन चंद मृतक की तेहेरवी में आया हुआ था जो रविवार की देर शाम कस्बे में हाईवे पर टहलने गया हुआ था तभी टहलते हुए किसी अज्ञात वहान ने टक्कर मार दीं। टक्कर लगने के बाद व्यक्ति सड़क पर गिर गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी तथा घायल को जानसठ के सीएचसी पर उपचार हेतु भतह्न कराया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चरथावल में सहकारी समिति पर किसानों को नहीं मिल रहा है खाद

**चरथावल।** किसान सेवा सहकारी पर किसानो को यूरिया लेने के लिए कड़ी धुप मे घंटो लाइन मे लगना पड़ रहा है बावजूद इसके फिर भी किसानो को यूरिया नही मिल रहा है सरकार द्वारा जहाँ किसानो को उनकी फ़सल मे खाद,ड़ाई व अन्य जरूरी चीजे जो किसानो कि फ़सल के लिए लाभदायक होती है वह चीजे समय पर उपलब्ध कराने के लिए किसान सेवा सहकारी समितियों का गठन को किया हुआ है सहकारी समिति क्षेत्र्वार किसानो को खाद, ड़ाई व अन्य दवाई सही रूप और मूल्य मे किसानो को देती है लेकिन चरथावल कि किसान सेवा सहकारी समिति का नजारा कुछ और ही देखने मे और अब इस समय किसानो को जहाँ गन्ने कि फ़सल मे यूरिया डालने कि भारी जरूरत हो रही है और यूरिया इस समय किसानो कि गन्ने कि फ़सल के लिए बहुत लाभदायक होता है लेकिन किसानो को घंटो लाइन मे लगना पड़ता है और बावजूद इसके बाद भी किसानो को यूरिया नही मिल रहा है इस बात को लेकर किसानो मे भारी आक्रोश है और किसानो द्वारा बड़ी संख्या मे इकठ्ठा होकर समय से यूरिया उपलब्ध कराने कि मांग है कि और किसानो का आरोप है कि जहाँ बाहर प्राइवेट दुकानों से किसानो को ज्यादा रेट पर यूरिया आसानी से मिल रहा है वही सहकारी समिति पर यूरिया क्यों उपलब्ध नही हो रहा है यूरिया ऊपर से ही कम आ रहा है या फिर सहकारी समिति पर ही जानबूझकर यूरिया कि किल्ल्त दिखाई जा रही है प्रगतिशील किसान इसरार त्यागी, सलीम त्यागी, सोनू आदि ने मांग की।

# भाकियू जिला महासचिव सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नांगल सोती।** गांव जालपुर में खेत पर पानी की नाली को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में पुलिस ने एक पक्ष की ओर से भाकियू (टिकैत) जिला महासचिव सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में भाकियू ने एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए नांगल थाने पर धरना दिया था।

हाल ही में बुधवार को गांव जालपुर में भाकियू जिला महासचिव नरदेव सिंह और देवराज सिंह पक्ष के बीच खेत पर पानी की नाली को लेकर मारपीट हो गई थी, जिसमें देवराज व उसका पुत्र घायल हो गया था। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा था। देवराज का आरोप था कि आरोपी उसे और उसके पुत्र महेश पाल को गांव में घसीटते हुए अपने घर ले गए और बंद कर उनके साथ मारपीट की।

# अवध विहार समेत कई मौहल्लों में बिजली ठप, पानी को तरसे लोग

**एबीसी लाईन बदलने और ट्रांसफार्मर मरम्मत से उपभोक्ता हलकान**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को नई मंडी के अवध विहार समेत कई मोहल्लों में बिजली पानी को लेकर त्रहि-त्रहि मची रही। पावर कारपोरेशन के द्वारा 250 केवी ट्रांसफार्मर में एबीसी डालने और मरम्मत आदि कार्य होने के कारण सुबह से शाम तक कई घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही।

इस दौरान स्थानीय लोग बिना बिजली के भीषण गर्मी में बिलबिला उठे। वहीं पानी की सप्लाई भी बाधित रही। मोहल्ला अवध विहार में रखे 250 केवी के ट्रांसफार्मर की मरम्मत और एबीसी डालने का कार्य विभाग के द्वारा किया गया है। भीषण गर्मी को झेलते हुए कर्मचारियों के द्वारा पोल पर चढकर काम किया गया। इस दौरान मोहल्ला अवध विहार, अग्रसेन विहार, कल्याणपुरी, लक्ष्मण विहार आदि मोहल्लों में बिजली आपूर्ति काफी बाधित रही।

कर्मचारियों के द्वारा सुबह 11 बजे से शाम साढ़े छह बजे के बाद तक काम किया गया। इस दौरान लोगों के इनवेट आदि भी डाउन हो गए। भीषण गर्मी में बिना बिजली के लोग काफी परेशान रही। वहीं पानी की सप्लाई भी काफी प्रभावित रही। एक्सईएन डीसी शर्मा ने बताया कि 250 केवी ट्रांसफार्मर में एबीसी और मरम्मत आदि कार्य कराया गया है। जिस कारण बिजली सप्लाई प्रभावित रही है।

# हिन्दू संगठन ने की साकेत कालोनी से अवैध मजार हटाने की मांग

**कालोनीवासियों ने बैठक में दिया समर्थन**

**मुजफ्फरनगर।** राष्टीय हिन्दू शक्ति संगठन और साकेत कॉलोनी निवासियों के बीच एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें गली 3 में सड़क पर बनी अवैध मजार को हटाने पर चर्चा हुई। सभी कॉलोनी वासियों ने सर्व सम्मति से अवैध मजार हटाने का समर्थन किया।

## अवैध मजार को लेकर जिला प्रशासन पर आरोप

राष्टीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा ने कहा कि जिला प्रशासन अवैध मजार को हटाने में विलंब कर रहा है, जो समझ से परे है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सरकारी संपत्ति पर अवैध निर्माण को तुरंत हटाया जाना चाहिए।

## समय सीमा निर्धारित

बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर जिला प्रशासन 14 जून तक अवैध मजार को नहीं हटाता है, तो राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन और कॉलोनी वासी 15 जून को इसे हटा देंगे और उसी स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

## मौजूद रहे प्रमुख लोग

बैठक में संजय अरोड़ा, श्रीमती सरिता शर्मा अरोड़ा, प्रवीण जैन, संजय गोस्वामी, श्याम वर्मा, अनुराग सिंगल, संदीप मालिक, बिजेंद्र मालिक, सुशील वर्मा, आर आर मालिक, प्रमोद शर्मा, अनिल मलिक, प्रवीण, मुकेश सिंह, अजय अग्रवाल, पंकज त्यागी, राजेंद्र कौशिक, अमित गोयल, अजय गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, कार्तिक त्यागी, नीरज अग्रवाल, प्रभात तायल, उज्ज्वल जैन, कुलदीप शर्मा, बिट्टू, अनिल कुमार, दिनेश आदि उपस्थित थे।

# श्री राम कॉलेज में बीबीए पंचम सेमेस्टर के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम से हर्ष

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के बी0बी0ए0 पंचम सेमेस्टर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा तथा सभी विद्यार्थी अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। बी0बी0ए0 मे ऋषभ गर्ग ने सबसे अधिक 80.14 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। इरतका बतूल ने 77 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली पलक ने 76.71 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ऋषभ गर्ग ने अपनी सफलता पर ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता-पिता को जाता है। उन्होंने कहा कि गुरूजनों द्वारा दिये गये मार्ग दर्शन एवं ज्ञान के फलस्वरूप जीवन में यह स्वर्णिम दिन आया है। वहीं उन्होंने कहा कि अध्यापकों द्वारा समय-समय पर दिये गये टिप्स परीक्षा में मद्दगार साबित हुए है तथा माता-पिता का सहयोग एवं प्रेरणा महत्वपूर्ण रही है।

द्वितीय स्थान पर रही इरतका बतूल ने कहा कि उन्हें महाविद्यालय के अनुशासन और प्रवक्ताओं द्वारा दिये गये टिप्स और महाविद्यालय के शैक्षिक वातावरण के फलस्वरूप ही यह सफलता प्राप्त हुई है।

तृतीय स्थान पर रही पलक ने कहा कि पुस्तकालय में सभी विषयों पर अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिन्होंने हमें अध्ययन में बहुत मद्द की। सभी ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपनी मेहनत, लगन तथा महाविद्यालय के अच्छे वातावरण को दिया।इस अवसर पर श्री राम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमेन डा0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने बी0बी0ए0 के सभी विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी तथा कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है तथा कॉलेज का नाम रोशन कर रहे है। उन्होनें सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें आगे भी अपने जीवन में इसी प्रकार की सफलतायें अर्जित करते हुये अपने कॉलेज और अपने माता पिता का नाम रोशन करते रहना चाहिये।

इस अवसर पर प्रबंधन खंड के डीन डॉ0 सौरभ मित्तल ने भी अध्यापकों को उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मिली सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में विद्यार्थियों की सफलता एवं उज्जवल भविष्य अध्यापकों पर निर्भर करता है।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विवेक कुमार त्यागी ने विभाग के सभी अध्यापकों की मेहनत से पिरोये हुये परीक्षाफल को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग में पिछले सालों से भी ज्यादा सेमिनार तथा विशेषज्ञों के आयोजन का फल आज हमारे छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने







विद्यार्थियों से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपने में बेहतर मैनेजर के गुण विकसित कर भविष्य में देश और समाज निर्माण में अपनी सेवाएं प्रदान करेगें।विभाग के प्रवक्ताओ डा0 अतुल वर्मा, हिमांशु वर्मा, पूनम शर्मा, सागर शुक्ला, शिवानी शर्मा, जतिन सिंघल, ममता मित्तल, निशू वर्मा, नवीन कुमार, कपिल कुमार, हर्ष कुमार, तनु त्यागी, स्वाति तायल, मोनिका और जेबा ताहिर ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विवाहिता के ससुरालजनों ने सास-ससुर के साथ की मारपीट

**भोपा।** परिवार के बीच आपसी विवाद के बीच विवाहिता ने फोन कर मायका पक्ष को बुला लिया जिनके द्वारा सास ससुर के साथ मारपीट की गयी।माता पिता के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुत्र ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा निवासी फैजान ने तहरीर देकर बताया की दस दिन पूर्व उसके परिवार मे आपसी कहासुनी के बीच मामूली विवाद हो गया था। जिसे मोहल्ले के व्यद्रियों ने बीच बचाओ कराकर निपटा दिया था। किन्तु भाभी द्वारा मायका मे फोन कर सूचना दी जिसपर भाभी के परिजनों ने घर पर आकर पिता मुस्तकीम व माता नूरजहां के साथ मारपीट की।फैजान ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

समन वास्ते करार बाद उमूर तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय खतौली (मुजफ्फरनगर)

वाद सं. T202409550606168 सन् 2024 1- अजयवीर पुत्र बलजीत निवासी ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर ....वादी बनाम

1 जयबहादुर पुत्र श्री रामशरण निवासी ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 2 तेज सिंह पुत्र श्री बलजीत निवासी ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 3 मेघ सिंह पुत्र श्री प्रहलाद निवासी ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 4 राजबीर पुत्र श्री बलजीत निवासी ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 5 सचिन सैनी पुत्र श्री जय सिंह निवासी ग्राम डिमौली तहसील व जिला मेरठ 6 सतपाल पुत्र श्री प्रहलाद निवासी ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 7. ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जिला मु. नगर ...प्रतिवादीगण

अन्तर्गत धारा 116 उ. प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम जावन परगना-खतौली विषय: समन वास्ते प्रकाशन वाद अन्तर्गत धारा 116 उ. प्र.रा. संहिता 2006 ग्राम जावन परगना खतौली तहसील खतौली जिला मु. नगर वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद दायर किया है। लिहाजा आप विपक्षीगण को निर्देशित किया जाता है कि आप विपक्षीगणों को तारीख ।। माह 06 सन् 2025 समय 10 बजे स्वयं मारफत वकील जो उक्त मुकदमे में हाजिर अदालत होकर जवाब दे और उसी रोज आपका जुमला गवाही को जिसकी साहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में व इस्तेमाल कराना चाहते हो पेश करे अन्यथा आपके खिलाफ एक पक्षीय रूप से फैसला होगा में दस्तखत और मोहर अदालत के आज तारीख 28, माह 05 सन् 2025 जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी खतौली**

# परासोली में गौरक्षकों ने गौमांस पकड़ा

**बुढ़ाना।** देर रात कुछ गौरक्षकों ने रेहड़े में भरा हुआ गौमांस अपने कब्जे में कर लिया जबकि आरोपी भाग जाने में सफल रहे। कोतवाली की परासोली पुलिस चौकी क्षेत्र में कुरालसी बायपास मार्ग पर सोमवार की देर रात कुछ युवक एक रेहड़े में एक छोटा ड्रम और एक प्लास्टिक के कटे में मांस लेकर जा रहे थे। तब इसकी भनक किसी तरह से गौरक्षक छोटा सैनी को मिली तो वह दर्जनों युवकों को लेकर मोके पर पहुंचा और रेहड़े को घेर लिया। इस दौरान गौरक्षकों ने सभी युवकों का पीछा भी किया लेकिन वे पकड़ में नहीं आ सके। इस दौरान गौरक्षकों ने हंगामा कर दिया तो सूचना पर मौके पर परासौली पुलिस चौकी इंचार्ज सुमित कुमार मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र, सीओ गजेंद्र पाल सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह भी दल बल सहित पहुंचे और आक्रोशित गौरक्षको को समझा बुझाकर गौमांस को गहरे ग्ग्रे में दबा दिया और सभी को शांत किया। पुलिस ने फरार युवकों की गिरफ्तारी का आश्वासन गौरक्षकों को दिया।

## ठाकुर राजेश सिंह का भव्य स्वागत

# गन्ने के बढ़े भाव की मांग पर सरकार को दी चेतावनी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भाकियू अराजनीतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह का सोमवार को भंगेला चौकपोस्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। किसानों की समस्याओं को लेकर ठाकुर राजेश सिंह ने सरकार को आड़े हाथों लिया और चेतावनी दी कि यदि गन्ने का समर्थन मूल्य 450 प्रति क्विंटल नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। राजेश सिंह ने कहा कि किसान आज भी आवारा पशुओं और फसल की लागत बढ़ने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने बताया कि हरिद्वार में जल्द ही एक चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से हजारों किसान शामिल होकर अपनी समस्याएं साझा करेंगे और उनके समाधान पर मंथन होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगे राम त्यागी, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, ब्लॉक अध्यक्ष पवित अहलावत, तहसील अध्यक्ष प्रविंद्र नागर, प्रमोद, संजय, सुमित, मोनू सोम, अमित सोम, विनोद, संजीव, विष्णु गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

### भाकियू टिकैत संगठन में बगावत के संकेत

भाकियू अराजनीतिक के इस कार्यक्रम में उस वक्त सरगर्मी बढ़ गई, जब भाकियू टिकैत के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सतेंद्र चौहान भाकियू राजनीतिक अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह के साथ नजर आए। कार्यक्रम में उन्होंने ठाकुर राजेश सिंह का स्वागत किया, जिससे अटकलें तेज हो गई हैं कि वे जल्द ही भाकियू टिकैत से बगावत कर सकते हैं। गौरतलब है कि भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत द्वारा सतेंद्र चौहान को मिटी खनन में अवैध वसूली के आरोप में पदमुक्त किया गया था। इसके बाद से ही चौहान संगठन से नाराज चल रहे थे। अब उनके ठाकुर राजेश सिंह के साथ खड़े होने को संगठन में टूट के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। जिससे साफ जाहिर होता है कि सतेंद्र भाकियू टिकैत से बगावत कर इस संगठन से नाता तोड़ सकते है। इस मामले में जानकारी लेने के बाद सतेंद्र चौहान ने कहा कि वे भाकियू टिकैत से नाता अभी नही तोड़ा है, लेकिन वे नाता तोड़ सकते है हरिद्वार में दस तारीख को होने वाले कार्यक्रम में घोषणा हो सकती है यही नही उन्होंने कहा कि भाकियू राजनीतिक संगठन में जाने से पहले उनकी पहली प्राथमिकता भाकियू टिकैत ही रहेगी।



**सम्बन्ध विच्छेद**

हम दोनों रामवीर पुत्र भुल्लन सिंह व श्रीमती ममता पत्नी रामवीर निवासीगण ग्राम कुरालसी थाना-तहसील बुढाना जिला मु.नगर के हैं। हमारा एक अविवाहित पुत्र रितिक जिसका चाल चलन ठीक नही है। आए दिन गाली-गलौच करता रहता है। उसका उठना बैठना आवारा किस्म के लोगों मे है और नशे का आदि है। जिस कारण वह हमारी संपत्ति खुर्द बुर्द कर सकता है व हमारे परिवार को हानि पहुंचा सकता है। कम पढ़े लिखे होने के कारण हमने 6 माह पूर्व अपने पुत्र रितिक को मोखिक बेदखल किया था मगर आज हम अपने पुत्र रितिक को लिखित मे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। उसके द्वारा किसी तरह का कोई कृत्य किया जायेगा वो खुद जिम्मेदार होगा। जो उससे लेन देन, सम्बंध रखेगा वो खुद उत्तरदायी होगा। हमारा व हमारे परिवार का रितिक से कोई वास्ता नही है और न भविष्य मे होगा।

**Named Changed**

I SAISTA W/O MOHAMMAD MUSEER R/O NAGAL ROAD, TANSHIPUR, SAHARANPUR (UP) have changed my name to SAHISTA

**सूचना**

मेरे पुत्र कृष्णा सिंघल के जन्म प्रमाण पत्र स.12709 दिनांक 03.12.16 मे गलती से माता का नाम HEENA SINGHAL अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम HINA GOYAL है। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक,**
**प्रतीक सिंघल**
**ब्रह्मपुरी, मुजफ्फरनगर**
**मो० 7895517507**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र कासिम व उसकी पत्नी निखत परवीन के आपस में मिजाज नही मिल पाये है। आये दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर फसाद होता रहता है अगर मै इन दोनों को समझाने का प्रयास करता हूँ तो ये दोनो मुझे व मेरी पत्नी व परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी देते रहते है। इसलिए मै अपने पुत्र कासिम व उसकी पत्नी निखत प्रवीन को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज से ये दोनों अपने किये के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे अन्य बच्चों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**हसनैन पुत्र शाकर अली**
**निवासी मौहल्ला कुंगर पट्टी**
**ग्राम सुजडू थाना खालापार**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# लो वोल्टेज ने भीषण गर्मी में लोगों का हाल किया बेहाल

**(नसीम कुरैशी)**

**बुढ़ाना।** पिछले महीने से भीषण गर्मी में बिजली के कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोगों का सब्र अब जवाब देने लगा है और उधर विद्युत एक्सईएन भी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस ही है।

मिली जानकारी के अनुसार यूपी की योगी सरकार के उर्जा मंत्री बीते दिनों बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने का जो दावा कर रहे थे वो दावा अब बुढ़ाना कस्बे के लोगों के सामने टायं टायं फिस्स ही होता नजर आ रहा है। कस्बे से लेकर गांव तक लोग बिजली कटौती और लो-वोल्टेज आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। बार-बार बिजली कटने से जहां बिजली से चलने वाले उपकरण खराब हो रहे हैं। गर्मी से बेहाल लोगों का दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन रात की कटौती लोगों को रूला दे रही है। बिजली की ट्रिपिग से सबसे अधिक समस्या घरों में रहने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों को हो रही है। कारण वह गर्मी से बचने के लिए किसी खुले में स्थान पर भी नहीं जा पा रहे हैं। बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण मोटर भी नहीं चल पा रहे हैं। कारण बार-बार बिजली कटने और लो-वोल्टेज के चलते वे लोड नहीं उठा पा रहें है या फिर बार-बार ट्रिपिग होने से खराब हुए जा रहे हैं।

बिजली व्यवस्था में सुधार न होने के कारण पानी की भी किल्लत बढ़ गई है। लोड बढ़ने के चलते समस्या आ रही है। इसके अलावा बार बार फाल्ट होने से भी दिक्कत है हालांकि बिजली अधिक से अधिक देने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन कोई फायदा नजर नहीं आ रहा है। कस्बे के मास्टर धर्मपाल आर्य और मास्टर आबाद कुरैशी ने बताया कि उनको लो वोल्टेज के चलते दिक्कत हो रही है। मौहल्ला मिर्दगान के मिसबाहुद्दीन सिद्दीकी, अहसान मंसूरी, वसीम कुरैशी, हारुण सिद्दीकी, दिलशाद पंसारी और नफीस मनिहार ने बताया कि कम वोल्टेज की समस्या से पानी की किल्लत हो रही है। ऐसे में वे क्या करें। बताया जाता है कि लो वोल्टेज के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के उपकरणों के खराब होने पंखों और पानी की मोटरों के काम न करने और भीषण गर्मी में भी आराम न मिलने जैसी समस्याएं लोगों को खूब परेशान कर रही है। इस बारे में विद्युत एक्सईएन भी पत्र लिख चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस ही बनी है। कुल मिलाकर कस्बे की जनता में कम वोल्टेज की समस्या को लेकर आक्रोश है। ये आक्रोश कब आंदोलन में बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।

# शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**बिजनौर।** उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 अभ्यर्थियों को 15 दिवसीय शिल्पकारी आवासीय प्रशिक्षण दिये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रशिक्षण अवधि में शिल्पकारियों को प्रशिक्षुवृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जायेगी।

माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों हेतु आवेदन के लिये upmatikalaboard.in पर ऑनलाईन आवेदन 30 जून तक किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बिजनौर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# श्याम पधारे म्हारे गांव भजन संध्या में श्रद्धालुजन जमकर झूमे

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली स्थित श्रीरामलीला भवन में आयोजित श्याम पधारे म्हारे गांव कार्यक्रम का रविवार की देर रात पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भजन गायकों द्वारा देर रात तक श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

रविवार की देर रात नई मंडी कोतवाली के निकट स्थित श्रीरामलीला भवन में भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लीले के असवार सांवरिया सरकार, हारे के सहारे लखदातार श्री श्याम प्रभु का श्रंगार एवं अखंड ज्योत जलाई गई।

कार्यक्रम में अरविन्द बंसल, राजकुमार सिंघल और रामकुमार द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम गुरू सुरेश गुप्ता (पहाडगंज) वालों के पावन सानिध्य में हुआ, इसमें जयपुर से भजन गायिका रजनी राजस्थानी तथा गुडगांव से वर्षा गर्ग ने अपने मधुर भजनों से श्याम बाबा एवं बाबा के उपस्थित प्रेमियों को रिझाया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी श्रोताओं को अपने भजनों से खूब रिझाया। सभी श्याम प्रेमियो को बाबा के भव्य श्रंगार एवं दरबार के दर्शन हुए, जिसमें श्याम जगत के सभी श्याम प्रेमी सम्मिलित हुए एवं श्याम बाबा के भजनों का भरभूर धर्म लाभ एवं आनन्द लिया। कार्यक्रम में भगवान खाटूश्याम को छप्पन भोग, श्याम रसोई एवं श्याम रस से ओत प्रोत किया गया।

# नहर में नहाने गए युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** बरला के एक युवक की रूड़की गंगनहर में नहाते हुए तेज बहाव के कारण डूबने से मौत हो गई अभी तक शव बरामद नहीं हो सका। गांव बरला निवासी मजबूल परिवार सहित रुड़की में रहता है और वहीं कुछ कार्य करता है।

रविवार को वह परिवार सहित गंग नहर में नहाने गया था उसका पुत्र 19वर्षीय आरीश नहाने के लिए जब नहर में उतरा तो पानी के तेज बहाव के कारण वह भी बह गया। 24 घंटे बाद भी शव बरामद नहीं हो सका। घटना से परिवार में कोहराम मचा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में शोक छाया हुआ है।

## फ्यूल स्टेशन से डीजल चोरी करने वाले चार शातिर पुलिस शिकंजे में

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने सूचना के आधार पर फ्यूल स्टेशन से डीजल चोरी की वारदात में लिप्त चार आरोपियो को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख पांच हजार रूपयें की नगदी, सोलह ड्रम में हजारो लीटर तेल व घटना में प्रयुक्त की जाने वाली एक पिकअप ट्रक भी बरामद होना बताया है। नई मंडी पुलिस ने बताया कि 31 मई को अभिमन्यू चौहान निवासी साउथ सिविल लाइन में मंडी थाने में तहरीर देकर एक मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि आरके फ्यूल स्टेशन जो ट्रांसपोर्ट नगर में है, उस पर काम करने वाले सलमान पुत्र मालेखां निवासी नऊआ नगला थाना भोजीपुरा, बरेली व जोनीपाल पुत्र राजपाल निवासी ग्राम नसीरपुर ने फ्यूल स्टेशन से 7000/- लीटर डीजल की चोरी कर ली गयी है। मंडी पुलि सने इस संबंध में मुक. दमा दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे और रविवार की रात पुलिसने इस मुक. दमें नामजद बाइपास रोड खण्डहर से चार लोगो को गिरफ्तार किया गया। जिसमें पुलिस ने मौके से पिकअप ट्रक व चोरी किए गए तेल बरामद किया। सलमान पुत्र मालेखां निवासी नऊआ नंगला थाना भोजीपुरा जनपद बरेली, जफरूद्दीन पुत्र तसलीम निवासी सुल्तानपुर थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा, सतीश पाल उर्फ जोनीपाल पुत्र राजपाल निवासी ग्राम नसीरपुर थाना नई मण्डी, जिंकल पुत्र भगवान सिंह निवासी तुगलक. ाबाद थाना रज्जेपुर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# मीरापुर क्षेत्र में वाहन चोरों के हौसले बुलंद, 10 दिन में चार बड़ी वारदातें

■ खाकी पर भारी पड़ रहे मीरापुर में चोरों के हौंसले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मीरापुर थाना क्षेत्र में वाहन चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। बीते 10 दिनों में क्षेत्र में चार बड़ी वाहन चोरी की वारदातें सामने आ चुकी हैं, जिससे आमजन में भय और आक्रोश का माहौल है। ताजा मामला गांव सम्भलहेड़ा का है, जहां रविवार रात एक कार चोरी की घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 जून की रात लगभग 10 बजे ट्रांसपोर्ट कारोबारी इमरान पुत्र यूनुस निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर मेरठ अपनी बहन के घर ईद मिलन के लिए ग्राम सम्भलहेड़ा आए थे। वे अपनी निशान कंपनी की मैगनाइट कार (UP14ER6362) को घर के बाहर खड़ा कर अंदर चले गए। अगले दिन सुबह जब वह बाहर आए, तो देखा कि कार वहां से गायब थी। गाड़ी न देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास तलाश की, परंतु कार का कोई सुराग नहीं लगा। इमरान ने बताया कि चोरी हुई कार में उनके कुछ जरूरी कागजात, एटीएम कार्ड और 17,000 की नकदी भी रखी हुई थी। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, हालांकि खबर लिखे जाने तक गाड़ी का कोई सुराग नहीं लगा।

गौरतलब है कि एक हफ्ते पहले भी मीरापुर कस्बे से रात में दो बाइकें चोरी हो चुकी हैं, जबकि बकरा ईद के दिन ईदगाह से पुलिस की मौजूदगी में एक बाइक चोरी हो गई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इमरान ने जल्द गाड़ी बरामद करने की मांग करते हुए थाने में तहरीर दी है।

## किशोरी के अपहरण मामले में कार्रवाई शुरू

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी सलीम ने भोपा पुलिस को तहरीर दी थी कि वह बकरईद वाले दिन नमाज पढ़ने के लिए गए हुए थे उसकी नाबा. लिग बेटी हुमैरा गांव में ही अन्य घर जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही आलिम उर्फ मुन्ना उसकी बेटी को जबरन बाइक पर बैठाकर अपहरण कर ले गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आरोपी ने उसकी बेटी को दिल्ली में एक महिला के पास छोड़ दिया था। दिल्ली पुलिस के सहयोग से भोपा पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है। आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

**छपार।**एक युवक नाबालिग किशोरी को बहका फुसलाकर ले गया। किशोरी की मां ने आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार को छपार थाना क्षेत्र का एक युवक नाबालिक किशोरी को बहका फुसला कर ले गया भगा ले गया । किशोरी की मां ने आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया आरोपी किशोरी को काफी समय से परेशान करता था उसे समझाने की कोशिश की तो उल्टे जान से मारने की धमकी देता था। सोमवार को वह उसकी पुत्री को भगा ले गया। किशोरी की मां ने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है मामला दो समुदाय का होने पर पुलिस में हड़कंप मच गया और उनकी तलाश में जुट गई।

# हरिद्वार जा रहे भाकियू अ के पदाधिकारियों का स्वागत किया

■ छपार हाईवे पर कार्यकर्ताओं ने बांधी पगडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** भाकियू अराजनैतिक का हरिद्वार में चिंतन शिविर है उसमें जाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, व राष्ट्रीय प्रवक्ता का छपार में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

भाकियू अराजनैतिक का हरिद्वार में सोमवार को चिंतन शिविर शुरू हो रहा है उसमें शामिल होने के लिए जा रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश चौहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी वह राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र



मलिक का छपार में हाईवे पर पेट्रोल पंप के सामने कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उसके बाद बरला में मंडल महासचिव विपिन त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पगड़ी पहनकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया उसके बाद हरिद्वार के लिए रवाना हो गए अंकित जावला ,राजीव सहरावत, पाल्ला ,शहजाद ,आकाश चौधरी, मुस्तफा, सुनील राठी ,इरफान, योगेंद्र दीवान जी ,राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एआईएमआईएम नेताओं ने लोगों को पिलाया ठंडा शर्बत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे में आज सोमवार के दिन आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के स्थानीय नेताओं ने भयंकर गर्मी में ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाकर आते जाते राहगीरों को रोककर उन सभी को ठंडा मीठा शरबत पिलाकर पुण्य कार्य किया। इस छबील की राहग. ीरों ने जमकर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन पूरी गर्मी मे कोई ना कोई करता रहे तो बहुत ही अच्छी बात है।

इस दौरान यहां पर एक अजीब संयोग देखने को मिला जिसमें सांप्रदायिक सौहार्द की झलक साफ दिखाई दी। जब आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के एक नेता जिनके दाढ़ी थी उनको देखकर बाइक सवार दो हिंदू धर्मगुरु छबील देखकर रुक गये और पार्टी नेता को असस्लामु अलैईकुम किया तो पार्टी नेता ने भी उनके धर्म के अंदाज में जवाब देते हुए उनकी तरफ को ठंडा शर्बत बढ़ाया तो उन्होंने ठंडे के तीन तीन ग्लास शरबत पीकर पार्टी नेता का आभार जताया।

इस दृश्य को देखकर यहां पर हिंदू मुस्लिम एकता नजर आई। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव अदनान खान, विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के कोषाध्यक्ष अब्दुल कादिर और रशीद अंसारी बुढाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव आदि पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुझेड़ा टोल प्लाजा पर स्टंटबाज गिरफ्तार

**मीरापुर।** क्षेत्र के मुझेड़ा टोल प्लाजा पर बाइक से खतरनाक स्टंट करते हुए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में युवक रात के समय तेज र" तार बाइक पर स्टंट करता नजर आया। घटना के वायरल होते ही मीरापुर पुलिस हरकत में आई और युवक की तलाश शुरू की।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार दोपहर आरोपी युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम तालिब पुत्र सईद, निवासी मुश्तर्क मीरापुर बताया है। पूछताछ में युवक ने माना कि वह थोड़ी मशहूरी और सोशल मीडिया पर लाइक-शेयर के लिए यह स्टंट कर रहा था। पुलिस ने युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे ऐसे खतरनाक स्टंट से बचें और अपनी जान खतरे में न डालें।

### मारपीट के आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव गड़वाड़ा निवासी महिला सुनीता ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है कि दो दिन पूर्व उनका दो युवकों से विवाद हो गया था। मामले की शिकायत उसने पुलिस की थी। इसी बात से नाराज दोनों युवकों के परिवार के दो युवक टीनू और अभिषेक रविवार शाम उनके घर मे घुस आए और उसके व बेटी मोनी, पुत्रवधू मनीषा से मारपीट की पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## विज्ञाना में हुआ कृषक गोष्ठी का आयोजन

**बुढ़ाना।** गांव विज्ञाना में मिल के द्वारा एक कृषक गोष्ठी कराई गई। जिसमें गन्ना संस्थान मुजफ्फरनगर के पूर्व कीट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अवधेश सिंह डागर, युवा प्रगतिशील किसान तैमूर राणा, मिल के अधिक. ारी वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक डॉक्टर विकास बालियान, गन्ना अधिकारी ठाकुर गौरव प्रताप सिंह व कामदार अजीत सिंह और सभी कृषक उपस्थित रहे। डॉक्टर अवधेश डागर ने किसानों को गन्ने में लगने वाले कीटों की जानक. ारी विस्तार से एक एक किट की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर तैमूर राणा ने पोकाबोइन के बारे में बताया और कहा कि इससे 20 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक की फसल में नुकसान हो जाता है। जब हमारे किसानों को इस बीमारी का पता लगता है जबकि कुछ किसान तो केवल कीट बीमारी की ही दवाई मारते रहते हैं और उन्हें पोका बोइंग का पता ही नहीं चलता जबकि एक फंगस है और गमह्न में जैसे ही उमश भरी गमह्न बढ़ती है गन्ने की पत्ती पीली पीली और कपड़े की तरह सुकड जाती है और फिर उसकी पौध की बीच की गोबर मे गलन आ जाती है और वह पौधा बीच में गन्ने के कारण वृद्धि रुक जाती है और यह वाइरस बहुत तेजी से फैलता है। डॉक्टर विकास बालियान ने मिल द्वारा दी जा रही दवाईयों का कैसे प्रयोग किया जाए व सब्सिडी पर दी जा रही हैं की जानकारी भी दी।

### महाविद्यालय में योग शिविर का हुआ आयोजन

**चरथावल।** चंद्रशेखर आज़ाद पीव जीव कॉलेज में योग महोत्सव के अंतर्गत योग शिविर का आयोजन किया गया और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल एवं माननीया कुलपति प्रोफ़ेसर विमला वाई की प्रेरणा से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप प्रदान करने हेतु महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया ।

जिसका शुभारंभ महाविद्यालय सचिव राकेश वशिष्ठ एडवोकेट , मुख्य अतिथि एवं योगाचार्या अर्चना सिंह,विशिष्ठ अतिथि डॉक्टर सविता वशिष्ठ विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग जैन कन्या पाठशाला च्ळ कॉलेज मुज़फ़्फ़र नगर ने संयुक्त रूप से मॉ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह ने सभी अतिथियों को पटके पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट करके उनका स्वागत किया।

तत्पश्चात योगाचार्य अर्चना सिंह ने सभी को दैनिक जीवन में लाभकारी प्रमुख योगासनों का अभ्यास कराया जिनमें मंडूकासन, मत्स्य आसान, वज्रासन, पद्मासन, सिद्धासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम आदि आसनों का अभ्यास कराया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता डॉक्टर सविता वशिष्ठ ने दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है जिसमें व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए मन और शरीर को शामिल किया जाता है।

नियमित योग से मानव में धीरजता,लचीलापन, शांति और शारी. रिक शक्ति का विकास होता है शारीरिक और मानसिक दोनों में संपूर्ण स्वास्थ्य योग पर निर्भर करता है। योग शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह सुमित कुमार नागियान, विनीत कुमार, सुखपाल सिंह, तिरसपाल सृष्टि शर्मा, निशा शर्मा ,काजल, विशाखा ,मधु आदि उपस्थित रहे।

# हर्निया सर्जरी में लापरवाही से गई उज्ज्वल की जान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भैसी गांव निवासी 35 वर्षीय व्यक्ति की एक सामान्य हर्निया सर्जरी में हुई चिकित्सकों की लाप. रवाही ने उसकी जान ले ली। उसकी मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश बना हुआ है। अब उज्ज्वल को न्याय दिलाने के लिए आवाजें बुलंद हो रही हैं। इसी क्रम में 10 जून को गाजियाबाद स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बाहर धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। वही भैसी गांव में सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकाल कर आक्रोश व्यक्त करते हुय श्रद्धांजलि दी।

बता दे कि खतौली भैसी निवासी 35 वर्षीय उज्ज्वल पुत्र जितेंद्र का एक रूटीन हर्निया सर्जरी होनी थी, जो आमतौर पर एक घंटे में पूरी हो जाती



है। लेकिन चिकित्सकों की लापरवाही के चलते यह सर्जरी चार घंटे तक चली। इस दौरान उज्ज्वल में गंभीर लक्षण दिखे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें गैस का दर्द बताकर अनदेखा कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उपचार के दौरान सीनियर डॉक्टरों ने जांच की थी, लेकिन तब तक उज्ज्वल की आंत फट चुकी थी। समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण उसकी हालत बिगड़ती गई और उसने दम तोड़ दिया। उज्ज्वल अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ गया है, जिनकी उम्र 3 और 8 वर्ष है। उसके असामयिक निधन से परिवार पर गहरा दुख छाया है। गांव में शोक की लहर है। सोमवार देर शाम भैसी गांव में सैकड़ों ग्रामीणों ने शिव मंदिर तक कैंडल मार्च निक. ालकर उज्ज्वल को श्रद्धांजलि दी और चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जिम्मेदार डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं होती, वे चुप नहीं बैठेंगे।

### न्याय की मांग को लेकर उठे कदम

ग्रामीणों ने बताया कि 10 जून को गाजियाबाद के यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बाहर धरना-प्रदर्शन कर उज्ज्वल को न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषी चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## पुलिस ने वारंटी जेल भेजा

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने लगभग एक दशक पुराने मामले में न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी किशन पाल सिंह ने बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश और कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व मे राजू उर्फ मोटा पुत्र यशपाल सिंह निवासी गांव कुरथल को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर उसके मकान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वारंटी को पकड़ने वालों में उप निरीक्षक दीपक कुमार व हैड कांस्टेबल अनिल कुमार भी शामिल रहे।

# मुखबिर से परेशान बंगाली समाज ने लगाई न्याय की गुहार

**मोरना।** मुखबिरो द्वारा फर्जी सूचना देकर झूठे मामलो मे फंसाने की ऑडियो मिलने पर बंगाली समाज के व्यक्ति भीम आर्मी के नेतृत्व मे भोपा थाना पर पहुंचे और न्याय की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव छछरौली निवासी भीम आर्मी ग्राम अध्यक्ष सतीश कुमार व ब्लॉक् महासचिव विनेश कुमार के नेतृत्व मे बंगाली समाज के दर्जनों व्यक्ति सोमवार को भोपा थाना पर पहुंचे जहां सतीश कुमार ने तहरीर देकर बताया की बंगाली समाज के व्यक्ति गन्ना कोल्हू क्रेशर आदि मे मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैँ।बंगाली समाज के ही दो व्यक्ति फर्जी सूचनाएं देकर प्रशासन को भर्मित करते हैँ। जिनकी मोबाइल पर आपसी बातचीत का ऑडियो



उन्हें मिला है जिसमें दोनों व्यक्ति बेगुनाह युवकों को फर्जी रूप से फंसाने की योजना बना रहे हैँ। दोनों व्यक्ति बेगुनाह व्यक्तियों पर रुआब ग़ालिब करते रहते हैँ।जिनसे समाज के लोग परेशान हैँ।बंगाली समाज के लोगो ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से न्याय की मांग की है।

## तहसील दिवस में आई कुल 27 शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीती शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण आज सोमवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सभी विभागों की कुल 27 घशिकायतें आई।

बुढाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने संपूर्ण समाधान दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस मे 27 शिकायतों में से कुल 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बताया जाता है कि मुजफ्फरनगर जनपद में आगामी 11 जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के कारण संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाअधिकारी नही आ सके।

उनकी गैर मौजूदगी में एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती और तहसीलदार बुढाना महेंद्र सिंह यादव ने संयुक्त रूप से संपूर्ण समाधान दिवस मे आए ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना। दोनों अधिकारियों ने सभी समस्याओं को संबंधित विध्भागों के अघधिकारियों को देकर उनके निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कुल 27 शिकायतों में से 06 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## 16 जून की पंचायत को लेकर किया विचार विमर्श

**बुढ़ाना।** आगामी 16 जून को मेरठ जनपद में होने जा रही किसान पंचायत की सफलता को लेकर आज सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित डाक बंगले पर बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के जिम्मेदार किसानों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें किसान नेता ठाकुर पिंटू सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि आने वाली 16 जून को मेरठ शहर में एक किसान पंचायत होने जा रही है। जिसमें हम सभी किसानों को भारी संख्या में आगामी 16 जून को बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर से मेरठ के लिए सुबह दस बजे अपने अपने वाहनों के जरिए कूच करना है। इस किसान पंचायत में किसानों से संबंधित सभी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और उसके निस्तारण के लिए किसी भी बड़ी रणनिति पर सहमति जताई जाएगी। बैठक में किसानों की एकता पर भी बल दिया गया और कहा गया कि हम संगठित रहेंगे तो समस्याओं का निस्तारण चुटकियों में होगा।

इस दौरान बैठक में मुख्य रुप से सतेंद्र मलिक, सुभाष मलिक, अनिल मलिक, विधुर प्रधान, आदित्य बालियान, ओम कैलाश बालियान, शाहवेज़, मुस्तफा, परवेज, घनश्याम सैनी और अक्षय त्यागी आदि किसानों की मौजूदगी देखने को मिली।



बुढाना: पंचायत को लेकर विचार विमर्श करते किसान नेता।

## दों पक्षों के बीच हुए झगड़े में बिचौलिया ही हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** झोटों की लड़ाई में झुण्डों का नुकसान वाली कहावत आज यहां पर चरितार्थ हुई। जिसमें दो पक्षों की लड़ाई में दोनों पक्षों का तो कुछ नहीं बिगड़ा पर दोनों पक्षों को शांत करने के उद्देश्य से समझाने के लिए आया बिचोलिया घायल हो गया। इस मामले में फुगाना पुलिस ने कार्यवाही की है।

मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के गांव लोई में आज सोमवार की सुबह करीब 10 बजे लोई निवासी हसरत अहमद की बोलेरो पिकअप नईम अहमद के मकान से अचानक टकरा गई। इस घटना में मकान का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तब इस घटना से नाराज मकान मालिक नईम अहमद का बोलेरो पिकअप चालक हसरत अहमद के साथ विवाद हो गया। इसी विवाद में गाली-गलौज के बाद मारपीट और पथराव शुरु हो गया। छत पर चढे युवक की ईंट लगने से बीच बचाव करवाने आया ग्रामीण शौकत घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस दोनों पक्षों के ग्रामीणों को थाने में ले आई। घटना की तहरीर किसी भी पक्ष ने पुलिस को नही दी। ग्रामीणों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवा दिया। पुलिस ने बताया कि ईंट फेंकने वाले युवक शाहनवाज अहमद तथा बोलेरो पिकअप के मालिक हसरत अहमद का शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नहाने गए थे चार दोस्त, लौटे दो, परिवार में मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गर्मी से राहत पाने के लिए यमुना नदी में नहाने गए चार दोस्तों की टोली में से दो अब कभी घर नहीं लौटेंगे। ऊदपुर गांव के रहने वाले रहमान (16) और जैद (17) की रविवार को यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। ए हादसा उस समय हुआ जब चारों दोस्त सुबह करीब दस बजे नदी के ठोकर वाले हिस्से में नहा रहे थे। गहरे कुंड में उतरते ही रहमान और जैद पानी में समा गए, जबकि बाकी दो साथियों ने किसी तरह बाहर निकलकर मदद के लिए शोर मचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना स्थल यमुना नदी में बनी एक ठोकर के पास का है जहां पानी का बहाव तेज और गहराई अधिक है। जब दोनों किशोर डूबे, तो उनके साथियों ने हिम्मत दिखाते हुए किसी राहगीर से फोन लेकर गांव में सूचना दी। सूचना



मिलते ही नवाजिश व सरवर नामक ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### तीन दिन पहले ही केरल से लौटा था रहमान

रहमान चार भाइयों में सबसे छोटा था। कुछ महीने पहले ही वह केरल गया था जहां फर्नीचर बनाने का काम करता था। हादसे से ठीक तीन दिन पहले वह घर लौटा था। पूरे परिवार में उसकी वापसी की खुशी थी, लेकिन अब उसके घर में मातम पसरा है। रहमान का हंसमुख चेहरा अब केवल तस्वीरों में रह गया।

### मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाता था जैद

वहीं जैद भी अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। गांव में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था और परिवार की आर्थिक मदद करता था। पिता पहले ही गुजर चुके हैं। जैद की मौत से परिवार का सहारा छिन गया।

## गहरे कुंड में डूबे दो किशोर, गांव में पसरा मातम, पीएम से इंकार



### पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंचे, परिजनों ने किया पीएम से इंकार

घटना की जानकारी मिलते ही चौसाना चौकी और बिडौली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और कानूनी औपचारिकताओं के तहत पोस्टमार्टम की बात कही। लेकिन गम में डूबे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

### गांव में मातम, लोगों ने की सुरक्षा की मांग

रविवार की यह दोपहर गांव ऊदपुर के लिए काली बनकर आई। दोनों युवकों की मौत से गांव की फिजा ही बदल गई। हर गली में सन्नाटा है और हर आंख नम।

# एक अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2015 में थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त अमित शर्मा पुत्र सत्यपाल शर्मा निवासी मौहल्ला शिव विहार कालोनी हाल पता मौहल्ला दयान्दनगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी, जिसमें थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त अमित शर्मा व उसकी की पत्नी रूबी शर्मा को उपरोक्त घटना में सहयोग देने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए। इसी क्रम में आज 9.6.2025 को न्यायालय स्पेशल पोक्सो कोर्ट-1, मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्त अमित व उसकी पत्नी रूबी उपरोक्त को दोषी पाते हुए अभियुक्त अमित को आजीवन कारावास की सजा व 50,000/-रुपये अर्थदंड, अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास व अभियुक्ता रूबी शर्मा धारा 376/120 बी भादवि व पोक्सो अधिनियम में आजीवन कारावास की सजा व 50,000/-रुपये अर्थदंड, अर्थदंड अदा न करने पर 1 माह के कारावास की सजा सुनाई है।

# भीषण गर्मी से फसल हो रही हैं नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** भीषण गर्मी के चलते किसान की फसल नष्ट हो रही हैं क्योंकि किसानों को देहात में ट्यूबवेलो को पहले 18 घंटे तक बिजली मिलती थी लेकिन अब 8 घंटे बिजली मिलने की वजह से किसान को पानी पूर्ति करनी मुश्किल हो रही हैं। ऐसे में किसान सरकारी नाली के पानी के लिए मजबूर है लेकिन नाली की सफाई न होने की वजह से नाली में कबाड़ होने के कारण पानी नही मिल रहा हैं। सीसीएसयू के छात्र नेता शान मुहम्मद ने सिंचाई विभाग के एसडीओ विक्रांत सैनी व जई हेमंत कुमार से नाली सफाई कराने को लेकर शिकायत की हैं अधिकारियों ने तत्काल नाली सफाई के आदेश दिए। वहीं भीषण गर्मी से किसान जल्द बारिश की दुआ कर रहे हैं।

# धागा व्यापारी लूटकांड घटना का खुलासा, दस लाख बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** धागा व्यापारी के मुनीम से लूट की घटना को पूरी योजना बनाकर अंजाम दिया गया था। बदमाशों ने एक वैगनआर व बुलेरो गाडी किराए पर लेकर खुद को जीएसटी विभाग का अधिकारी बताकर 25 लाख रूपये की नकदी लूटी थी। देर रात्रि पुलिस ने मुठभेड में जहां दो बदमाशों को गिरफ्तार कर 10 लाख रूपये की नकदी बरामद की है वही पुलिस ने गाडी को किराए पर देने वाले तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

गत 3 जून को शहर कोतवाली क्षेत्र के सिंभालका बाईपास पर



शामली। घटना के खुलासे के दौरान मौजूद डीएम अरविंद कुमार चौहान व एसपी राम सेवक गौतम। छाया शाह टाइम्स

बदमाशों ने खुद को जीएसटी अधिक. ारी बताकर धागा व्यापारी के मुनीम अनिल व चालक सतनाम से 25 लाख रूपये की नकदी लूट ली थी। सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि देर रात्रि ग्राम जगनपुरा तिराहा के पास चौकिंग के दौरान मुठभेड के बाद दो बदमाशों मोहित पुत्र लीलू व शुभम उर्फ गौरव पुत्र करतार सिंह निवासीगण ग्राम भेडापुर थाना चांद. ीनगर जनपद बागपत को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए है।

जिनके पास से लूटी गई रकम से 10 लाख की नकदी, अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त गाडी बरामद हुई है। एसपी ने बताया कि पकडे गए बदमाशों ने अपने अन्य साथियों सागर पुत्र सतीश व बोबी पुत्र जोगिन्द्र निवासीगण ग्राम भेडापुर, राहुल निवासी शालीमार गार्डन जनपद गाजियाबाद व रोहन के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों ने घटना वाले दिन सुबह 8 बजे के करीब बोबी अपने साथी मो. ि

## पांच गिरफ्तार

हत और राहुल के साथ आकर रवि से बुलैरो गाडी तथा उसी दिन भेड़ापुर चांदीनगर बागपत के रहने वाले सागर पुत्र सतीश और शुभम उर्फ गौरव ने अमरजीत से वैगनआर गाडी ली थी। इन लोगों द्वारा रवि व अमरजीत से बताया गया कि आज एक बहुत अच्छा काम करना है अगर काम हो गया तो तुम्हे भी ठीक ठाक किराया देगे।

अभियुक्तो द्वारा बताया कि हम लोग एक हरियाणा वाले धागा व्यापारी के पीछे लगे हुए हैं वो मेरठ से नम्बर 2 का मोटा कैश लेकर आता है। जिनके आने की उम्मीद है। बाद में फर्जी नम्बर प्लेट व भारत सरकार का स्टीकर लगाकर रवि व अमरजीत की गाडियों से घटना को अंजाम दिया। पकडे गए बदमाशों को जेल भेज दिया गया है। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

## एक नजर

### समर कैम्प में स्विमिंग पूल में नहाने का बच्चों ने उठाया आनन्द



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में समर कैम्प में सोमवार को बच्चों ने स्विमिंग पूल में नहाने, मस्ती करने और उछल कूद करने का आनन्द उठाया। समर कैम्प के सभी बच्चे गोहरनी रोड स्थित स्विमिंग पूल पर पहुंचे और स्विमिंग पूल मे ठंडे पानी से नहाने का आनन्द लिया और शीतलता का अनुभव किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सबको सुरक्षा सम्बन्धी निर्देशों से अवगत कराया और उपस्थित समस्त स्टाफ को भी बच्चों का ध्यान रखने के सख्त आदेश दिए। छोटे बच्चों व बडें बच्चों के लिए अलग-अलग स्विमिंग पूल की व्यवस्था थी। पानी में नहाते हुए और क्रीडा करते हुए बच्चे ऐसे प्रतीत हो रहे थे जैसे छोटी-छोटी मछलियां उछल कूद कर रही हों। नहाने के बाद सभी बच्चों ने घर से लाया हुआ नाश्ता जैसे सैंडविच, चिप्स, कुरकुरे, बिस्कुट, फ्रूटी आदि का भी आनन्द लिया। कैम्प संचालिका छवि शर्मा बच्चों की देख रेख और सुरक्षा सम्बन्धी दायित्व का निर्वाह बडे ध्यान पूर्वक कर रही थी। जिससे बच्चों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आई।

### कुटुंब प्रबोधन गतिविधि का आयोजन, परिवारों को संस्कारित करने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कुटुंब प्रबोधन गतिविधि की एक महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी नगर खंड के संयोजक और प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में सह प्रांत संयोजक बालकृष्ण ने कुटुंब प्रबोधन के कार्यों को हर परिवार तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर हर घर तक संपर्क बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है,ताकि हिंदू परिवार संस्कारित और सशक्त हो सकें। साथ ही, उन्होंने सभी नगर खंडों में छोटे-छोटे पारिवारिक गोष्ठियां आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।बैठक के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक आलोक ने आशीर्वचन स्वरूप सभी को मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रात: संयोजक विनय कुमार,विभाग संयोजक देवदत्त,सह विभाग संयोजक मांगेराम,जिला संयोजक अनिल और शुभम सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# रिक्त पदों पर होगी चयन की प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पंचायत राज अधिकारी शामली संदीप अग्रवाल ने अवगत कराया कि निदेशक महोदय, पंचायतीराज उ.प्र. के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त अनुमोदन दिनांक-5.6.2025 के उपरान्त जनपद शामली के विकास खण्डों की 17 ग्राम पंचायतों (वि.ख.-कैराना की ग्राम पंचायत-गोगवान, विकास खण्ड-कांधला की ग्राम पंचायतें इस्सोपुरटील, ताहिरपुर भभीसा, विकास खण्ड-शामली की ग्राम पंचायत-ताजपुर सिंभालका, चूनसा, झाल, बरला जट, खानपुर एवं गो. हरनी, विकास खंड ऊन की ग्राम पंचायत-दथेडा, भमेडी शाहपुर, कालमाजरा, आकापुर उर्फ फूंसगढ, पीरखेडा, पेलखा, लव्वादाऊदपुर एवं बसी चुंधियारी) में पंचायत सहायक एकाउंटेंट-कम-डाटा-इन्ट्री ऑपरेटर के कतिपय कारणों से रिक्त हुए पदों पर चयन की कार्यवाही निम्नानुसार किए जाने के निर्देश दिए गए है। पंचायत सहायक/ एकाउंटेंट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय-सारिणी। कार्य-1-ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/एकाउन्टेन्ट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना।

निर्धारित समय- 10 जून, 2025 से 12 जून, 2025, 2-जिला पंचायत राज अधिकरी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कराने की अवधि। निर्धारित समय -13 जून, 2025 से 28 जून, 2025, 3-जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना।

निर्धारित समय-29 जून, 2025 से 4 जुलाई, 2025, 4-ग्राम पंचायत मे प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारर्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। निर्धारित समय-05 जुलाई, 2025 से 11 जुलाई, 2025, 5-जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। निर्धारित समय- 12 जुलाई, 2025 से 18 जुलाई, 2025, 6-ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। निर्धारित समय-19 जुलाई 2025 से 21 जुलाई, 2025 व्यवस्था रहेगी।

# हरे चारे से गोमाता की सेवा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी गऊ ग्रास समिति द्वारा नई मंडी स्थित गौशाला में 6 कुंतल हरा चारा और पांच कुंतल घीया और खीरा सब्जी से गौ माता की सेवा की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि संस्था माह में एक बार गौ माता को हरा घास खिलाकर गौ माता की सेवा करती है शास्त्रों में गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है गौ माता की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है तथा मन को असीम शांति भी प्राप्त होती है सभी को बढ़-चढ़कर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर विजय गुप्ता कपिल मित्तल वीरेन्द्र बालियान प्रियांशु रुहेला आदि मौजूद रहे।

# वेब पोर्टल सितम्बर तक हुआ विस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के पत्र के क्रम में सहायक श्रमायुक्त, शामली अचला पाण्डेय ने अवगत कराया गया कि बोर्ड का वेबपोर्टल जो 9.2.2024 से बन्द होने के कारण ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो ससमय नवीनीकरण एवं योजना आवेदन नहीं कर पाए तथा योजनान्तर्गत प्रावधानित समय-सीमा वेबपोर्टल बन्द होने के कारण समाप्त हो गई।

उन्हें वेबपोर्टल संचालित होने के उपरान्त नवीनीकरण एवं योजना आवेदन करने हेतु माह मार्च-2025 तक छूट प्रदान की गई थी। उपर्युक्त क्रम में अवगत कराना है कि उक्त छूट समाप्त हो जाने के उपरान्त विभिन्न जनपदीय अधिकारियों द्वारा उक्त अवधि को विस्तावित किए जाने का अनुरोध किया गया। अभी भी कई ऐसे श्रमिक आवेदनकर्ता है, जो कि विभिन्न कारणों जैसे श्रमिक पंजीयन में त्रुटि होने, पारिवारिक विवरण फीड न होने, जन्म मृत्यु सर्टिफिकेट न होने, नवीनीकरण न होने, आधार सत्यापन न होने, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न होने, जानकारी का अभाव होने जैसे कारणों से उक्त छूट का लाभ नहीं ले पाए हैं। अत: श्रमिक हित में बोर्ड कार्यालय द्वारा उक्त छूट को माह सितम्बर-2025 तक विस्तारित करते हुए बोर्ड के वेबपोर्टल पर निम्नलिखित व्यवस्था करा दी गई है।

# महिला ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला पंसारियान बड़ी माता मंदिर रोड निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर जबरदस्ती कमरे में खींचने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

सोमवार को शहर के माता मंदिर रोड निवासी अन्नु पत्नी रविसन कुमार उर्फ सोनू ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति धनेन्द्र संगल उर्फ भूचल के यहां मजदूरी का कार्य करता है। गत 6 जून को शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच पति घर पर नही था और प्रधान घर पर मजदूरी के रूपये देने के लिए आया। आरा. ेप है कि इस दौरान महिला को घर पर अकेली देखकर कमरे में खींचने का प्रयास किया, जिसका विरोध किया तो गाली गलौच की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने बताया कि इस दौरान उसके कपडे भी फट गए। जिसकी शिकायत उसने डायल 1076 पर भी की थी। पीडिता ने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# बौद्धिक व सेवा विभाग की प्रदर्शनी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में संचालित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रान्त के संघ शिक्षा वर्ग में बौद्धिक व सेवा विभाग की प्रदर्शनी का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रान्त द्वारा किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों का बौद्धिक व शारीरिक विकास के प्रति जागरूक किया गया। गत 7 जून से 23 जून तक मेरठ प्रान्त द्वारा आयोजित संघ शिक्षा वर्ग सामान्य का संचालन शहर के सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल में हो रहा है। जिसमें मेरठ प्रान्त के 28 जनपदों से आए लगभग 700 स्वयंसेवक प्रतिभाग कर रहे है। सोमवार को नगर शामली में



संचालित संघ शिक्षा वर्ग में बौद्धिक विभाग एवं सेवा विभाग द्वारा प्रदर्शनी का शुभारम्भ मेरठ प्रान्त के प्रान्त संघचालक एवं वर्ग के सर्वाधिकारी प्रेमचन्द द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आए हुए शिक्षार्थियों को अपने प्राचीन धर्मग्रन्थों, उपनिषदों, वेदों व हमारे महापुरूषों के विषय में जानने का अवसर मिलता है तथा हम सभी के द्वारा अपने घरों में इन धार्मिक ग्रन्थों का नित्य अध्ययन करने से संस्कारयुक्त वातावरण निर्माण होता है व अपने धर्म संस्कृति के प्रति श्रद्धा का निर्माण होता है। इस अवसर पर वर्ग के कार्यवाह अरविन्द कुमार, प्रान्त प्रचारक व वर्ग पालक अनिल, सह प्रान्त प्रचारक आनन्द, क्रान्ति, भूपेन्द्र, अतुल, देशपाल आदि मौजूद रहे।

# जलभराव की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले सपा विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना सीट से समा. जवादी पार्टी के विधायक चौधरी नाहिद हसन कांधला ब्लॉक क्षेत्र के गांव आल्दी के ग्रामीणों के साथ में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज से मुलाकात की। उन्होंने एसडीएम को गांव आल्दी की गलियों में हुए जलभराव की समस्या से अवगत कराया। बताया कि घरों से निकलने वाले दूषित पानी की निक. ासी की सुचारू व्यवस्था न होने से गली में गंदा पानी भरा हुआ है। यह पानी ग्रामीणों के घरों में जा घुसा है, जिस कारण महिलाएं मकान की छत पर भोजन बनाने को विवश है। कैराना-कांधला मार्ग की ओर आने वाले गांव के मुख्य रास्ते पर नाला निर्माण कराए जाने से जलभराव की समस्या का निस्तारण हो सकता है। इस मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की भूमि उपलब्ध है, जिस पर एक-दो लोगो ने अवैध कब्जा कर रखा है। कब्जाधारी लोग नाला निर्माण के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे है। नाला निर्माण होने से निकासी का गंदा पानी



गांव में स्थित तालाब में जा सकता है। करीब दो माह से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे मार्ग पर ग्रामीणो का आवागमन भी बंद हो चुका है। ग्रामीणों के कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या पर कोई संज्ञान नही लिया गया। बरसात का मौसम नजदीक है। ऐसे में नाला निर्माण का कार्य शीघ्र कराया जाना अति आवश्यक है। विधायक ने जनहित को ध्यान में रखते हुए जलभराव की समस्या का निराकरण कराने को कहा है। उधर, विधायक नाहिद हसन का कहना है कि गांव आल्दी में जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसी को लेकर ग्रामीणों के साथ में एसडीएम से मुलाकात की गई है। एसडीएम ने समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

# एनओसी लेकर अन्य कॉलेज में एडमिशन लेने का दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राजकीय महाविद्यालय थाना भवन में पिछले एक वर्ष से पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का भविष्य फिलहाल संकट में नजर आ रहा है। प्रशासन ने इन छात्रों को एनओसी ‍(नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट‍) जारी करते हुए अन्य महाविद्यालयों में दाखिला लेने के निर्देश दिए हैं। छात्रों को बताया गया है कि नए सत्र से महाविद्यालय में सरकारी व्यवस्था के अंतर्गत नए स्टाफ की नियुक्ति के साथ ही नए छात्रों का ही प्रवेश होगा। छात्रों का कहना है कि उन्होंने पूरे एक वर्ष तक मेहनत से पढ़ाई की है और अब उन्हें महाविद्यालय से बाहर कर दिया जा रहा है। इस फैसले के विरोध में छात्र-छात्राओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मां शाकुंभरी विश्व.



थानाभवन। शिकायत करने पहुंचे छात्र-छात्राएं।

विद्यालय और शासन से न्याय की मांग की है। बताते चलें कि कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के प्रयासों से थाना भवन में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई थी। शुरुआत में प्राइवेट स्टाफ द्वारा पढ़ाई कराई गई, और 147 छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. में दाखिला लिया था। प्रत्एक छात्र से लगभग 7000 रूपए शुल्क भी लिया गया था। वर्तमान में विश्वविद्यालय ने निर्देश दिए हैं कि 2025-26 सत्र से महाविद्यालय को पूर्ण रूप से सरकारी व्यवस्था के तहत संचालित किया जाएगा।

इसके चलते पहले से पढ़ रहे छात्रों को अन्य कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए एनओसी दी जा रही है। इससे नाराज छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मांग की है कि उन्हें भी अगले सत्र में यहीं पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाए।तहसीलदार रविंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और छात्रों से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और उनके निर्देशानुसार ही आगे की कार्रवाई होगी।

# दिव्यांगों के लिए दस जून से चलेगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए प्रत्येक जनपद में विकास खण्ड स्तर पर शिविर का आयोजन कर उनके चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 10 जून से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया इस अभियान में सभी विकास खण्ड परिसरों में चिन्हांकन शिविर का आयोजन पूर्वाहन 10:30 बजे से अपरान्हन 4 बजे तक किया जाएगा। जिसमें विकास खण्ड प्रांगण शामली में 10 जून, विकास खण्ड प्रांगण थानाभवन में 11 जून, विकास खण्ड प्रांगण ऊन में 12 जून, विकास खण्ड प्रांगण कांधला में 13 जून, विकास खण्ड प्रांगण कैराना में 19 जून को शिविर का आयोजन किया जाएगा। चिन्हांकन शिविर में सीएमओ द्वारा चिकित्सकीय दल का गठन कर दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। दिव्यांग मेडिकल बोर्ड द्वारा उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड निर्गत किए जाएंगे।

# भीषण गर्मी से आम जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। गर्मी का असर कपड़ों की दुकानों से लेकर खानपान के व्यवसाय तक साफ देखा जा सकता है।

सोमवार को मौसम का अधि.कतम तापमान 41 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया। तापमान बढने से लगने लगा है कि दोपहर के समय तो जैसे आसमान से आग बरस रही हो। तेज गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी कामों को भी टालने लगे हैं। खासकर दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। दुपहिया वाहनों की बिक्री पर इसका खासा असर पड़ा है। शोरूम संचालकों वैभव गर्ग, अभिषेक, दिनेश का कहना है कि ग्राहक आ ही नहीं रहे, जिससे बिक्री में भारी गिरावट आई है। व्यापारियों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में आर्थिक नुकसान और बढ़ सकता है। वहीं आम लोग भी इस झुलसाती गर्मी से बेहद परेशान हैं और मानसून के जल्दी आने की दुआ कर रहे हैं। गर्मी के कारण स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ रही हैं। स्थानीय अस्पतालों में उल्टी-दस्त, डीहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक तापमान और शरीर में पानी की कमी इसके मुख्य कारण हैं। चिकित्सकों ने लोगों को दिन के समय घर से बाहर निकलने से बचने और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है।







## मीठे शरबत का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भीषण गर्मी का प्रकोप बढने से समाजसेवी संगठनों द्वारा सोमवार को मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को शर्बत का वितरण किया गया। सोमवार को शहर के झिंझाना रोड पर प्रमुख समाजसेवी व वीवी इंटर कालेज के प्रबंधक संजय संगल द्वारा भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई। इस दौरान उनके द्वारा आने जाने वाले राहगीरों को शर्बत वितरित किया गया। जिससे लोगों की भीषण गर्मी में प्यास बुझ सकी। इस अवसर पर डा। अनुराग शर्मा, मनोज शर्मा, मुस्तफा, सागर गर्ग, आयुष संगल, विक्रांत गर्ग, नीरज संगल, वाहिद, सुमैर, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संगम ने भीषण गर्मी के मौके पर ठंडा पानी की व्यवस्था की 7 दिन के लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम शामली द्वारा आयोजित भीषण गर्मी के मौके पर ठंडा पानी की व्यवस्था की जा रही है जिसका शुभारंभ संरक्षक मुकेश गर्ग एडवोकेट, सुरेंद्र कुमार बंसल द्वारा संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि संगम बड़ा सराहनीय कार्य कर रही है जिसमें भीषण गर्मी के मौके पर सभी ठंडा जल सात दिनों तक पी सके। जिससे उनको गर्मी से राहत मिले। हम सभी हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। आगे भी अगर जरूरत पड़ी ठंडे पानी की व्यवस्था रहेगी। स्थान पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बंसल लाख वालों का घेर पर की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष अनुराग जैन, सचिव मनीष भटनागर, कोषाध्यक्ष वैभव संगल, रामनिवास सैनी, विनोद मित्तल, दिव्या प्रभाकर, ऋषभ जैन, रवि संगल, मनोज मित्तल, अजय गर्ग आदि रहे।

## भीषण गर्मी में बिजली संकट, ट्रांसफार्मर फुंकने से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** जनपद शामली के गांव भाटू में ट्रांसफार्मर जलने के कारण पिछले चार दिन से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। 44 डिग्री तापमान में ग्रामीण भीषण गर्मी और पानी की भारी किल्लत झेल रहे हैं। पंखे-कूलर बंद हैं, पानी की मोटरें नहीं चल रहीं और गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की हालत खराब हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना तुरंत विद्युत विभाग को दी गई थी, लेकिन न तो कोई कर्मचारी मौके पर आया और न ही एसडीओ और जेई ने फोन उठाया। ग्रामीणों द्वारा बार-बार कॉल करने पर भी अधिकारियों ने समस्या सुनने की बजाय गुस्से में बात की, जिससे लोगों में भारी रोष है। गांववा.सियों ने बताया कि विभागीय लाप.रवाही के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद के नेतृत्व में कल बिजली घर दुल्ला खेड़ी पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान पूर्व प्रधान अरुण राणा, आरिफ राणा, मौलाना सद्दाम, वसीम राणा, जावेद राणा, शक्ति राणा, नौशाद राणा, छोटू राणा, बबलू प्रजापति समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने जल्द बिजली बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार भले 24 घंटे बिजली ठीक कराने का दावा करे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। देखा जाए तो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रांसफार्मर फूकने के 24 घंटे बाद तक दूसरा ट्रांसफार्मर बदलने ने का आदेश जारी किया हुआ है लेकिन विद्युत विभाग सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखा रहा है।

# जैन समाज के श्मशान घाट का रास्ता बनवाने व हैंड पम्प लगवाए जाने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सभासद ने जैन समाज के शमशान घाट पर पक्का रास्ता बनवाए जाने व पेयजल सुविधा स्थापित कराए जाने की मांग की हैं।

सोमवार को पालिका सभासद शुगन मित्तल ने तहसील दिवस में पहुंचकर एक मांग पत्र देते हुए खुरगान रोड बाईपास पर स्थित जैन समाज के पर पक्का रास्ता बनवाए जाने व पेयजल की व्यवस्था कराए जाने की मांग हैं। उन्होंने बताया कि शमशान घाट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है,लेकिन वहां पर अभी तक श्मशान घाट में जाने के लिए पक्का रास्ता है और न ही पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। सभासद ने इस संबंध में जिलाधिकारी से प्रार्थना की है कि शमशान घाट का रास्ता पक्का और उसके समीप एक सरकारी हैड पंप लगाने की कृपा करें। उनका कहना है कि शमशान घाट पर जल संकट के चलते वहां पर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यह पंप न केवल जैन समाज के लिए,बल्कि अन्य समुदायों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है,ताकि अंतिम संस्कार के समय में पानी की कमी न हो और जनसमुदाय को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# महिलाएं व छात्राएं खुलकर कहें अपनी बातः डॉ. हिमानी अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल मवाना में जाट कॉलेज के पीछे मौहल्ला मुन्ना लाल में पीड़िता से उसके आवास पर मिलने पहुंची। बता दें कि मौहल्ला मुन्ना लाल निवासी महिला ने रविवार को डॉ. हिमानी अग्रवाल को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उसके घर के पास एक खंडरनुमा मकान में मौहल्ले के रहने वाले शराबी आये दिन शराब पीते है और जुआ खेलते है। जिस कारण बेटी का स्कूल जाना बंद हो गया है, पीड़िता ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी ने भी 2023 उसकी छेड़छाड़ के कारण स्कूल जाना बंद कर दिया था, इस संबंध में पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं होने के आरोपियों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। हिमानी अग्रवाल ने पीड़ित महिला को आश्वासन दिया कि बेटी को पढ़ने के लिए भेजे। उनके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।



# योजना का लाभ पहुंचाने में अव्वल थानाभवन एसबीआई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक सरकारी योजना का आमजन को लाभ पहुचे मे अव्वल नजर आ रहा है। मुंद्रा लोन,पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना, सीएम युवा उध्यम, स्टेंड अप इंडिया, लघु उद्योग आदि सरकार द्वारा एसी एसटी, ओबीसी एवं गरीब वर्ग सहित महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने एवं लाभ पहुंचने के उदेश्य से चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत पात्रों को लोन देने मे भारतीय स्टेट बैंक थानाभवन अव्वल नजर आ रहा है। जानकारी देते हुए ब्रांच मैनेजर निश्चय अग्रवाल ने बताया की उनका मुख्य उदेश्य है की उनकी शाखा मे आने वाले हर उपभोक्ता को सम्मान एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब, मध्यम वर्ग के उत्थान हेतू महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिले। अभी तक उनकी शाखा से 95 पात्रों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, 21सीएम युवा उध्यम योजना, मुंद्रा लोन योजना सहित स्टेड अप इंडिया के अंतर्गत आवेदन करने वाले पात्र उपभोक्ताओ को प्राथमिकता से लोन दिए गए है और कई दर्जन लोन आवेदनो पर कार्य जारी है जिनके चंद दिनों मे ही पैसा जारी कर दिया जाएगा। उनके द्वारा थानाभवन नगर मे रविंद्र सैनी को लाइब्रेरी व नेहा रानी को बेकरी खोलने एवं क्षेत्र मे कई लोगो को नाई की की दुकान, पार्लर, चक्की, मिस्त्री का कार्य करने वाले लोगो को प्राथमिकता से सीएम युवा उध्यम योजना के अंतर्गत लोन देकर उनको आत्मनिर्भर बनाने व सम्मान से जीवन यापन करने का मौका दिया गया है।




**भारतीय स्टेट बैंक अन्य बैकों को दिखा रहा है आयना**

थानाभवन नगर मे स्थित सरक.ारी बैको मे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए उन बैको के उपभोक्ता चक्कर काटकर थक जाते है उनके बाद भी लोन मिलना एक सपने के बराबर है। पंजाब नेशनल बैक मे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए लोन लेना भूसे के ढेर मे गेहूं का दाना ढूढ़ने के बराबर है।लोन का आवेदन मिलने के बाद ब्रांच मैनेजर व फिल्ड अफसर मनगंढत कारण बताकर आवेदनो को निरस्त करके सरकार की महत्वपूर्ण योजना को पलीता लगा रहे है। जनपद के वरिष्ठ अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने बैठे है।ओर कई बैंकों में तो कस्टमर को धक्के खाने के बाद भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में एक बार ग्राहक के आवेदन के बाद बैंक कर्मचारी खुद फोन करके ग्राहक को संतुष्ट करके लोन मुहैया करा रहे है। प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को घर घर तक पहुंचाकर उनके सपने को पूरा करने में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया थानाभवन अहम भूमिका निभा रहा है ।

## एक नजर

### सतलोक आश्रम में तीन दिवसीय अमरवाणी का अखंड पाठ शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सतलोक आश्रम में आयोजित तीन कबीर साहेब प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में पहले दिन विशाल भंडारे के साथ संत गरीबदास महाराज की अमरवाणी का अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ। सोमवार को समागम में अमरवाणी में बताया गया कि आज से 628 वर्ष पूर्व सर्व सृष्टि के रचनहार परमेश्वर कबीर साहेब जी अपने सतलोक से सशरीर शिशु रूप में काशी लहरतारा तालाब में कमल के फूल पर संवत् 1455 सन् 1398 ज्एष्ठ मास की पूर्णमासी को प्रकट हुए थे। कबीर साहेब प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में वेदखेड़ी स्थित सतलोक आश्रम में विशाल भंडारा शुरू किया गया। सतलोक आश्रम में प्रदेश के लगभग के 75 जिलों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। प्रदेश कोर्डिनेटर हरदेश दास ने बताया कि इस महा समागम में संत गरीबदास महाराज की अमरवाणी का अखंड पाठ, दहेज मुक्त विवाह, आध्यात्मिक प्रदर्शनी, रक्तदान शिविर व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। भंडारा शुद्ध देसी घी द्वारा निर्मित भंडारा है जिसमे लड्डू, जलेबी, बर्फी, पूरी, सब्जी, दाल, चावल, फुलके, सलाद आदि पकवान श्रद्धालुओं को वितरित किया जा रहा है।

### सभासदों ने कैराना में नए बिजली घर बनाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गर्मी के मौसम में विद्युत संकट से परेशान नागरिकों के लिए पालिका सभासदों ने एक नया बिजली घर बनाने की मांग की है। सोमवार को तहसील सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे पालिका के आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने एसडीएम निधि भारद्वाज को एक मांग पत्र दिया। सभासदों ने मांग पत्र देते हुए बताया है कि नगर में पिछले कई दिनों से ओवरलोडिंग के कारण विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ढ़ह गई है,जिससे आम जनमानस को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बिजली संकट ने नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित किया है। भयंकर गर्मी के चलते लोग परेशान हैं और बिजली की अनियमित आपूर्ति से स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए नगर में एक नया बिजली घर बनाने के लिए सरकारी जमीन आवंटित करने की मांग की हैं। सभासदों ने एसडीएम को बताया कि नगर क्षेत्र में पालिका की कई जगहें ऐसी हैं जहां सरकारी जमीन उपलब्ध है। यदि उस जमीन का सही उपयोग किया जाए,तो नए बिजली घर के निर्माण की प्रक्रिया को जल्दी गति दी जा सकती है। सभासदों ने एसडीएम से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रकरण को तत्परता से सुलझाया जाए और संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाए,ताकि राहत प्रदान करने के लिए तुरंत कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से त्वरित कार्रवाई करने की उम्मीद है ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस दौरान सभासद शगुन मित्तल,मौलवी फुरकान,तौसीफ चौधरी,राशिद,उम्मेद राणा,पूर्व सभासद मेहरबान अंसारी सहित आदि मौजूद रहे।

### जंधेड़ी गौशाला के निरीक्षण पर पहुंचे डीएम, परखी व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** डीएम अरविंद चौहान ने गांव जंधेड़ी में संचालित गौशाला में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गौशाला में मौजूद गोवंशों के लिए हरे चारे एवं पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है। विगत दिनों हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने गौशाला में अनियमितता के संगीन आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन किया था।

सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम शामली अरविंद चौहान ब्लॉक क्षेत्र के गांव जंधेड़ी में संचालित गौशाला में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गोवंशों के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। डीएम ने मौके पर मौजूद केयरटेकर से गोवंशो की संख्या तथा चारे व पानी आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी की। जिलाधिकारी ने भयंकर गर्मी के मद्देनजर गौशाला में मौजूद गोवंशों के नियमित रूप से नहलाने एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था भी दुरुस्त रखने को कहा। जंधेड़ी गांव में संचा.लित गौशाला में करीब तीस गोवंश बताए गए है। इस दौरान एसपी शामली रामसेवक गौतम, एसडीएम निधि भारद्वाज, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। विदित रहे कि विगत दिनों हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर पूरे जनपद में गोवंशों की दुर्दशा के आरोप लगाए थे। उन्होंने धरना-प्रदर्शन करके जंधेड़ी गांव में संचा.लित गौशाला से गोवंशों के गायब होने के आरोप भी लगाए थे।

### भूमि विवाद में फसल जोतने का आरोप

**किठौर।** अमरपुर में जमीन पर कब्जा करने की नीयत से कुछ लोगों ने ट्रैक्टर चलाकर फसल नष्ट कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जमीन मालिक के साथ मारपीट भी की। दीपक त्यागी पुत्र मांगू सिंह निवासी माछरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अमरपुर में उसकी व उसके बड़े भाई संजीव की भूमि स्थित है। जिस पर राजेन्द्र, करणवीर पुत्रगण दयाराम, सचिन, संजय सहित दो अज्ञात लोगों ने कब्जा करने की नियत से ट्रैक्टर चला दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने दीपक व उसके पुत्र देवव्रत, भाई संजीव के साथ गाली गलौच करते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने पांच को नामजद कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।





झिंझाना। घायल युवक व मौके पर आकर पुलिस पार्टी जांच करती हुई। छाया शाह टाइम्स

# रुपयों के लेनदेन को संघर्ष, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मोहल्ला शाहमुबारिक में दो पक्षों में रूपये के लेन देन को लेकर लाठी डंडों के साथ धारदार हथियार चले, जिसमे एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस के आने से पहले ही हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आठ लोग नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

रविवार की देर शाम दो पक्षों में रूपये के लेनदेन पर संघर्ष हो गया था। नफीश पुत्र हाजी नजीर ने बताया कि देर रात्रि में मेरे मामा का लडका दानिश उर्फ काला पुत्र शहीद निवासी मौ शाहमुबारिक अपने भैसो के व्यापार के उधार के तीन लाख रूपये लेने के लिए जरीफ पुत्र बजीर निवासी मोहल्ला शाहमुबारिक से उसके घेर मे गया था। जब दानिश के द्वारा जरीफ से अपने उधार के रूपये मांगे तो आपस में कहा सुनी हो गई , जिसमे दानिश अपने घर पर वापस आ गया।

पीड़ित का आरोप है कि कुछ समय पश्चात जरीफ, अमन, अन्सार, सूफियान, शाहबेज समस्त निवासीगण मोहल्ला शाहमुबारिक अपने रिश्तेदारो समीर, सुहैल, ताबू समस्त निवासीगण छडियान कैराना व अन्य अज्ञात व्यक्तियो के साथ हाथो में लाठी डन्डे गडासो से लैस होकर घर पर आए तो सभी के द्वारा हम सभी को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से मारपीट करना शुरू कर दी। मारपीट के दौरान दानिश, सरफराज, शान को गम्भीर चोट आई।

जिनका ईलाज सरकारी अस्पताल ऊन में कराया गया, जहां से दानिश की हालत चिंताजनक होने पर जिला अस्पताल शामली को रैफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष के नफीस ने थाने में आठ नामजद सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। वही पुलिस ने एक आरोपी समीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# उर्वरक के साथ ट्रैगिंग पर होगी कठोर कार्यवाही जिला कृषि अधिकारी शामली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरको की खरीद यथा यूरिया, डी.ए.पी. व अन्य उर्वरको के साथ जबरन किसी पेस्टीसाइड उर्वरक व अन्य किसी उत्पाद की ट्रैगिंग की जाती है अथवा उसके विरुद्ध ट्रैगिंग की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके लाइसेन्स को निरस्त करते हुए उनके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (3/7) के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदाई होगा। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरको की कोई कमी नही है। जनपद को प्रशासन की मांग के क्रम में डी.ए.पी. की एक रैंक प्राप्त हो गई है जो गुजरात के कॉडला पोर्ट से चल चुकी है इसके शामली के रैक प्वाइन्ट पर 11.6.2025 की साय: तक पहुंचने की पूर्ण सम्भावना है। इसके साथ ही जनपद में डी.ए.पी. तथा यूरिया सहित सभी प्रकार के उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही इनकी निर्धारित दरो पर बिक्री की जा रही है।

खरीफ अभियान के तहत कृषको भाईयो द्वारा खरीफ फसलो की बुवाई की जाएंगी। खरीफ की फसलो में किसान भाई एस.एस.पी. का प्रयोग अन्य उर्वरको की तुलना में अधिक से अधिक करे जिससे भूमि को अन्य तत्वो के साथ सल्फर भी मिल सके तथा खरीफ की फसलो की बुवाई में डी.ए.पी. की तुलना में एन.पी. के. का प्रयोग अधिक करें जिससे फसल को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की उपलब्धता हो सके। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओ को उर्वरक बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने व पी.ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए है एवं सभी कृषकों को पी.ओ.एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया। कृषको भाई को जागरूक करे कि वह सन्तुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग करे और अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के उर्वरको का भण्डारण न करें।

# तीनों तहसीलों में 112 शिकायतों में से 12 का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को जिले की तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 112 शिकायतों में से मात्र 12 शिकायतों का ही मौके से पर निस्तारण किया जा सका है। कैराना तहसील में फरयादियों की शिकायते सुनते हुए डीएम एसपी ने प्रमुखता के आधार पर फरयादियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए है। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि लाप.रवाही मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

सोमवार को कैराना तहसील में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही चेता.वनी दी कि यदि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम के समक्ष 39 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 6 शिकायतों का निस्तारण हो सका। मौके पर एसपी रामसेवक गौतम, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द आदि मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील शामली में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उनके समक्ष 42 शिकायतें आईं, जिनमें से मात्र 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल मौजूद रही। तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम सत्एन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिनके समक्ष 31 शिकायते आई और मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण हो सका। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी मौजूद रहे।



## अधेड़ ने मोबाइल दिलाने का लालच देकर
# किशोर को बनाया हवस का शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मोबाइल फोन दिलाने का लालच देकर अधेड़ ने किशोर को बनाया अपनी हवस का शिकार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तारी कर पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीते दिन कोतवाली पहुंचकर गांव के ही एक अधेड़ पर उसके पुत्र को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर कुकर्म करने का आरोप लगाया था। इस प्रकरण से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए किशोर को मेडिकल के लिए भेजते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजूपुर रोड



स्थित प्राइमरी स्कूल के निकट से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अधेड़ ने मोबाइल फोन दिलवाने का लालच देकर किशोर को हवस का शिकार बनाया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी रिजवान को न्यायालय में सामने पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## युवक पर अश्लील हरकते करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महिला ने युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है। महिला के मुताबिक उसकी पुत्री चिकित्सक के यहां दवाई लेने आई थी। इसी दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया गया। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने रविवार को उसके घर में घुसकर गाली गलौज की और तमंचा दिखाकर आतंकित भी किया। पीडिता ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# न्याय न मिलने पर ब्राह्मण समाज करेगा धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गरीब ब्राह्मण परिवार को जातिवादी मानसिकता के लोगों द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने और पुलिस प्रशासन से न्याय न मिलने पर वृद्ध द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना पर युवा ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक ने दुख जताते हुए पीड़ित परिवार को न्याय न मिलने पर ब्राह्मण समाज द्वारा कौशांबी पहुंच धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर प्रांगण स्थित हनुमंत धाम में आयोजित हुई ब्राह्मण समाज की बैठक में रोहित कौशिक ने कहा कि कौशांबी जिले में एक गरीब ब्राह्मण परिवार पर अन्याय की पराकाष्ठा की गई। कुछ जातिवादी मानसिकता के लोगों ने उसके निर्दोष बेटे को झूठे छेडखानी के केस में फंसा दिया। पीडित पिता ने बेटे को बचाने के लिए पुलिस-प्रशासन से कई बार न्याय की



गुहार लगाई, लेकिन हर जगह उसे अपमान और डांट फटकार मिली। इंसाफ न मिलने पर वृद्ध ने जहर खाकर जान दे दी। कौशिक ने कहा कि अगर परिवार को न्याय नहीं मिलता तो पूरे उत्तर प्रदेश का ब्राह्मण समाज कौशांबी कुच करेगा। शुभम वत्स और आचार्य वासुदेव भारद्वाज ने कहा कि ब्राह्मण समाज द्वारा घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन करने पर पुलिस प्रशासन ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए उन्हीं पर लाठीचार्ज कर दिया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। जो बेहद निंदनीय है। कहा कि यदि पीड़ित परिवार को इंसाफ न मिला तो प्रदेश का ब्राह्मण समाज कौशांबी पहुंच धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। बैठक में पंडित संत शर्मा, मनोज भारद्वाज, विनय पंडित, मोहित पंडित, अर्जुन पंडित, राजीव शुक्ला, राजकुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, कमलकांत शर्मा, सागर शर्मा, रुद्र त्यागी, मुकुल आदि मौजूद रहे।

# गरीब असहाय लोगों को वितरित किए फूड पैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईद-उल-अजहा के त्यौहार पर इस्लामिया एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसायटी के तत्वावधान में अल खैर फाउंडेशन के सहयोग से खुशियां बांटिए भूख मिटाए कार्यक्रम के अंतर्गत गरीब व बेसहारा लोगों को नि:शुल्क राशन एवं फूड पैक वितरित किए गए।

इस्लामिया डिग्री कॉलेज प्रागण में गरीब व बेसहारा लोगों को नि:शुल्क राशन एवं फूड पैक वितरित करने के उपरांत सोसायटी के चेयरमैन डा. अजीम उल हक ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति प्रतिवर्ष अल खैर फाउंडेशन के सहयोग से गरीब बच्चों एवं जरूरतमंद परिवारों तक नि:शुल्क राशन एवं फूड पैक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि समिति का उद्देश्य गरीब एवं असहाय




लोगों तक सहायता पहुंचाना उनके जीवन की खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि जरूरतमंद लोगों की आवश्कताएं पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है।

# मुठभेड़ के बाद दो बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने मुठभेड के बाद लखनौती गांव में गोलीकांड को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना अचिन त्यागी समेत दो बदमाशों को पैरों में गोली लगने से घायल होने के बाद दबोचा। जबकि तीन आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। अंबेहटा तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी नूरपुर की तरफ से एक वर्ना कार ओर बाइक आती दिखाई दी। शक होने पर पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन वह लखनौती गांव की तरफ भागने लगे। इस दौरान कार एक पुलिया से टकराकर रुक गई। बाइक और कार में सवार पांच बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए फरार होने लगे। इसमें कई पुलिसकर्मी गोली लगने से बाल-बाल बचा। पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश

> पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर ने बताया कि अचिन त्यागी थाना देवबंद का हिस्ट्रीशीटर है और इसके विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। जबकि सक्षम त्यागी भी हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ थाना नागल में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अचिन 31 मई को लखनौती गांव में हुए गोलीकांड का मुख्य आरोपी है। उसने अपने ही फूफा संजय त्यागी को गोली मारकर घायल कर दिया था।

पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। जबकि तीन अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल के रास्ते फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों में खेड़ी आसा निवासी अचिन उर्फ रविकांत उर्फ रवि त्यागी पुत्र रजनीश है जिसके दाहिने पैर में गोली लगी है। जबकि दूसरा बदमाश थाना नागल के सरसीना गांव निवासी सक्षम त्यागी उर्फ घोलू पुत्र बोबी है, जो बाएं पैर में गोली से घायल हुआ है। इनके कब्जे से एक वर्ना कार, एक बाइक, दो तमंचे, 315 बोर का एक जिंदा और छह खोखा कारतूस और 2350 रुपये की नगदी बरामद हुई है। बता दें, कि दो दिन पूर्व गिरोह के एक सदस्य की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसमें वह लखनौती निवासी संजय त्यागी के बेटे पारस को जान से मारने की धमकी दे रहा है और पुलिस से न डरने की बात कह रहा है। इसके बाद पुलिस कार्रवाई में तेजी लाई और गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## महिला आरक्षण का महिलाओं को नहीं मिला लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपा नेत्री पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी को महिला आरक्षण के नाम पर घेरा है। कहा कि मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल पास तो करा लिया लेकिन तीन वर्ष गुजरने के बाद भी इसका लाभ महिलाओं को नहीं मिल रहा है।

शशिबाला पुंडीर ने एक्स पर की गई एक पोस्ट में कहा कि इस देश में एक मात्र नेता सोनिया गांधी हैं जो महिलाओं का आरक्षण लोकसभा, विधानसभा में करेंगी। सन 202- में संसद के दोनों सदनों में पास हुआ यह बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है, इसे भारतीय राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की दशा एक महत्वपूर्ण कदम माना गया था। लेकिन तीन वर्ष गुजर जाने के बाद भी महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिल सका है। पूर्व विधायक ने कहा कि मैं पार्टी की कार्यशैली से व्यथित हूं, क्योंकि हमारी बहोत बहने तो यह भी भूल चुकी हैं कि उनके लिए कोई बिल पास हुआ था। इसी पोस्ट में शशिबाला पुंडीर ने दिल्ली से श्रीनगर तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने की प्रशंसा भी की है।

## धर्म के नाम पर अल्पसंख्यक समुदायों को बनाया जा रहा है निशाना: अल्पसंख्यक विकास समिति

- ईसाई समाज व अन्य सभी अल्पसंख्यक वर्ग पर हो रहे अत्याचार बंद करने की मांग: राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश भर में ईसाई समुदाय पर हो रहे प्रहार के विरुद्ध राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा ने अल्पसंख्यक विकास समिति मेरठ के साथ सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। अल्पसंख्यक विकास समिति के अध्यक्ष सुदीप जैन ने कहा कि इतिहास से पता चलता है कि जब जब किसी धर्म की कट्टरता किसी राजा पर हावी हुई है तब-तब अन्य धर्मों पर संकट आया है। इसीलिए बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भारत को धर्म निरपेक्ष राष्ट्र बनाया जो सभी धर्मो के सापेक्ष है।

परंतु आज धर्म के नाम पर सभी अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है चाहे वो मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी, कोई भी हो। सुदीप जैन ने कहा कि धर्म के नाम पर उन्माद फैलाना बन्द होना चाहिए। राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ए प्रसाद ने कहा कि भारत पूरे विश्व में अनेकता में एकता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर पूरे देश में ईसाइयों पर हो रहे अत्याचार तुरंत बंद होने चाहिए।

इस अवसर पर सरदार परमजीत सिंह, नाजिम सैफी, अक्षय जैन अरिहंत, सौरभ जैन, किशोर मैसी, रेव युसुफ दास, रेव डेनियल मसीह, रेव डेविड मसीह, रेव गौतम सिंह, राहुल कुमार एडवोकेट, हरीश गौतम, एबनेजर फ्रांसिस, रेव फिन्नी अब्राहम, रेव दिनेश चंद आदि मौजूद रहे।

# कैंट में खंडहर पड़े रिवोली हॉल में महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप

### काफी दिनों से पड़ा था शव, बदबू उठने पर आर्मी अधिकारियों ने दी पुलिस को सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर थाना क्षेत्र के गांधी बाग चौराहे के पास खंडहर पड़े रिवोली हॉल के अंदर सोमवार सुबह लगभग 40 वर्षीय महिला का सिर में चोट लगा शव बरामद हुआ। इस दौरान महिला के शरीर पर कपड़े इधर-उधर बिखरे हुए थे।

सूचना पर एसपी सिटी, सीओ कैंट फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आर्मी के अधिकारियों ने एक पुराने खंडहर पड़े सिनेमा हॉल के अंदर से बदबू उठने की बात बताई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस में आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जहां उन्हें जानकारी हुई की महिला अपने सात वर्षीय बेटे के साथ लगभग सात साल से खंडहर पड़े सिनेमा हॉल के आसपास घूमती थी। वह लोगों से मांग कर खाना खाती थी। महिला के



सिर पर चोट के तीन निशान है। इस दौरान जमीन पर खून दिख था। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी का कहना है पास के क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज चेक किया जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व सीसीटीवी के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## पति पर मारपीट करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महिला ने पति पर मारपीट करने एवं गलत हरकत करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

गांव भायला निवासी महिला ने पुलिस महानिर्देशक को पत्र भेजकर अपने पति पर उसके व बच्चों के साथ मारपीट करने एवं गलत हरकत करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसका पति नशे की आदि है जिसके चलते वह उससे बेहद परेशान है। महिला ने पत्र में आरोपी पति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## तहसील मवाना में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 184 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 6 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करते हुये शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 184 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 6 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम मवाना दीपक माथुर, तहसीलदार मवाना सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे। समाधान दिवस में लोगों ने प्रमुखता से अपनी समस्याओं को रखा।

# गृह क्लेश में विवाहिता ने पिया तेजाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के खुशहाल नगर में एक विवाहिता ने गृह क्लेश के चलते तेजाब पी लिया, विवाहिता की हालत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। सोमवार को थाना लिसाड़ी गेट में ग्रह कलेश के चलते विवाहिता ने घर के टॉयलेट में रखा तेजाब पी लिया। मामले की जानकारी मिलने पर विवाहिता के मायके वाले उसकी ससुराल पहुंच गए और उसकी हालत बिगड़ देख विवाहिता को एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया। विवाहिता की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं विवाहिता के मायके वालों ने पति व उसके परिवार वालों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शालीमार गार्डन की रहने वाली फरहाना पुत्री रईसुद्दीन ने कहा करीब डेढ़ साल पहले खुशहाल नगर के रहने वाले जुबेर पुत्र शमशाद के साथ हुआ था। विवाहिता का 5 माह का एक बेटा भी है। जानकारी के अनुसार विवाहिता अपने पति से अपने ससुराल वालों से अलग रहने की जिद कर रही थी पति ने अलग रहने से इंकार कर दिया। इसी को लेकर सोमवार को विवाहिता ने घर के टॉयलेट में रखा तेजाब पी लिया जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई हालत बिगड़ता देख उसका पति और ससुराल वाले फरार हो गए। पड़ोसियों द्वारा विवाहिता के मायके वालों को जानकारी मिली मायके वाले उसकी ससुराल पहुंच गए और उसकी हालत को बिगड़ता देख उन्होंने विवाहित फरहाना को हापुड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल फरहाना के मायके वालों ने उसके पति सहित परिवार वालों के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोल्डड्रिंक पीते किशोर को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**किठौर।** दुकान पर खड़े होकर कोल्डड्रिंक पी रहे किशोर के साथ गांव के ही तीन भाइयों ने मारपीट कर दी। जिसमें पीड़ित की गंभीर चोट आई। जाकिर पुत्र मेंहदीहसन निवासी राधना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र अनस गांव की ही दुकान पर कोल्डड्रिंक पी रहा था। तभी गांव के अजहर, सबाहत, शोएब पुत्रगण मुब्बसर ने बातचीत के दौरान गाली गलौच शुरू कर दी। पुलिस ने रिर्पोट दर्ज कर ली है।

# पीएम की वीडियो एडिट करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को एडिट कर आपत्तिजनक हालत में सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला युवक बुरी तरह से फंस गया है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर चालान कर दिया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर खादर निवासी मुकीम पुत्र शौकीन ने 6 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को एडिट कर आपत्तिजनक भारत में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। जैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस आपत्तिजनक वीडियो को देखा तो उन्होंने रोष फैल गया। भाजपा कार्यकर्ता शिकायत करने के लिए रहरा थाना पहुंच गये। क्योंकि मामला देश के प्रधानमंत्री से जुड़ा हुआ था थाना पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री की वीडियो को गलत तरीके से एडिट किया गया है। इन हरकतों से माहौल खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस ने आरोपी मुकीम को हिरासत में ले लिया। थाना इंचार्ज कुमरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है। कुछ लोग सोशल मीडिया पर नेताओं अधिकारियों एवं समाज सेवियों के गलत तरीके से वीडियो को एडिट कर उन्हें वायरल कर देते हैं।

## कोसी पुलिस ने पकड़ी लाखों की अवैध शराब

**कोसीकलां।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार में हरियाणा से तस्करी करके लाई जा रही अग्रेंजी शराब की 50 पेटी बरामद की है। बरामद शराब की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रूपये होने का अनुमान है। आरोपी चकमा देकर भाग गए। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल की टीम सोमवार को दोपहर में करीब 2 बजे कोटवन चौकी कोटवन पर चेकिंग कर रही थीद्ध उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हरियाणा के पलवल की तरफ से कार में अवैध शराब लाई जा रही है।

# अब ऑनलाइन कर सकते हैं गृहकर और जलकर का भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक द्वारा पालिका के कर विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक की गई, जिसमें कर विभाग में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गयी।

जिसमें पत्रावलियों के नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में कर अधीक्षक से जानकारी की गयी तथा शीघ्रता से नामान्तरण की पत्रावलियों के निस्तारण व पालिका की कर वसूली में बढ़ोतरी करने हेतु चेयरमैन द्वारा कर विभाग के कर्मचारियों को कड़े निर्देश निर्गत किये गये। बैठक में चेयरमैन अखिल कौशिक द्वारा नगर के नागरिकों को अपना गृहकर जलकर के बिलों का ऑनलाईन भुगतान किये जाने हेतु नगर पालिका के ऑनलाईन पोर्टल के बारे में जानकारी दी गयी, जिसमें



उन्होंने बताया कि नगर के नागरिक https://nppmawana-nppnp-com/consumer&taÛ-aspÛ साईट पर जाकर अपने-अपने गृहकर-जलकर के बिलों का ऑनलाईन भुगतान कर सकते है। पालिका अध्यक्ष द्वारा ग्रहकर जलकर जमा करने हेतु विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी कि सर्वप्रथम साईट पर जाकर अपना वार्ड चुने, उसके पश्चात अपना मौहल्ला चुने, एवं अकाउंन्ट डिमाण्ड नम्बर पर जाकर बिल पर लिखे डिमाण्ड नम्बर की संख्या को डाले, उसके बाद शौ बटन पर जाकर अपने गृहकर-जलकर का विवरण देख सकते है।

# झोलाछाप और फर्जी अस्पतालों ने बिगाड़ी महिला की हालत

### प्रसव के लिए भर्ती कराया था अस्पताल में, पीड़ित पति ने की सीएमओ से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पैसा कमाने के चक्कर में फर्जी अस्पताल संचालक और झोलाछाप मरीजों की जान से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। मवाना नगर में ऐसा ही मामला प्रकाश में आया, जहां एक महिला को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक के बजाए झोलाछाप ने महिला की छोटी सर्जरी कर दी। जिससे प्रसव से पूर्व ही अत्यधिक खून निकलने से महिला की हालत बिगड़ गई। महिला के पति ने उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया, तब जाकर उसकी जान बच सकी। अब पीड़ित पति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर दो अस्पतालों व महिला झोलाछापों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। हस्तिनापुर क्षेत्र के पाली गांव निवासी रिंकू ने बताया कि 7 जून को उसने अपनी पत्नी को प्रसव के लिए मवाना नगर में पक्का तालाब के पास एक अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल संचालक ने उसे प्रशिक्षित चिकित्सकों से प्रसव कराने का भरोसा दिया,



लेकिन एक महिला झोलाछाप को बुलाकर प्रसव कराने की कोशिश की। इस कोशिश में महिला को ब्लीडिंग होने लगी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर भी झोलाछाप नहीं रुके। चीरा लगाने वाली उस महिला झोलाछाप ने मरीज के पति को अपने अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। परेशान पति अपनी पत्नी को लेकर उस महिला झोलाछाप के मुबारिकपुर रोड स्थित अस्पताल में लेकर पहुंच गया। पीड़ित पति ने बताया कि वहां भी एक महिला झोलाछाप ने प्रसव कराने को बड़ा चीरा लगा दिया, जिससे ब्लीडिंग और बढ़ गई और महिला की हालत गंभीर हो गई। इस पर झोलाछापों ने अपना पल्ला झाड़ते हुए महिला मरीज को वहां से रेफर करने को कहा। अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए परेशान पति उसे लेकर सीधा मेरठ पहुंचा और एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां अनुभवी और प्रशिक्षित चिकित्सकों ने बड़ी मशक्कत से महिला की जान बचाई और उसका प्रसव कराया। महिला की हालत में सुधार होने पर पीड़ित पति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर दोनों अस्पतालों का पंजीकरण रद्द करने व उनके संचालकों व दोनों महिला झोलाछापों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

**सूचना**

मेरे समस्त शैक्षित प्रमाण पत्र में मेरा नाम दिलशाद अली DILSHAD ALI दर्ज है। अब मैंने अपना नाम बदलकर मौहम्मद दिलशाद (MUHAMMAD DILSHAD) रख लिया है। जबकि मेरे जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, बैंक व सरकारी कागजात एवं वोटर लिस्ट राशन कार्ड में मेरा नाम मौहम्मद दिलशाद (MUHAMMAD DILSHAD) हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

मौहम्मद दिलशाद
(MUHAMMAD DILSHAD)
पुत्र इकबाल अहमद (IQBAL AHMAD) निवासी मौहल्ला बडजियाउलहक, देवबन्द
जिला सहारनपुर



● यह कार्लोस अल्काराज का पांचवां ग्रैंड स्लैम फाइनल था और वे पांचवीं बार विजेता बने

● फ्रेंच ओपन-2025

# कार्लोस अल्काराज चैंपियन

● फाइनल में सिनर को पांच सेट में शिकस्त दी, 25 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली

**पेरिस, वार्ता।** स्पेन के 22 साल के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन चैंपियन बन गए हैं। रविवार को 5 घंटे से लंबे चले संघर्षपूर्ण खिताबी मुकाबले में अल्काराज ने इटली के जैनिक सिनर को पांच सेट में शिकस्त दी। अल्काराज ने मुकाबला 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीता। उन्होंने यहां लगातार दूसरा खिताब जीता।

इसी के साथ अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम में अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया है। यानी यह उनका पांचवां ग्रैंड स्लैम फाइनल था और वे पांचवीं बार विजेता बने। विजेता को 25 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली, जबकि रनरअप को 13 करोड़ रुपये मिले। वहीं, ओपन एरा में छठी बार ऐसा हुआ जब फाइनल में शुरुआती दो सेट हारने के बाद कोई चैंपियन बना। फ्रेंच ओपन के सिंगल्स कैटेगरी के दोनों टाइटल इस बार नंबर-2 खिलाड़ियों के खाते में गए। इससे पहले, शनिवार को वर्ल्ड नंबर-2 कोको गाफ नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर चैंपियन बनी थीं। अब रविवार को नंबर-2 अल्काराज ने नंबर-1 सिनर को हराकर ऐसा किया। फैसला पांचवें सेट के टाई ब्रेक से हुआ ओपन एरा में केवल तीसरी बार मेंस सिंगल्स ग्रैंड स्लैम फाइनल का फैसला पां. चवें सेट के टाई ब्रेक से हुआ। इससे पहले, साल 2020 के यूएस ओपन में डोमिनिक थिएम और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच फाइनल का नतीजा टाई ब्रेक से आया था, जिसमें थिएम विजेता बने थे। उससे पहले, विंबलडन 2019 में जोकोविच ने पांचवें सेट के टाईब्रेकर में फेडरर को हराकर खिताब जीता था। यह ग्रैंड स्लैम में पहली बार हुआ, जब साल 2000 के बाद जन्मे खिलाड़ी फाइनल में आमने-सामने हुए। वहीं, यह साल 2013 के बाद पहली बार हुआ, जब खिताबी मुकाबला वर्ल्ड रैंकिंग में टाप-2 खिलाड़ियों के बीच खेला गया। ओपन एरा में सबसे लंबा फ्रेंच ओपन फाइनल अल्काराज-सिनर का यह फाइनल मुकाबला फ्रेंच ओपन के ओपन एरा का सबसे लंबा फाइनल रहा। यह मैच 5 घंटे 29 तक चला। इसने 6 जून 1982 के गुइलेरमो विलास (अर्जेंटीना) और मेट्स विलेंडर (स्वीडन) के फाइनल का रिकॉर्ड तोड़ा। 4 घंटे 42 मिनट तक चले उस मुकाबले को विलेंडर ने 1-6, 7-6, 6-0, 6-4 से जीता था। अल्काराज से लगातार पांचवां मैच हारे सिनर यह अल्काराज की सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत रही। उन्होंने पिछले महीने रोम मास्टर्स के फाइनल में भी सिनर को हराया था। दोनों के बीच अब तक 12 मैच खेले गए हैं, जिसमें से अल्काराज ने 8 जीते हैं।

## बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी की याचिका पर सुनवाई आज

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ को लेकर दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने पर कल सुनवाई होगी। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाई ते हुए कहा था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। आरसीबी ने तर्क दिया है कि उस पर गलत आरोप लगाए गए हैं। सोशल मीडिया पर साफ बताया गया था कि एंट्री पास लिमिटेड हैं। स्टेडियम के गेट दोपहर 1:45 बजे खुलने वाले थे लेकिन दोपहर 3 बजे खोले गए, जिससे स्टेडियम के बाहर भीड़ बढ़ती गई। दरअसल, बेंगलुरु में 4 जून को हुई भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी और 75 घायल हुए थे। एडवोकेट जनरल शशिकिरण शेट्टी ने अदालत से अपील करते हुए कहा कि भगदड़ मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं पर 10 जून को एक साथ सुनवाई की जाए। इवेंट आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने भी अपने खिलाफ एफआईआर को चुनौती देते हुए एक अलग याचिका दायर की है। कंपनी का कहना है कि पुलिस भीड़ संभाल नहीं पाई। इस वजह से भगदड़ हुई। अब इन दोनों ही मामलों पर 10 जून को सुनवाई होगी। आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले के वकील ने हाईकोर्ट में कहा कि निखिल को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि सीएम सिद्धारमैया ने सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) को उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। कोर्ट 6 जून को हुई निखिल सोसले की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। वकील ने कोर्ट में कहा कि निखिल सोसले अशोक नगर पुलिस थाना इलाके में रहते हैं।

■ आपराधिक मामला रद्द करने की अपील, फ्रेंचाइजी का दावा, हमें झूठा फंसाया गया

## आरपीसीए और आरसीएन ने अपने अपने मैच जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीडीसीए महिला टी-20 लीग के पहले दिन सोमवार को आरपीसीए ने एनके खन्ना सीसी को 44 रनों से और आरसीएन ने आनंद स्पोटर्स को 42 रनों से हराया। आज यहां सुश्री संगीता जेटली ने नई दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल ग्राउंड में डीडीसीए महिला टी-20 लीग का उद्घाटन किया। दिन के पहले मुकाबले में आरपीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 108 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एनके खन्ना सीसी की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 64 रन ही बना सकी और 44 रनों से मुकाबला हार गई। वहीं दिन के दूसरे मैच में आरसीएन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 135 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराया

**ब्रिस्टल, वार्ता।** जॉस बटलर (47), कप्तान हैरी ब्रूक (34) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी खबरा रही और उसने जेमी स्मिथ (चार) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद बेन डकेट और जॉस बटलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बेन डकेट 18 गेंदों में (30) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड का तीसरा विकेट जॉस बटलर के रूप में गिरा। बटलर ने 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (47) रन बनाए। कप्तान हैरी ब्रूक ने 20 गेंदों में (34), जेकब बेथेल ने 10 गेंदों में (26), विल (11) रन बनाकर आउट हुए। टॉम बैंटन ने 11 गेंदों में तीन चौके , दो छक्के लगाए।

## सिकंदर रजा ने लगाया नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के आलराउंडर सिकंदर रजा ने स्थानीय कोच पर नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। यह घटना 1 जून को विग्ने कप मैच के दौरान की है। वह अपनी टीम ओल्ड हरारियंस की तरफ से रेनबो क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेल रहे थे। हरारे मेट्रोपालिटन क्रिकेट एसोसिएशन में शिकायत दी उन्होंने इसकी शिकायत हरारे मेट्रोपालिटन क्रिकेट एसोसिएशन में दी है।

क्रिकेट की वेबसाइट ईएसपीएन क्रिक इन्फो के मुताबिक रजा ने आरोप लगाया है कि वह ओल्ड हरारियंस क्लब में ओल्ड हरारियंस और रेनबो क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए मैच के दौरान जब ग्राउंड से बाहर जा रहे थे, तब कोच ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की। रजा ने कहा कि मैं इस घटना की पूरी जांच की मांग करता हूं। अगर कोच दोषी पाया जाता है, तो उन्हें ऐसा सबक सिखाया जाना चाहिए कि भविष्य में किसी के साथ ऐसी घटना न हो। मैच के दौरान रजा ने 56 गेंदों में 78 रन बनाए, जिससे उनकी टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 402 रन बनाए। जवाब में रेनबो क्रिकेट क्लब ने 39 ओवर में 8 विकेट पर 225 रन बनाए और डीएलएस पद्धति से 142 रनों से मैच हार गई। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था रजा ने पीएसएल में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था। उन्होंने लाहौर में खेले गए फाइनल में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ विजई रन बनाए थे। उन्होंने 7 गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए थे। साथ ही एक विकेट भी लिया था। यह 2025 में रजा का दूसरा टी20 फ्रेंचाइजी ट्राफी रहा। इससे पहले उन्होंने प्ल्ज20 भी जीता था। इंग्लैंड ने ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में विंडीज को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लैंड तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 196 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



## पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्व. कप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कारिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं।

## सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्र प्रदेश के लिए खेलेंगे

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के 32 वर्षीय स्पिन गेंदबाज सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्रा की ओर से खेलेंगे। सौरभ ने बताया कि उसे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है और वह इस नई पारी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। सौरभ ने कहा, हमैं कुछ नए मौके तलाश में था और पिछले कुछ दिनों से मेरी दो-तीन टीमों से बात हो थी। अंततः मैंने आंध्रप्रदेश का चयन किया, क्योंकि वह एक बेहतर टीम है और एलीट ग्रुप में खेलती है। फिलहाल मैं इस अवसर पाकर बहुत उत्साहित हूं। 32 वर्षीय सौरभ इससे पहले सर्विसेज (2014-15) और उत्तर प्रदेश (2015-16 से 2024-25 तक) के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने 79 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-45 की औसत से 324 विकेट लिए हैं, जिसमें 25 बार पांच और आठ बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल है।

## स्पेन को हराकर पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

● क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और लीग फाइनल में गोल करनो वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**म्यूनिख, वार्ता।** पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है।

म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। 40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किए। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। वहीं स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।

## अन्नू-रोहित ने जीते स्वर्ण पदक

■ चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथभाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



**ताइपे, वार्ता।** दो बार की ओलंपियन अन्नू रानी और रोहित यादव ने चीनी ताइपे में ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2025 के दूसरे दिन रविवार को अपनी-अपनी भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। इसी के साथ भारत ने 10 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। भारत ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन के पहले दिन छह स्वर्ण भी जीते थे, जिससे उनके कुल पदकों की संख्या 16 हो गई।

इन पदकों में 12 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य शामिल है। भारतीय दल ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो स्वर्ण पदक जीते। एशियन गेम्स की चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56-82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की हैटराबेज लेक. ामलागे ने 56-62 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता और चीनी ताइपे की पिन-सुन चू 53-03 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले दिन में दो बार के पुरुष भाला फेंक नेशनल चैंपियन रोहित यादव ने चुनौतीपूर्ण मौसम का सामना करते हुए भारत को दिन का पहला पदक जिताया। तेज हवाओं के बीच कोई भी एथलीट 75 मीटर के मार्क को पार नहीं कर पाया, लेकिन रो. हित यादव ने अपने पहले थ्रो में 71-46 मीटर के साथ प्रतियोगिता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद उन्होंने दूसरे थ्रो में अपनी बढ़त में सुधार किया और 74-25 मीटर का थ्रो किया।

रोहित ने अपने आखिरी प्रयास में 74-42 मीटर का थ्रो करके शीर्ष पोडियम स्थान पर अपनी जगह बनाई।

## टीम इंडिया के होम सीरीज के वेन्यू शिफ्ट हुए

**वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट कोलकाता से शिफ्ट हुआ, बीसीसीआई ने घोषणा की**

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 2025 के इंटरनेशनल होम सीजन और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे के लिए वेन्यू में बदलाव किए हैं। टीम इंडिया अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट जो पहले कोलकाता में होना था, अब नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच, 14 नवम्बर से शुरू होने वाले साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट नई दिल्ली से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शिफ्ट कर दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और दिल्ली में 2 टेस्ट टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से दूसरा टेस्ट कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन अब ए दिल्ली में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। इसके बाद टीम इंडिया 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर 29 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक ऑस्ट्रेलिया में 5 टी-20 की सीरीज भी होगी। साउथ अफ्रीका से पहला टेस्ट दिल्ली से कोलकाता शिफ्ट हुआ ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। 18 नवम्बर से कोलकाता में पहला टेस्ट और 26 नवम्बर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। पहला टेस्ट पहले दिल्ली में खेला जाना था। बरसापारा स्टेडियम में पहली बार रेड बाल से इंटरनेशनल मैच होगा। इससे पहले यहां वनडे और टी-20 के 12 इंटरनेशनल मैच खेले जा चुके हैं। 30 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक दोनों टीमों के बीच 3 वनडे होंगे। इनकी मेजबानी रांची, रायपुर और वाइजैग को मिली है। 9 से 19 दिसम्बर तक दोनों टीमें 5 टी-20 खेलेंगी। इनकी मेजबानी कटक, मुल्लांपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद को मिली है भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दिसम्बर 2023 में आखिरी टेस्ट सीरीज हुई थी। यह 1-1 से ड्रा रही थी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दिसम्बर 2023 में आखिरी टेस्ट सीरीज हुई थी। यह 1-1 से ड्रा रही थी। इंडिया ए के मैच अब राजकोट में खेले जाएंगे इंडिया ए और साउथ अफ्रीका ए के बीच 30 अक्टूबर से दो मल्टी-डे और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। मल्टी-डे मैच बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होंगे।


फाइल फोटो

# टर्फ स्टार क्रिकेट में नरवाल ने पहला मैच जीता

## पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक देवेन्द्र निम व एसडीसीए डायरेक्टर अकरम ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में क्रिकेट प्रतिभाओं को उभारने के लिये आज पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम व एसडीसीए डायरेक्टर मौहम्मद अकरम ने टर्फस्टार क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।



ग्राम चेहडी में आयोजित प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि खेल के माध्यम से युवा वर्ग देश दुनिया में अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकता है। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि खिलाड़ी किसी भी खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र के साथ-साथ देश का नाम भी ऊंचा करता है। एसडीसीए डायरेक्टर मोहम्मद अकरम ने कहा क्रिकेट की बढ़ती हुई सुविधा ही सहारनपुर के क्रिकेट को आगे ले जाने में मदद करेगी आज सहारनपुर के क्रिकेटर अंडर-19 इंडिया, रणजी ट्रॉफी तक अपना परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी बच्चे को क्रिकेट खेलने के लिए किसी भी प्रकार की मदद की जरूरत हो तो वह हर संभव प्रयास करेंगे।

उद्घाटन मैच नरवाल क्रिकेट एकेडमी करनाल व आर्यन क्रिकेट एकेडमी अंबेहटा टीम के बीच खेला गया। जिसमें नरवाल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले खेलते 176 रन बनाएं। जवाब में आर्यन क्रिकेट एकेडमी मात्र 138 रन पर ऑल आउट हो गई। नरवाल क्रिकेट एकेडमी करनाल टीम ने 38 रन से मैच जीता।

मैन ऑफ दा मैच सर्वाधिक पांच विकेट लेने वाले नरवाल क्रिकेट एकेडमी करनाल के आयुषपाल को दिया।

इस दौरान अपैक्स काउंसलिंग मेंबर यूपीसीए साजिद उमर, एसडीसीए सचिव लतीफर्उरहमान, सीनियर ऑडिट ऑफिसर सीएजी इंडिया मोनू तरार, डिस्ट्रिक्ट शामली कार्डिनेटर विनय कुमार, तरुण चौधरी, राजकुमार प्रधान, राहुल पवार, हरीश अध्यक्ष, गौतम चौधरी, संजय अध्यक्ष, विक्रम सिंह ,कल्याण सिंह, सब्दर अली, सनी पवार, विपुल पवार, अक्षय पवार सहित जिले के क्रिकेट एकेडमी कोच राजीव गोयल, भावना तोमर, राकेश शर्मा, तनवीर, प्रीति मेहरा, सचिन सैनी, अर्जुन सिंह, राजशेखर, अक्षय चौहान, रवीश राठी, आयुष चौधरी, उधम राणा आदिमुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मंत्री जसवंत ने बच्चों का किया सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पी.एम.श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर मनिहारान में समर कैंप मे छात्रों एवं शिक्षकों का उत्सवर्धन करने एवं पर्यावरण सप्ताह दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, कौशल किशोर खंड शिक्षा अधिकारी, अरविंद कुमार सिंह जिला समन्वयक एवं शिक्षकों के द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के पुरातन छात्रों द्वारा भी समर कैंप में पूरी जोर से प्रतिभाग किया गया समर कैंप मे छात्रों के द्वारा 3 सप्ताह मे किए गए गतिविधियों का अभिलेखी करण की रिपोर्ट मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा दिखाया गया।

शिक्षा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि पुरस्कार देखकर सम्मानित किया गया, जिसमें पुरातन छात्रों में प्रत्यक्ष कुमार, प्रांकुर, अमन, अभिषेक एवं वश कुमार शामिल रहे। मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों के द्वारा बनाई गई समर कैंप में पेंटिंग, चित्रकला, कंप्यूटर लैब टूल्स, टाइपिंग, स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया गया।

# पार्षद नदीम की पहल पर वार्ड से पकड़े आवारा कुत्ते



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 59 में पार्षद नदीम अहमद अंसारी की पहल पर आवारा कुत्तों को पकडवाने की शुरूआत की गई।

पार्षद ने नगर निगम अधिकारी डा.संदीप से वार्ता वार्ड में आवारा कुत्तों के कारण हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कल एक बच्चे के कुत्ते के काटने की खबर मिली थी और आने जाने वाले लोगों की तरफ कुत्ते दौडकर काटने का प्रयास करते है। जिसके बाद डॉग वेन से शमादार जाफर नवाज जोगियान पुल मीर आदि जगह से आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया।

# कांवड़ यात्रा सनातन संस्कृति का आधार: डा. अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि कांवड़ यात्रा हमारी सनातन संस्कृति का आधार है, कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न एवं सौल्लास सम्पन्न कराना हमारा दायित्व भी है और नैतिक जिम्मेदारी भी।

यह बात उन्होंने आज शाम महापौर कार्यालय में कांवड़ सेवा संघ एवं अन्य कांवड़ शिविर संचालकों के साथ बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं। बैठक में निगम अधिकारियों के अलावा स्मार्ट सिटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल रहे। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने कांवड़ सेवा शिविर संचालकों को विश्वास दिलाया कि निगम की ओर से सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायेगी।



नगरायुक्त शिपू गिरि ने कांवड़ यात्रियों के स्नान आदि के लिए टैंकरों की व्यवस्था करने, कांवड़ मार्गो पर झाड़ियों एवं घास-फूंस की कंटाई-छंटाई कराने, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराने, पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर नियमित साफ सफाई व फॉगिंग कराने, कांवड़ मार्गो के किनारे बढ़े हुए वृक्षों की टहनियों-लताओं की कटाई-छंटाई कराने, क्षतिग्रस्त होर्डिंग्स को मुख्य मार्गो से हटवाने, सार्वजनिक शौचालयों को क्रियाशील रखने, कुछ अस्थायी यूरिनल बनवाने, कांवड़ मार्ग पर कोई आवारा पशु न घूमने पाये-इसकी व्यवस्था करने के अलावा अग्नि सुरक्षा पर खास ध्यान देने के निर्देश दिए।

महापौर ने नगर निगम सीमा के प्रारंभ में प्रवेश द्वार बनवाने तथा डिवाइडरों की साफ सफाई के साथ पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर निर्बाध प्रकाश व्यवस्था एवं फैंसी लाइट से साज सज्जा करने के निर्देश दिए। उन्होंने भैंरो मंदिर के निकट रेलवे लाइन को पूरी तरह से बंद करने के लिए रेलवे और पुलिस विभाग को पत्र लिखने का सुझाव दिया, ताकि कांवडिए वहां से न गुजर सकें। महापौर ने पूरी कांवड़ यात्रा व शिविरों को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पालीथिन/प्लास्टिक लोगों के जीवन में जहर घोल रहा है ,उससे हर हाल में बचना होगा।

महापौर व नगरायुक्त ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सभी शिविर संचालकों को पौधे भी भेंट किये। बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद राजेंद्र कोहली व अनुज जैन आदि भी मौजूद रहे।

# रोटी पर थूकने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में एक होटल में रोटी पर थूक कर रोटी बनाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया वायरल हुई वीडियो के मामले को लेकर एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को रोटी पर थूकने वाले के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

गांव रवासोली निवासी हरीश कौशिक पुत्र प्रेम चन्द ने कोतवाली बेहट पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि रविवार की शाम 6 से 7 बजे के करीब सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक वीडियो प्राप्त हुई वायरल हुई वीडियो में एक व्यक्ति रोटी पर थूक लगाकर रोटी बनाते हुए दिखाई दे रहा है।

पुलिस ने मामले की जांचकर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

# स्थापना दिवस मनाया

**गंगोह।** बाबा सत साहब मन्दिर का स्थापना दिवस धूमधाम व हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

मोहल्ला छत्ता स्थित बाबा सत साहब मन्दिर में सोमवार को विशेष पूजा आयोजित की गई। पं. अमन शर्मा ने पूजा संपन्न कराई जिसमें मोहल्ले के अनेक लोग शामिल रहे। बताया गया कि यहां रहने वाले वैश्य समाज के लोग गांव धलापड़ा से सैंकड़ों वर्ष पूर्व आए थे बाबा सत साहब ही उन्हें यहां लेकर आए थे। इन्हीं लोगों ने मंदिर बनवा कर बाबा की प्रतिमा स्थापित कराई थी। पूजा के बाद समाज के लोगों ने देश व समाज की सुख-समृद्धि की कामना बाबा से की।

अन्वेष गर्ग, संदीप कुमार, योगेश गर्ग, नवीन गोयल, गगन गर्ग, नवनीत गर्ग, अमित मीतू, रोहित गोयल, मोल्हड़ मल गर्ग, पवन कुमार, सचिन गोयल मौजूद रहे।

# हिन्दुत्व की रक्षा का संकल्प: सूर्यकांत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित हिंदू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हिंदुत्व की रक्षा का संकल्प लिया गया।

अर्पित विहार कॉलोनी में हिंदू साम्राज्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने कहा कि हिंदू साम्राज्य दिवस हिंदू समाज का एक ऐसा दिन है जिस दिन हर हिंदू को गर्व की अनुभूति होती है, क्योंकि इस दिन ही छत्रपति शिवाजी ने भारत भूमि को हिंदवी स्वराज घोषित किया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हिंदू साम्राज्य दिवस की बधाई दी तथा उनके हिंदवी स्वराज के सपने को करने का आह्वान किया। श्री सिंह ने संगठन के कार्यक्रमों व समाज में हिंदू समाज की चुनौतियों की चर्चा की तथा शिवाजी की भारत में जल सेना के गठन, गुरिल्ला युद्ध प्रणाली, स्व का बोध आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में अध्यक्ष बीर सिंह चौहान, प्रांत युवा जागरण मंच अध्यक्ष शिवम जोगी, जिला कार्यकारिणी सदस्यगण, रजत गोयल, शिवम योगी, प्रभात सैनी, बबलेश कांबोज, अव्वल सिंह, अंजेश कांबोज, आशीष सैनी, आर्यन, लक्ष्य, शिवम, राहुल सैनी गौरव चौधरी आदि उपस्तिथ रहे। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मांगेराम त्यागी व संचालन डा. आर. के. यादव ने किया।

# किसानों का बकाया भुगतान करें मिले: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद की सभी चीनी मिलों के यूनिट हेड को निर्देध दिए कि शीघ्र ही किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कराएं।



जिलाधिकारी श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जनपद की चीनी मिलों के यूनिट हैड के साथ गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पाया गया कि जनपद की 8 चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के कुल देय 1885. 20 करोड़ रूपए के सापेक्ष 1654.89 करोड़ रूपए का भुगतान कर दिया गया है। जो कुल देय का 88 प्रतिशत है। जनपद की चीनी मिल देवबन्द एवं शेरमऊ द्वारा भुगतान कर दिया गया है तथा चीनी मिल नानौता एवं सरसावा की स्थिति भी संतोषजनक पायी गयी। चीनी मिल गांगनौली पर 151 करोड़ रू. चीनी मिल गागलहेडी पर 21.69 करोड़ रूपए चीनी मिल टोडरपुर पर 33.75 करोड़ रूपए तथा चीनी मिल बिडवी पर 18.09 करोड़ रू. गन्ना मूल्य बकाया है। जिलाधिकारी ने चीनी मिल गांगनौली, बिडवी एवं टोडरपुर द्वारा कार्ययोजना के अनुसार भुगतान न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्ययोजना अनुसार भुगतान करने के निर्देश दिये। चीनी मिल गागलहेडी द्वारा अपनी कार्ययोजना के अनुसार भुगतान किया जा रहा है। चीनी मिल गांगनौली के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी चीनी मिल की सी. सी.एल. स्वीकृत न होने के कारण उनके द्वारा चीनी एवं सहउत्पादों की बिकी से नियमानुसार गन्ना मूल्य भुगतान किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिल गांगनौली के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुए कड़े शब्दों में कहा कि जो कार्ययोजना आप द्वारा प्रस्तुत की गई है, उसके अनुसार गन्ना मूल्य का भुगतान करे अन्यथा आगामी पेराई सत्र 2025-26 में आपकी चीनी मिल गन्ना क्षेत्रफल का व्यावर्तन करने हेतु गन्ना आयुक्त, उ. प्र. लखनऊ को प्रस्ताव भेज दिया जायेगा। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी सुशील कुमार एवं समस्त चीनी मिलों के यूनिट हैड उपस्थित रहे।

# बिजलीघर सलेमपुर गदा को बेहट में जोड़ने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढ़ौली कदीम।** उत्तर प्रदेश विद्युत व्यवस्था जांच समिति के चैयरमैन एवं एमएलसी दिनेश गोयल को भेजे गए एक ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने बिजली घर सलेमपुर गदा को दूरस्थ डिवीजन सहारनपुर से हटाकर निकटवर्ती बेहट डिवीजन में जोड़ने की मांग की है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि उनका सम्बंधित बिजली घर सलेमपुर गदा स्थापना काल से ही बेहट डिवीजन में शामिल था, जहां पर जुड़ा हुआ होने से क्षेत्रवासी बहुत संतुष्ट रहते थे क्योंकि उनके अधिकतर सरकारी कार्यालय जैसे तहसील, गन्ना समिति, सोसायटी, सभी बैंक, पुलिस स्टेशन, ब्लाक,कालेज आदि बेहट में ही पड़ते हैं, अपने अन्य कार्यों के साथ साथ बिजलीघर से सम्बंधित कार्य भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन पता नहीं किन कारणों से हमारे बिजली घर सलेमपुर गदा को बेहट डिवीजन से हटाकर सहारनपुर डिवीजन में जोड़ दिया गया था, जिसके चलते क्षेत्र वासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया है कि इस बिजलीघर से सम्बंधित क्षेत्र के गांव असलमपुर बरथा, नानौली, मिलको, टटोहल, रसूली, धौलरा, मंझाडी, शेखपुरा, मीरपुर, कांसेपुर, बहरामपुर, ननियारी, जोधेंबांस, तिडफवा, टोडरपुर, चकों, खिजरपुर, रोगला हथौली, रसूलपुर, कम्बोह माजरा, माजरी रसूलपुर, लौदीपुर, सलेमपुर गदा, घघरौली, चौंची आदि बहुत से गांवों की दूरी बेहट से मात्र दस से पंद्रह किलोमीटर तक ही है जबकि सहारनपुर डिवीजन की दूरी चालिस से पचास साठ किलोमीटर पड़ती है। इतना ही नहीं यदि इस क्षेत्र के किसी बिजली उपभोक्ता को बिजली के बिल आदि ठीक कराने पड़ते हैं तो पहले उन्हें बिजली घर सलेमपुर गदा फिर सब डिवीजन चिलकाना और फिर सरसावा डिवीजन उसके बाद सहारनपुर डिवीजन में जाना पड़ता है ,तब कहीं जाकर,ले देकर उनका काम होता है। इस प्रकार इस क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियो जेई, एसडीओ, एक्शन, एस सी, चीफ,एम डी आदि को अनेकों बार लिखित में प्रार्थना पत्र दिए हैं, लेकिन आज तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है और उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। जिस कारण उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश विद्युत व्यवस्था जांच समिति के चैयरमैन को मांग पत्र प्रेषित करने वालों में पूर्व विधायक नरेश सैनी, प्रमुख समाज सेवी पत्रकार एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी, एडवोकेट सतीश सैनी, अजय सैनी एडवोकेट, मोहम्मद शावेज एडवोकेट प्रधान, राजेश सैनी एडवोकेट, कैलाश चंद सैनी, चौधरी राजेश एडवोकेट, चौधरी संदीप कुमार एडवोकेट, बृजेश कंबोज प्रधान, संदीप सैनी प्रधान, मुनेश प्रधान, जोगेंद्र सिंह प्रधान, मुरसलीन प्रधान, कय्यूम प्रधान, रामद. ास प्रधान, महीपाल प्रधान, प्रदीप चौधरी प्रधान, असजाद प्रधान, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सतेन्द्र सिंह, चौधरी रविन्द्र उर्फ बिट्टू प्रधान, अमरसिंह प्रधान, मेनपाल प्रधान, अमित चौधरी आदि बहुत से लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं।

उधर इस सम्बन्ध में एमएलसी दिनेश गोयल से संपर्क किया गया तो उनके पीआरओ अमित कुमार ने फोन पर बताया है कि बिजली घर सलेमपुर गदा को सहारनपुर डिवीजन से हटाकर बेहट डिवीजन में जोड़ने के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें जांच कराते हुए यथाशीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# यातायात पुलिस ने राहगीरों को बांटा हलवा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यातायात पुलिस द्वारा आज चतुर्दशी के उपलक्ष में एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें राहगीरों को प्रसाद के रूप में हलवा वितरित किया गया।

यातायात पुलिस ने आज यातायात प्रभारी अमित तोमर के नेतृत्व में यातायात पुलिस के कर्मचारियों व होमगार्डों ने मिलकर चतुर्दशी के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लोगों को प्रसाद के रूप में हलवा एवं ठंडा पानी वितरित किया और सभी को भूख व प्यास से राहत देने का काम किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी अमित तोमर ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इस समय में अगर किसी के पेट में अन्न का एक दाना भी चला जाए तो वह उसके लिए जीवन दायिनी होता है और हमारी यातायात पुलिस के जवान इस प्रकार के कार्य करते रहते हैं। आज भी इन सब ने मिलजुल कर यह कार्यक्रम का आयोजन किया मैं इन सबको साधूवाद देता हूं जिस प्रकार का कार्य कड़ी धूप में खड़े होकर यातायात को नियंत्रित करते हैं और उसके साथ इस प्रकार के धार्मिक कार्य उनकी अच्छाइयां बताते हैं। कार्यक्रम में टीएसआई लोकेश कुमार, टीएसआई भूलशरण, अनूप कुमार होमगार्ड प्रभारी, होमगार्ड बद्रेश कुमार, अशोक कुमार, शिव कुमार, सुनील कुमार, भूप सिंह, उषा रानी, विजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे

# 22 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन को किए गए चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर के एक निजी क्लीनिक व एक्सरे केन्द्र पर आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में 139 मरीजों की आंखों की जांच व चिकित्सा की गई और 22 मरीजों को सफेद मोतिया बिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया।

शिविर संयोजक डॉ. संजय पांचाल ने बताया कि महंत इन्द्रेश अस्पताल देहरादून से आई नेत्र चिकित्सक टीम में डॉ. गुरमीत, फरदीन, साक्षी, इशु आंचल, डॉ. मोहित, डॉ. राजेन्द्र, करिश्मा, सन्नी, योगेश रहे। उन्होंने बताया कि मरीजों के आपरेशन महंत इन्द्रेश अस्पताल देहरादून में होंगें। लाभार्थियों के आपरेशन से लेकर लाने ले जाने, दवाई व रहने खाने का प्रबन्ध निशुल्क रहेगा।

# शिविर में वित्तीय साक्षरता पर दिया जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** क्रिसिल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित शिविर का ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और जागरूक बनाया गया।

विकास खंड बलियाखेड़ी के गांव कपासा में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संचालित महत्वपूर्ण मनीवाईज वित्तीय साक्षरता केंद्र कार्यक्रम के तहत आयोजित वृहद वित्तीय साक्षरता शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ/एजीएम, जेएस कालरा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक का मनीवाईज वित्तीय साक्षरता केन्द्र कार्यक्रम जन-जन को वित्तीय साक्षर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। एफएलसी सैयद शान हुसैन ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षित लेनदेन की जानकारी होना बेहद जरूरी है। शिविर के दौरान पुंवारका सीएफएल प्रबन्धक कंव. रपाल सिंह व बलियाखेड़ी सीएफएल प्रबन्धक शुभम कुमार ने ग्रामीणों को व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पूनम के अलावा अनेक सभ्रांत व्यक्ति और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक्ट एसेंबली में शामिल हुए 117 क्लबों के प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रोटरी इंटरनेशनल के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट असेंबली का दो चरणों में आयोजन किया गया जिसमें रोटरी मंडल 3080 के विभिन्न राज्यों से आए हुए 117 क्लबों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग लिया। इसका आयोजन रोटरी क्लब सहारनपुर सेंट्रल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष राजा साबू ने सभा को संबोधित करते हुए रोटरी के प्रति. निधियों को समाज सेवा में अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अग्रवाल पैकर्स के रमेश अग्रवाल द्वारा एक उत्साहपूर्ण संबोधन दिया गया जिसमें सदस्यों को बताया गया कि वह जीवन में किस कार्य को कैसे करते हुए सफल हो सकते हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि आप समाज की जितनी सेवा करेंगे ईश्वर आपको उतनी ही तरक्की देगा। रोटरी के गवर्नर रवि प्रकाश ने वर्ष 25 -26 के अपने लक्ष्यों की जानकारी दी तथा सदस्यों से अधिक से अधिक नए सदस्यों को रोटरी के साथ जोड़ने का आह्वान किया। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि यदि रोटरी सहारनपुर में कोई बड़ा कार्य करता है तो वह अपनी सांसद निधि से भी धनराशि देने को तैयार है। इस अवसर पर अगले गवर्नर एमपी गुप्ता पूर्व गवर्नर अजय मदान कपिल गुप्ता राजीव भल्ला पी. पी. भल्ला ने भी संबोधित किया। रोटरी क्लब सेंट्रल के इवेंट चेयरमैन राजेश कपूर ने इवेंट की सफलता की सभी को बधाई दी। रोटरी सेंटल के सुनील भगत ने आए हुए प्रति. निधियों का धन्यवाद किया। रोटरी के विजय भसीन ने और परमिल चौधरी ने रोटरी सेंट्रल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। रोटरी के वर्तमान गवर्नर राजपाल सिंह ने कहा कि रोटरी पूरे विश्व में समाज सेवा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्यों से भी अधिक देशों में यह संस्था अपना कार्य कर रही है। रोटरी का धर्म मानव सेवा है जिस पर हमें सबको चलना है। सहायक गवर्नर सिकंद. रबीर सिंह बत्रा ने अगले वर्ष के कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। पूर्व गवर्नर जेपीएस सिबिया आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की मेजबानी रोटरी सेंट्रल ने की किसके इवेंट चेयरमैन राजेश कपूर को चेयरमैन विजय भसीन, सुनील भगत, अध्यक्ष पर्मिल चौधरी, देवेंद्र वाधवा, डॉक्टर गिरीश, सिकंदरबीर सिंह बत्रा रामणिक सचदेवा आदि ने ट्रेनिंग कार्यक्रम में सहयोग दिया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिला अध्यक्ष और सहायक गवर्नर को ट्रेनिंग देने का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सुब्रमण्यम राजू थे जिनके द्वारा व्याख्यान देते हुए रोटरी में मानव सेवा के अधिक से अधिक कार्य करने का आह्वान किया गया। प्रथम चरण में विभिन्न रोटेरियन ने अपने विचार रखे आज के कार्यक्रम में रोटरी की तरफ से पूजा कपूर, सुमिता भगत, अंजलि भसीन, डोना बत्रा, विजय खुराना, संजय खुराना, गुरमीत अरोड़ा, विकास निझावन, विनय दहूजा, विशाल लूथरा, ऋषभ मैनी, मुजीब मलिक, शोभित माथुर, अनुभव, पंकज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अनिल पांडव आदि सदस्यों ने भाग लिया।



# सम्पादकीय

**मंगलवार, 10 जून 2025**

## पक्षपातपूर्ण नीति का नतीजा

मणिपुर में हुई ताजा हिंसक घटनाओं के बाद खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है, यहां तक कि जरूरी सामानों के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं। इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। तीन मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो अब तक जारी है। इस दौरान 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। एक-दूसरे के खिलाफ खड़े समुदायों की शिकायतों की प्रकृति एवं उसके स्तर के चलते अन्य किस्म के बखेड़ों के मुकाबले जातीय संघर्षों को खत्म करना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। उत्पीड़न के इस किस्म के अहसास को उन लोगों द्वारा खाद-पानी दिया जाता है, जो भावनाओं को इस हद तक बढ़ा देते हैं कि पारस्परिक समझौतों और शांति बहाली के जरिए मेल-मिलाप को लेकर कोई सार्थक रुख अपनाना मुश्किल हो जाता है, भले ही लोगों का बहुमत मूक रूप से इसके पक्ष में हो। हथियारों को लहराकर धमकियां देते हुए, कौमपरस्त वर्ग भय और प्रतिशोध की भावना पैदा करके तार्किक आवाजों को दबाने का प्रयास करते हैं। मणिपुर के मामले में भी कुछ ऐसी ही स्थिति जान पड़ती है, जहां हिंसा के संरक्षकों से निपटने में महीनों की टालमटोल के बाद, भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने आखिरकार ऐसे तत्वों को अलग-थलग करने और उन्हें कानून के दायरे में लाने का फैसला लिया है। कट्टरपंथी पहचानवादी संगठन अरम्बाई तेंगोल के नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में इम्फाल घाटी में फिर से विरोध भड़क उठा है। यह घटनाक्रम एक जातीय संघर्ष के दौरान कानून प्रवर्तन के उपायों को लागू करने की जरूरत और उसमें पेश आने वाली दिक्कतों को उजागर करता है। यह चरमपंथी समूह बेखौफ होकर बेलगाम अराजकता की करतूतों में संलिप्त था तथा जो लोग इसके उग्रवादी एजेंडे से सहमत नहीं थे, उन्हें हिंसा और धमकियों के जरिए निशाना बनाता था। इसने विधायकों को भी अपने कौमपरस्त मकसदों से जुड़े संकल्पों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया था। चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा की अगुवाई वाली तत्कालीन राज्य सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया, यह मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की अपनी पक्षपातपूर्ण नीति से ऊपर न उठ पाने का नतीजा था। इन हिंसक अपराधियों को जनता का संरक्षण मिलने के चलते सुरक्षा बल भी कार्रवाई करने में नाकाम थे। जल्द ही, ऐसे समूह शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन गए और राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद ही सरकार इस समूह के साथ-साथ अन्य समूहों से पुलिस कर्मियों से लूटे गए अधिकांश हथियारों को वापस करवाने में सफल हो पाई। ये गिरफ्तारियां पहाड़ी इलाकों के उन उग्रवादी स्वयंसेवकों के खिलाफ इसी किस्म की कार्रवाई के साथ हुई हैं, जो कथित तौर पर कानून लागू कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ हिंसा में शामिल थे। मणिपुर सरकार, जो फिलहाल राष्ट्रपति शासन के अधीन है, को अपराध में गिरफ्तार लोगों की संलिप्तता का स्पष्ट मामला बनाना चाहिए तथा उन्हें न्याय के कठघरे में लाना चाहिए।

## राज्यों के हकों की अनदेखी हुई



मोदी सरकार के 11 साल के शासन काल के दौरान राज्यों की अनदेखी हुई तथा संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है, पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है, भाजपा -आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर, उनकी स्वायत्तता पर कड़ा प्रहार किया है, चाहे वो जनमत चुराकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या एक-दलीय तानाशाही शासन जबरन लागू करना हो, इस दौरान, राज्यों के हकों की अनदेखी हुई है और संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है, समाज में नफरत, धमकी और डर का वातावरण फैलाने की कोशिश जारी है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक तथा कमज़ोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो



**ललित गर्ग**



भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के 11 स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ गरीबों की मदद करना नहीं है-बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है।

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिए भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतर्राष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गति. विधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामा. जिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिए जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किए हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिए भी व्यापक योजनाएं बनाई गई है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।

निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए सर्वोदय की बात की, लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। गरीबी हटाओ में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे, लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिए गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिए सम्मान, समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थाई रूप से कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**महाराष्ट्र में जब भी बारिश होती है, तो लोनावला से लेकर माथेरान और महाबलेश्वर जैसी जगहों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगती है। वहीं महाराष्ट्र की फेमस जगहों से दूसर संगमेश्वर एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है।**

# वीकेंड में संगमेश्वर घूमने का बनाएं प्लान

महाराष्ट्र हमारे देश का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। महाराष्ट्र एक ओर से अरब सागर और दूसरी ओर से सतपुड़ा पर्वतमाला से घिरा हुआ है। यह एक ऐसा राज्य है, जो रिमझिम बारिश में पर्यटन हब का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। महाराष्ट्र में जब भी बारिश होती है, तो लोनावला से लेकर माथेरान और महा. बलेश्वर जैसी जगहों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगती है। वहीं महाराष्ट्र की फेमस जगहों से दूसर संग. मेश्वर एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। वहीं हल्की रिमझिम बारिश में संगमेश्वर की खूबसूरती किसी हसीन खजाने से कम नहीं लगती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको संगमेश्वर की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में संगमेश्वर

संगमेश्वर की खासियत और खूबसूरती बेहद कमाल की है। यह रत्नागिरी में स्थित एक खूबसूरत और मनमोहक जगह है। संग. मेश्वर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से करीब 284 किमी, पुणे से 247 किमी और कोल्हापुर से करीब 120 किमी दूर है।

### क्यों फेमस है संगमेश्वर

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में स्थित संगमेश्वर भले ही एक छोटा सा शहर है, लेकिन यह जगह अपने धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व और खूबसूरत पर्यटन स्थलों के लिए पूरे राज्य में फेमस है। खासकर यह जगह संगमेश्वर मंदिर और संगमेश्वर शहर के लिए फेमस है। जोकि भगवान शिव को समर्पित है। संगमेश्वर महाराष्ट्र का एक ऐसा शहर है, जो शास्त्री नदी और सोनावी नदी के संगम पर स्थित है। इसके चलते यहां पर रिमझिम बारिश में राज्य के हर कोने से लोग घूमने के लिए आते हैं। इस स्थान को रत्नागिरी का छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है। वहीं गमेश्वर वहीं स्थान है, जहां पर औरगंजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज को बंदी बनाया था।

### पर्यटकों के लिए क्यों खास है ये जगह

संगमेश्वर का इतिहास प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। रिमझिम बारिश में स्थित वॉटरफॉल से लेकर घास के मैदान और नदियों की खूबसूरती इस जगह को बेहद खूबसूरत बनाने का काम करती है। संगमेश्वर की हरियाली देखते ही बनती है। संग. मेश्वर अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। शहर की भाग-दौड़ भरी जिंदगी से दूर संगमेश्वर में आप सुकून के कई पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। संगमेश्वर अपनी खूबसूरती के साथ ही एडवेंचर एक्टिविटी के लिए भी जाना जाता है। कई लोग मानसून में यहां पर सिर्फ ट्रेकिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

### संगमेश्वर मंदिर

संगमेश्वर के सबसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में संगमेश्वर मंदिर काफी फेमस है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। पहाड़ी की चोटी पर स्थित होने के कारण पर्यटक यहां घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मंदिर के आसपास से बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। कर्णेश्वर मंदिर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं और यह मंदिर भी भगवान शिव को समर्पित है।



### मार्लेश्वर वॉटरफॉल

संगमेश्वर के पहाड़ों में स्थित मार्लेश्वर एक फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल है। मानसून में यहां सिर्फ स्थानीय पर्यटक नहीं बल्कि अन्य कई शहरों से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह वॉटरफॉल प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां के आसपास की हरियाली पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। इसके साथ ही आप छत्रपति संभाजी महाराज की समाधि को एक्सप्लोर करना न भूलें।

# 2018 से 2023 के बीच पशुओं से इंसानों में फैले थे 8% संक्रामक रोग

भारत में 2018 से 2023 के बीच इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम द्वारा दर्ज 8.3 फीसदी प्रकोप जानवरों से इंसानों में फैले थे। गौरतलब है कि जानवरों से इंसानों में फैलने वाली इन बीमारियों को जूनोटिक डिजीज के रूप में जाना जाता है। इनमें कोविड-19 जैसी महामारियां भी शामिल हैं। यह जानकारी इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी द्वारा किए एक नए विश्लेषण में सामने आई है। इस विश्लेषण के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि अपने इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 2018 से 2023 के बीच इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) के तहत रिपोर्ट हुए कुल 6,948 प्रकोपों का विश्लेषण किया है। इनमें से 583 यानी 8.3 फीसदी प्रकोप जूनोटिक थे। मतलब कि इस दौरान हर महीने औसतन सात जूनोटिक प्रकोप सामने आए। शोधकर्ताओं ने पाया है कि हर साल जून से अगस्त के बीच यह प्रकोप अपने चरम पर होते हैं। चिंता की बात यह है कि इन प्रकोपों में साल दर साल वृद्धि दर्ज की गई है।

**पूर्वोत्तर भारत रहा सबसे ज्यादा प्रभावित**

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि इन जूनोटिक बीमारियों में जापानी इंसेफेलाइटिस सबसे आम था, जो कुल जूनोटिक प्रकोपों का 29.5 फीसदी था। इसके बाद लेप्टोस्पायरोसिस (18.7 फीसदी) स्क्रब टायफस (13.9 फीसदी) का स्थान रहा। वहीं भारत में क्षेत्रीय आधार पर देखें तो देश के पूर्वोत्तर हिस्से में सबसे ज्यादा 35.8 फीसदी प्रकोप सामने आए हैं। वहीं इसके बाद दक्षिण भारत (31.7 फीसदी) और पश्चिम भारत (15.4 फीसदी) में इनका सबसे ज्यादा प्रकोप देखा गया।

**देरी अभी भी बनी हुई है समस्या**

अध्ययन में यह भी सामने कुल प्रकोपों में से एक-तिहाई मामलों यानी करीब 34.6 फीसदी में रिपोर्टिंग देर से हुई थी। हालांकि, धीरे-धीरे रिपोर्ट में सुधार आया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2019 में जहां 52.6 फीसदी मामले देर से रिपोर्ट हुए थे, जबकि 2023 में यह आंकड़ा घटकर 5.2 फीसदी रह गया। हालांकि चिंता की बात यह रही कि जूनोटिक प्रकोपों के 97.2 फीसदी मामलों में कोई फॉलो-अप रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, यानी यह पता ही नहीं चला कि बाद में क्या कदम उठाए गए या रोग को कैसे नियंत्रित किया गया। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा है कि देश में खसरा, चिकनपॉक्स और डेंगू जैसी बीमारियों पर अलग-अलग विश्लेषण हुए हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जूनोटिक प्रकोपों पर अब तक कोई समग्र अध्ययन नहीं हुआ है। यही वजह है कि उन्होंने राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली के तहत उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जहां जानवरों से इंसानों में फैलने वाले रोगों के प्रकोप ज्यादा सामने आए हैं। हालांकि साप्ताहिक रिपोर्टों में कई गंभीर खामियां पाई गई, खासकर फॉलो-अप जानकारी की कमी सबसे ज्यादा चिंताजनक थी। ऐसे में शोधकर्ताओं ने इन खामियों को दूर करने के लिए उन क्षेत्रों में जहां जूनोटिक रोगों का प्रकोप सबसे ज्यादा है, वहां बीमारी को ध्यान में रखते हुए विशेष निगरानी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। अध्ययन से पता चला है कि दुनियाभर में महामारी और प्रकोपों का बड़ा कारण नई या दोबारा से उभरती बीमारियां हैं, जिनमें से करीब दो-तिहाई रोग जानवरों से इंसानों में फैलते हैं। देखा जाए तो इसके लिए कहीं न कहीं हम इंसान ही जिम्मेवार हैं। मानव गतिविधियां और पर्यावरण में हो रहे बदलाव, जैसे कि जंगलों की कटाई और वन्यजीवों के रहने की जगह में बढ़ता दखल, इंसानों और



जानवरों के बीच संपर्क को बढ़ा रहा है। इससे जूनोटिक रोगों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है।

**कैसे इंसानों में फैलती हैं जूनोटिक बीमारियां**

आमतौर पर यह बीमारियां तब फैलती हैं जब कोई वायरस अपने मेजबान (होस्ट) से अलग एक नया होस्ट खोजने में सक्षम हो जाता है। उदाहरण के लिए यदि कोई जानवर किसी खास वायरस से ग्रस्त है और वो किसी प्रकार इंसानों या दूसरे जानवरों के संपर्क में आता है तो वो उन्हें भी संक्रमित कर देता है। इस तरह यह बीमारियां एक से दूसरे के जरिए पूरे समाज में फैलना शुरू कर देती हैं। इस तरह का प्रसार तब ज्यादा होता है जब वायरस इंसान जैसे होस्ट के संपर्क में आता है या फिर उनमें म्यूटेशन होने लगते हैं। देखा जाए तो इंसान और जानवरों के बीच भौतिक नजदीकी इस वायरस को इंसानों में फैलने के लिए आदर्श परिस्थितियां बनाती है। पिछले 100 वर्षों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो औसतन हर साल दो वायरस अपने प्राकृतिक वातावरण से निकलकर इंसानों में फैल रहे हैं, लेकिन प्रकृति के विनाश की बढ़ती दर इनके फैलने के खतरे को और बढ़ा रही है। ये बीमारियां पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं, लेकिन कमजोर और निम्न-मध्यम आय वाले देशों में यह समस्या कहीं ज्यादा गंभीर है। इन देशों में तेजी से बढ़ती इंसानी गतिविधियों के कारण वन्यजीवों और इंसानों के बीच टकराव बढ़ रहा है, जिससे जानवरों से इंसानों में रोग फैलने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि नई उभरती जूनोटिक बीमारियां 2030 तक एक और महामारी को जन्म दे सकती हैं।

**इंसान खुद लिख रहा अपने विनाश की पटकथा**

रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण में लगातार हो रहे बदलावों ने प्रजातियों के आवास क्षेत्रों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसकी वजह से प्रजातियों के बीच नए संपर्क पैदा हो रहे हैं, जिससे जानवरों से इंसानों में बीमारियों के फैलने यानी श्जूनोटिक स्पिलओवरश का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि यह जूनोटिक स्पिलओवर एक और महामारी को जन्म दे सकते हैं। रिपोर्ट में कोविड-19, इबोला, एच 5 एन 1, मर्स, निपाह, सार्स और इन्फ्लूएंजा ए/एच1एन1 जैसे पिछले प्रकोपों पर संज्ञान लिया गया है, जिनके कारण बड़े पैमाने पर इंसानी जीवन और आर्थिक नुकसान हुआ है। सेंटर फॉर सांइस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा 2022 में आयोजित अनिल अग्रवाल डायलॉग में सीएसई के सतत खाद्य प्रणाली के कार्यक्रम निदेशक अमित खुराना ने जानकारी देते हुए बताया था कि जूनोटिक बीमारियों का खतरा जलवायु परिवर्तन के कारण और अधिक बढ़ गया है। उनके मुताबिक मनुष्यों में 60 फीसदी से अधिक संक्रामक रोग जूनोटिक हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जूनोटिक की वजह से 260 करोड़ लोग प्रभावित हो रहे हैं और साथ ही हर साल इनकी वजह से 30 लाख लोगों की जान जा रही है। जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के मुता. बिक कुछ जूनोटिक बीमारियां 2050 तक 12 गुणा ज्यादा लोगों की जान ले सकती हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के अनुसार इन बीमारियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर मंडराते इस खतरे को सीमित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की दरकार है।

**...साभार डीटीई**

# अमेरिकी एयरपोर्ट पर भारतीय छात्र को जमीन पर पटका, हथकड़ी लगाई

## स्टूडेंट चिल्लाता रहाः पागल नहीं हूं, भारत डिपोर्ट किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में एक भारतीय छात्र को न्यूयार्क एयरपोर्ट पर अपरा. धियों की तरह जमीन पटका गया और फिर हथकड़ी लगाकर भारत डिपोर्ट किया गया। भारतीय मूल के अमेरिका बिजनेसमैन कुनाल जैन ने रविवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। वो अपने सपनों को सच करने आया था, किसी को नुकसान पहुंचाने नहीं। एक एनआरआई होने के नाते, मैं खुद को कमजोर और टूटा हुआ महसूस कर रहा हूं। जैन के बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं, ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। उन्होंने आगे कहा-ये बच्चे वीसा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपना आने का



- जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की
- यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है, जब अमेरिकी सरकार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर सख्ती बढ़ा रही है

कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा-किसी को पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है, जब अमे. रिकी सरकार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर सख्ती बढ़ा रही है और बिना नोटिस के वीज़ा रद्द कर रही है। फलस्तीन के समर्थन से लेकर ट्रैफिक उल्लंघन तक, अलग-अलग वजहों से छात्र कानूनी मुश्किलों में पड़ जाते हैं। अमेरिकी सरकार ने दो हफ्ते पहले विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे लेकर एक आदेश जारी किया था। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना था। रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहा-वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहाः तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपॉइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विद. ेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है सरकार पहले ही इस आइवी लीग स्कूल के लिए 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मदद रोक चुकी है।



नई दिल्ली। चाणक्यपुरी स्थित संजय कैंप में गर्मी के दिनों में जल संकट के बीच टैंकर से पीने का पानी भरते और खेलते बच्चे।

## रूस ने 1212 यूक्रेनी सैनिकों के शवों को अदला-बदली स्थल पर पहुंचाया

**मॉस्को।** रूस ने इस्तांबुल समझौते के अनुसार सीमा के अदला-बदली स्थल पर यूक्रेन के 1212 सैनिकों के शवों पहुंचाया है। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्जेंडर जोरिन ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेट जनरल जोरिन, जो रूसी वार्ता समूह के प्रतिनिधि भी हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने संपर्क नहीं किया है, इसलिए शवों का स्थानांतरण और कैदियों की अदला-बदली अभी तक नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आदान-प्रदान की प्रक्रिया के लिए स्थल पर प्रतीक्षा कर रहे कुछ विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों ने शवों को ले जा रहे कुछ रेफ्जिरेटेड ट्रकों की जांच की है। लेफ्टिनेंट जनरल जोरिन ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के अधिक शवों वाली ट्रेनें जल्द सीमा की ओर बढ़ना शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि रूस अगले सप्ताह यूक्रेनी सैनिकों के शवों को स्थानांतरित करने के लिए यूक्रेन की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। यह घटना दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदली को लेकर चल रहे विवाद के बीच हुई।

## अमेरिका ने नहीं आने दिया 12 देशों के नागरिकों को, सात देशों पर आंशिक प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से 12 देशों के नागरिकों की एंट्री पर बैन लागू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 4 जून को इसे लेकर एक आदेश जारी किया था, जो आज 9 जून से लागू होगा।

12 देशों के अलावा 7 देशों के नागरिकों पर आज से आंशिक रोक लागू होगी। ये इमिग्रेशन और नान-इमिग्रेशन दोनों तरह के वीजा पर लागू होगी। ट्रम्प ने अपने इस फैसले के पीछे अमेरिकी लोगों की सुरक्षा और जान की हिफाजत का हवाला दिया था। ट्रम्प ने 4 जून को कहा था कि अमेरिका को ऐसे विद. ेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है जो आतंकवादी हमले करने, राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, नफरत फैलाने या इमिग्रेशन कानूनों का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। अमे.

### ट्रम्प ने सुरक्षा की दी दुहाई

**ट्रम्प ने 4 जून को कहा था कि अमेरिका को ऐसे विदेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है जो आतंक फैलाने की कोशिश करते हैं**




रिकी विदेश विभाग के मुताबिक पूर्ण बैन का मतलब है कि उस देश के अधिकतर नागरिकों का अमे. रिका में प्रवेश पूरी तरह से प्रति. बंधित होता है। इनमें टूरिस्ट वीजा, स्टूडेंट वीजा, वर्क वीजा और इमिग्रेंट वीजा चाहने वाले लोग शामिल होते हैं। वहीं, आंशिक बैन का मतलब है कि उस देश के नागरिकों पर कुछ खास प्रकार के वीजा या एंट्री पर रोक लगाई जाती है, बाकी पर नहीं। यानी इमिग्रेंट वीजा नहीं मिलेगा, लेकिन टूरिस्ट वीजा मिल सकता है। स्टूडेंट्स को परमिशन मिलेगी, लेकिन वर्क वीजा पर रोक रहेगी। ट्रम्प ने 4 जून को दूसरे देशों के नागरिकों को वीजा जारी करते वक्त सावधानी बरतने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि वीजा जारी करते वक्त ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे लोग अमेरिका न आ सकें, जो अमे. रिकियों या देश के हितों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# इमरान की 11 जून को रिहाई की उम्मीद

## पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने किया दावा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक शीर्ष नेता ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जल्द जेल से रिहा हो सकते हैं। उनकी इस बात से संकेत मिलता है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर आखिरकार खान के सामने झुक सकते हैं।

न्यूज एजेंसी 'पीटीआई' के मुता. बिक, पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने दावा किया अगस्त 2023 से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद इमरान खान को 11 जून को जमानत मिल सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ दिन पहले ही इमरान खान ने खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया था और जेल से ही राष्ट्रव्यापी आंदोलन का एलान किया था। गौहर का दावा उन खबरों के बाद भी आया है, जिनमें कहा गया कि इमरान की रिहाई को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है। हालांकि, इमरान खान ने खुद इन खबरों को सिरे से खारिज किया है। जनता में इमरान खान के लिए बढ़ते समर्थन और जेल से ही देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करने के उनके फैसले ने सेना प्रमुख असीम मुनीर पर दबाव बढ़ा दिया है। पहले से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते बैकफुट पर चल रहे मुनीर अब इमरान के सामने पीछे हटते दिख रहे हैं। हालांकि, इमरान खान ने अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं कहा है। लेकिन गौहर अली खान ने कराची के एआरवाई न्यूज के हवाले से कहा कि 11 जून का दिन इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों के लिए अहम होगा। गौहर ने यह भी स्पष्ट किया कि इमरान खान की रिहाई किसी भी समझौते के तहत नहीं होगी। इस्लामाबाद हाईकोर्ट पहले ही अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई

- हालांकि, इमरान खान ने खुद इन खबरों को सिरे से खारिज किया

को 11 जून तक के लिए टाल चुकी है। इमरान खान पर कई केस चल रहे हैं और वह अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। वह अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हैं।

उनकी पार्टी पीटीआई लगातार प्रदर्शन करती रही है, जिसमें नवम्बर 2024 में इस्लामाबाद की घेराबंदी भी शामिल थी। जनवरी 2024 में इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई थी। उन पर राज्य को मिले तोहफों को गैरकानूनी तरीके से बेचने का आरोप है। इमरान खान का असीम मुनीर से टकराव लंबे समय से चला आ रहा है। वह मुनीर पर उनकी सरकार गिरवाने और उन्हें जेल भिजवाने का आरोप लगाते हैं। खान का कहना है कि बुशरा बीबी की गिरफ्तारी भी मुनीर की निजी दुश्मनी का नतीजा है। उन्होंने इसे 'बदले की भावना' बताया था और कहा था कि जेल में उनकी पत्नी के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। गौहर अली खान का यह दावा कि खान को 11 जून को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में जमानत मिल सकती है, तब आया है जब इमरान ने हाल ही में खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया है।



# लॉस एंजिल्स में हिंसा, झंडे पर थूका, सैकड़ों गाड़ियां जलाई

## दुकानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लूट-पाट की

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में चल रहा प्रदर्शन बीते दो दिनों से हिंसक हो गया है। उपद्रवियों ने शहर की सड़कों को जाम कर, सैकड़ों गाड़ियों में आग लगा दी। दुकानों और शापिंग काम्प्लेक्स में लूट-पाट की है। शहर के एक चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे पर थूका और उसे जला दिया। कई इलाकों में उपद्रवियों ने सुरक्षाबलों पर पत्थर और पटाखे फेंके।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में हो रहे प्रदर्शनों को रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को आदेश दिया है कि जो लोग प्रदर्शन के दौरान मास्क पहन रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि अब से किसी भी प्रदर्शन में मास्क पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर में सरकार की आव्रजन नीतियों के

- मास्क पहनने वालों की तुरंत गिरफ्तारी का आदेश

खिलाफ 3 दिन से हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। उपद्रवियों ने पूरे शहर में कई सड़कों पर आगजनी की है। इस दौरान सैकड़ों गाड़ियों को आग के हवाले किया है। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी झंडे पर थूकते और जलाते भी नजर आए। प्रदर्शनकारी मास्क पहनकर सड़कों पर उतर रहे हैं ताकि वे सुरक्षा कैमरों से बच सकें। ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में फैली हिंसा और तोड़फोड़ के बाद वहां तैनात किए गए नेशनल गार्ड के जवानों की तारीफ भी की है। ये जवान आमतौर पर राज्य के गवर्नरों के आदेश पर बुलाए जाते हैं, लेकिन इस बार ट्रम्प ने खुद उनकी तैनाती कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शहर पर अवैध प्रवासियों का कब्जा है, इसे जल्द आजाद कराया जाएगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर एक्शन लेने की बात भी कही है।

# इजरायल ने ग्रेटा थनबर्ग के जहाज को कब्जे में लिया

**तेल अवीव।** इजरायल ने स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता और नोबेल पीस प्राइज विजेता ग्रेटा थनबर्ग और उनके जहाज को कब्जे में ले लिया है। सोमवार तड़के इजरायल की 5 स्पीड बोट्स ने जहाज को घेर लिया। इसके बाद सैनिकों ने जहाज पर चढ़कर उसे अपने कंट्रोल में ले लिया।

यह जहाज गाजा के लोगों के लिए राहत सामग्री लेकर जा रहा था। मैडलीन नाम के इस जहाज पर 12 लोग सवार हैं। सभी सेना की हिरासत में हैं। इस जहाज को गाजा की जगह इजरायल ले जाया गया। इन सभी कार्यकर्ताओं को अशदोद पोर्ट लाया गया है। यह इजरायल के पश्चिम में एक अहम पोर्ट है। गाजा से इसकी दूरी 27 किमी है। ग्रेटा थनबर्ग और बाकी लोगों को हमास



- हिरासत में लिए स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता इजरायली सेना हमास हमले का वीडियो दिखाएगी

के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का वीडियो दिखाया जाएगा। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना को यह आदेश दिया है। इजरायली सैनिकों के पहुंचने के बाद जहाज पर सवार सभी कार्यकर्ताओं ने इमरजेंसी से निपटने के लिए लाइफ जैकेट पहन लिए थे। काट्ज ने यह आदेश देते हुए खासतौर पर थनबर्ग का नाम लिया। उन्होंने कहा कि ग्रेटा और उनके हमास समर्थक साथियों को देखना चाहिए कि हमास असल में क्या है और उन्होंने कैसे इजरायल की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को मारा। 43 मिनट के इस वीडियो में दिखाया गया है कि हमले के दौरान किस तरह निर्दोष लोगों की हत्या की गई और उनके शवों के साथ क्या क्रूरता हुई। वीडियो की फुटेज आतंकवादियों के बाडीकैम से ली गई है और इसमें किसी भी फुटेज को सेंसर नहीं किया गया है।

# बम की धमकी के बाद गल्फ एयर विमान कुवैत में सुरक्षित उतरा

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया है। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के विमानन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी।

कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। बयान में कहा गया कि रविवार को सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और

- संदिग्ध को लिया हिरासत में

किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। साथ ही कहा गया कि यात्रियों को हवाई अड्डे के निर्दिष्ट लाउंज में ले जाया गया और उनकी हालत अच्छी है। डीजीसीए के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल राजी ने कहा कि इस घटना से हवाई अड्डे के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा और उड़ानें निर्धारित समय पर जारी रहीं। सुरक्षा टीमों ने मानक आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुरूप विमान की गहन जांच की और एहतियात के तौर पर यात्रियों को उतार दिया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बम की धमकी देने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है।

## अमेरिकी संसद में मस्क पर इशारा करते हुए स्पीकर की दो टूक

# मस्क के लिए कानून नहीं बदलूंगा

**वाशिंगटन।** स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कर दिया कि वह एलन मस्क के खिलाफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हैं। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के टैक्स और बजट विधेयक की आलोचना की थी, लेकिन जॉनसन ने कहा कि मस्क की आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने जीओपी-नियंत्रित कांग्रेस पर मस्क के प्रभाव को कम करके आंका।

एक टीवी शो में जॉनसन ने कहा कि मैं दुनिया के सबसे अमीर आदमी को खुश करने के लिए कानून नहीं बनाऊंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा मकसद मेहनत करने वाले आम अमेरिकियों की मदद करना है। जो अपने परिवारों के लिए प्रावधान करने और गुजारा करने की को. शिश कर रहे हैं। जॉनसन ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प के सरकारी दक्षता विभाग के पूर्व प्रमुख मस्क से कुछ टेक्स्ट संदेशों का आदान-प्रदान किया, जब



- मस्क पर स्पीकर ने कसा बड़ा तंज

मस्क ने जीओपी बिल को 'घटिया' कहा और कहा कि इससे अमिरेका का कर्ज और भी बढ़ेगा। मस्क ने कैपिटल हिल में मतदाताओं से इस बिल के खिलाफ वोट करने की अपील की, जो सदन से पारित होने के बाद सीनेट में लंबित है। मस्क की इस आलोचन से राष्ट्रपति ट्रम्प भी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मस्क के साथ अपने संबंधों को सुधारने की कोई इच्छा नहीं है। स्पीकर जॉनसन ने रिपब्लिकन नेताओं के खिलाफ डेमोक्रेट्स को फंड देने की मस्क की धमकियों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के किसी भी रिपब्लिकन सदस्य की ओर से कोई चिंता नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि लोग प्रतीक्षा करने और देखने का रवैया अपना रहे हैं। कुछ लोग उनके कुछ तर्कों से सहमत हो सकते हैं, लेकिन बाकी लोग समझते हैं कि यह एक बहुत ही रोमांचक कानून है। स्पीकर जॉनसन ने कहा कि मस्क को सही जानकारी नहीं है, और जो रिपोर्ट कहती है कि इस बिल से अमेरिका का कर्ज 2.4 ट्रिलियन डॉलर और बढ़ेगा, वह रिपोर्ट गलत आधार पर बनाई गई है। उन्होंने तर्क दिया कि कम टैक्स और खर्च की कटौती से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और इससे आगे चलकर घाटा भी कम हो सकता है।

# ईरान में सड़क पर कुत्ता घुमाने पर बैन

**तेहरान।** ईरान के 20 शहरों में पार्क या फिर सड़कों पर लोगों के कुत्ते टहलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सरकार ने यह कदम लोगों की सेहत, समाज में शांति और सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

यह बैन 6 जून से लागू हो गया है। एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि जो लोग इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह का नियम पहले 2019 में तेहरान में भी लागू किया गया था। अब यह इस्फहान और केरमान जैसे बड़े शहर में भी लागू हो गया है। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से कुत्ते पालने और उन्हें सार्वजनिक तौर पर

- लोगों की सुरक्षा के लिए 20 शहरों में नियम लागू

घुमाना एक विवाद का विषय रहा है। कुछ अधिकारी मानते हैं कि कुत्ते पालने की आदत पश्चिमी देशों की संस्कृति का हिस्सा है और इसे ईरानी संस्कृति के लिए खतरा माना जाता है। वहीं, कई धार्मिक नेता मानते हैं कि कुत्तों को छूना या उनकी लार से संपर्क में आना धार्मिक रूप से गंदा होता है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई ने 2017 में कहा था कि सिर्फ चरवाहों, शिकारी या सुरक्षा के लिए कुत्ता पालना सही है। हालांकि इन्हें लेकर कोई सख्त कानून नहीं है, जो कुत्तों को पालने से पूरी तरह रोके।